सुप्रभात
रांची, गुरुवार
20.06.2024
* * नगर संस्करण | पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net जेष्ठ, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 11 | अंक : 336




पुस्तकें जल सकती हैं पर ज्ञान नहीं : पीएम मोदी






## न्यूज डायरी

### झारखंड में स्कूलों की टाइमिंग फिर बदली

**रांची।** गर्मी को देखते हुए राज्य स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सभी स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव किया है। केजी से लेकर 12वीं तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 11.30 बजे तक चलेंगी। स्कूलों की नयी टाइमिंग सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक) और सभी निजी विद्यालयों में अगले आदेश तक लागू होगी। इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है।

### बोकारो के सुंदरम स्टील में आइटी रेड

**बोकारो।** रांची आयकर टीम ने बुधवार को बोकारो के औद्योगिक क्षेत्र के फेस 3 में स्थित सुंदरम स्टील प्राइवेट लिमिटेड में छापेमारी की। अधिकारियों ने आयकर से जुड़े दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। एक आयकर अधिकारी ने कहा कि जांच पूरी होने के बाद जानकारी साझा की जायेगी।

### वायनाड सीट से राहुल गांधी ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वायनाड सीट से इस्तीफा दे दिया है। वह रायबरेली और वायनाड दोनों सीटों से जीते थे। अब वायनाड सीट से प्रियंका गांधी उपचुनाव लड़ेंगी।

### धनबाद में सड़क हादसा चार लोगों की मौत

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर रात तेज रफ्तार हाइवा और कार की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गयी। मरनेवाले सभी कार में सवार थे। टक्कर में कार के परखच्चे उड़े गये।




## विधायकों के वेतन भत्ते में वृद्धि समेत 33 प्रस्तावों को कैबिनेट की मंजूरी

# झारखंड सरकार करायेगी जातिगत सर्वे

**कैबिनेट के फैसले**

- स्पीकर को प्रति माह 98000 वेतन और उपाध्यक्ष को 75000 प्रतिमाह, अन्य भत्ता अलग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** चंपई सोरेन सरकार ने मास्टर झारखंड में एक बार फिर स्ट्रोक खेला है। जातिगत सर्वेक्षण को चंपई कैबिनेट ने इसकी मंजूरी दे दी है। कार्मिक विभाग की देख-रेख में जातिगत सर्वेक्षण होगा। वहीं पुलिस अफसरों को अब प्रशंसा चिह्न दिये जायेंगे। सीएम की अध्यक्षता में बुधवार को हुए कैबिनेट की बैठक में 33 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गयी।

कैबिनेट की बैठक के बाद फैसलों की जानकारी देते हुए कैबिनेट विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने बताया कि झारखंड गृह रक्षा सेवा नियमावली 2022 में संशोधन की स्वीकृति दी गयी। झारखंड न्यायिक सेवा नियमावली 2024 के गठन को भी मंजूरी दी गयी।

### रिटायर्ड कर्मियों को प्रमोशन का फैसला

झारखंड राज्य में 24 दिसंबर 2020 से 10 अप्रैल 2023 तक जो प्रमोशन पर रोक लगाया गया था और इसके बाद 10 अप्रैल 2023 को हटाया गया था। इस दौरान सेवा निवृत हुए अधिकारियों को उनके रिटायरमेंट की तिथि से प्रमोशन देने का संकल्प जारी था। अब कैबिनेट में इसमें उस अवधि में रिटायर्ड कर्मचारियों को भी प्रमोशन देने का निर्णय लिया है।

### विधायकों को वेतन, भत्ता और सुविधा

विधायकों को अब 60000 प्रतिमाह वेतन, 80000 क्षेत्रीय भत्ता, 40000 सत्कार भत्ता एवं दैनिक भत्ता राज्य के अंदर 3000 राज्य के बाहर 4000 प्रति दिन 1 लाख रुपये लगभग प्रतिमाह मिलेंगे। विधायकों के निजी सहायक को 50,000 पर प्रतिमाह अनु सेवक को 30,000 प्रतिमाह कंप्यूटर लैपटॉप प्रिंटर का प्रावधान एक लाख रुपये सवारी भत्ता 5000 प्रतिमाह समाचार पत्र 3000 रुपये प्रतिमाह, होम लोन की सुविधा 60 लाख रुपया 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर, पेंशन 50,000 प्रतिमाह पेंशन में वार्षिक वृद्धि 5000 प्रतिमाह अधिकतम 2 लाख तक निजी परिसहाय पूर्व सदस्यों को एक निजी परिसहाय के लिये 15000 प्रतिमाह देय होगा। मुख्य सचेतक को 75000 प्रतिमाह उप सचेतक को 70000 रुपए प्रतिमाह सचेतक को 60000 प्रतिमाह मिलेगा। इन्हें सत्कार भत्ता 55000, क्षेत्रीय भत्ता 65000 प्रभारी भत्ता 3000 राज्य के अंदर 4000 राज्य के बाहर लगभग एक लाख रुपये प्रतिमाह कंप्यूटर की सुविधा 1,00,000 तक और होम लोन 60 लाख तक मिलेगा।

### टैक्स डिफाल्टरों के लिए वन टाइम सेटलमेंट

वंदना दादेल ने बताया कि कैबिनेट में टैक्स डिफॉल्टरों वाहनों के वन टाइम सेटलमेंट के लिए पेनल्टी माफी का भी प्रस्ताव की स्वीकृति दी गयी। राज्य में लगभग 4.83 लाख वाहन टैक्स डिफॉल्टरों की श्रेणी में हैं। इसके लिए विरूद्ध 2204 करोड़ का बकाया है। इनमें रोड टैक्स 763 करोड़ ओर पेनल्टी 1436 करोड़ है। रोड टैक्स का पूरा देना होगा,पेनल्टी 50 प्रतिशत देना होगा।

### नेता विरोधी दल को अब 85 हजार प्रतिमाह

विरोधी दल के नेता को अब प्रतिमाह 850000 वेतन, 95 हजार क्षेत्रीय भत्ता, सत्कार भत्ता 55000 पर प्रतिमाह, होम लोन 60 लाख तक और प्रभारी भत्ता राज्य के अंदर 3000 राज्य के बाहर 4000 मिलेगा। वहीं स्पीकर को वेतन 98000 प्रतिमाह, उपाध्यक्ष को 75000 प्रतिमाह, होम लोन 60 लाख रुपये तक 4प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर, प्रभारी भत्ता 3000 राज्य के अंदर और राज्य के बाहर 4000 प्रतिदिन लगभग 1 लाख रुपए प्रतिमाह, क्षेत्रीय भत्ता 80000 और सत्कार भत्ता 70000 और 55000 प्रतिमाह अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को दिया जायेगा।

## पाक में भारत का एक और बड़ा दुश्मन मारा गया

**कराची।** पाकिस्तानी सेना के रिटायर्ड ब्रिगेडियर आमिर हमजा की सीक्रेट शूटर्स ने गोली मारकर हत्या कर दी। वो अपने परिवार के साथ पंजाब सूबे के झेलम जिले में अपनी कार से जा रहा था। तभी दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार अज्ञात बंदूकधारियों ने लिल्लाह इंटरजेंच के पास उसकी कार को घेरा और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। उसकी पत्नी और बेटी घायल हो हैं। आमिर हमजा आइएसआइ का खूंखार जासूस और हिंदुस्तान का बहुत बड़ा दुश्मन था। ये यकीन करने के बाद कि आमिर हमजा मारा गया है, शार्प शूटर्स वहां से चले गये। 10 फरवरी, 2018 को जम्मू के सुनजुवान कैंप पर हुए हमले का मास्टरमाइंड था। उसके निर्देशन में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी सेना कैंप के फैमिली एरिया में दाखिल हो गये थे। 26/11 मुंबई हमले के आरोप में भी मौलाना आमिर हमजा मोस्ट वांटेड था। साल 2012 में इस खतरनाक आतंकी को अमेरिका ने वैश्विक आतंकी घोषित किया था।

## टेरर फंडिंग में अमन साहू के कई ठिकानों पर एनआइए रेड

**फॉर्च्यूनर जब्त, कई संपत्ति की जानकारी भी मिली**



(खबर मन्त्र ब्यूरो)

**रांची।** पलामू जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के खिलाफ एनआइए ने एक बार फिर दबिश दी। उसके बुढ़मू और ठाकुरगांव स्थित ठिकानों और उसके रिश्तेदारों के यहां बुधवार की सुबह एनआइए की टीम ने अचानक छापेमारी की। ये छापामारी टेरर फंडिंग को ले कर की गयी। जांच टीम को डिजिटल उपकरण के साथ-साथ अमन साहू की कई संपत्तियों की जानकारी मिली है। अमन साहू के बुढ़मू स्थित मतवे गांव में छापेमारी कर एक फॉर्च्यूनर को जब्त किया है। नौ फरवरी 2024 को भी बिहार के कई ठिकानों पर भी एनआइए ने छापेमारी कर अमन साहू के कई गुर्गों को गिरफ्तार किया था। पूरा मामला लातेहार के बालूमाथ स्थित तेतरियाखाड़ कोयला खान पर रंगदारी को ले कर हमले से जुड़ा हुआ है। (शेष 11 पर)

## झमाझम बारिश से राहत, मानसून का काउंटडाउन शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची समेत झारखंड में बुधवार को झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। गर्मी से झुलस रहे राज्यवासियों के लिए राहत की खबर है। झारखंड में मानसून का काउंटडाउन शुरू हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र का पूवार्नुमान है कि अगले दो-तीन दिनों में संताल के रास्ते मानसून झारखंड में दाखिल हो सकता है। 20 जून को कोल्हान और संताल परगना वाले हिस्से में कहीं-कहीं भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। इसे ले कर अलर्ट जारी किया गया है। (शेष 11 पर)






## मोदी कैबिनेट ने दी किसानों को बड़ी सौगात

# धान समेत 14 फसलों का बढ़ा एमएसपी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मोदी सरकार 3.0 की बुधवार को हुई दूसरी कैबिनेट ने किसानों को बड़ी सौगात दी है। केंद्र सरकार ने खरीफ सीजन 2024-25 के लिए धान, बाजरा, ज्वार, मक्का, रागी, अरहर, तिल और कपास समेत 14 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने की घोषणा की है। इसके साथ ही कैबिनेट की बैठक में 5 बड़े फैसले लिये गये। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक में लिये गये फैसलों की जानकारी दी। मंत्री ने कहा, पीएम मोदी का तीसरा कार्यकाल बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह किसानों के कल्याण के लिए कई फैसलों के माध्यम से बदलाव के साथ निरंतरता पर केंद्रित है। (शेष 11 पर)

### भारत की पहली पवन ऊर्जा परियोजना को मंजूरी



केंद्रीय मंत्री ने कहा, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत की पहली अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजना को मंजूरी देकर एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। ये 1 गीगावाट की अपतटीय पवन परियोजनाएं होंगी, जिनमें से प्रत्येक 500 मेगावाट (गुजरात और तमिलनाडु के तट पर) होगी। यह भारत के लिए एक बड़ा अवसर है। इसके साथ ही महाराष्ट्र के वधावन में हर मौसम में काम करने वाला ग्रीनफील्ड डीप-ड्राफ्ट प्रमुख बंदरगाह विकसित करने को भी मंजूरी मिली। मंत्री ने बताया कि महाराष्ट्र के पालघर जिले के दहानु में वधावन बंदरगाह के लिए 76,200 करोड़ रुपए की परियोजना को मंजूरी दी गयीई है। इसकी क्षमता 298 मिलियन टन होगी। इस बंदरगाह से 12 लाख रोजगार सृजित होने का अनुमान है।

### किसानों को मिलेंगे करीब 2 लाख करोड़

खरीफ सीजन की फसलों के लिए एमएसपी पर केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले पर सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, इस फैसले से किसानों को एमएसपी के रूप में लगभग 2 लाख करोड़ रुपये मिलेंगे। यह पिछले सीजन की तुलना में 35,000 करोड़ रुपए अधिक है।

# तापमान चार डिग्री सेल्सियस तक गिरा 22 जून तक मॉनसून कर जायेगा प्रवेश

**असम में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन का दिखेगा असर**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्यवासियों को पिछले दो दिनों के दौरान गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो राज्य के अधिकांश जिलों में पिछले 24 घंटे से बादल छाये हुए हैं। कुछ जिलों में बारिश भी हुई है। जिसका असर तापमान में देखा जा रहा है। पिछले 24 घंटे के दौरान तापमान में चार डिग्री तक की कमी दर्ज की गयी है। हालांकि राज्य में सक्रिय मानसून के आने में अभी भी तीन चार दिनों का इंतजार करना होगा। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 22 जून तक राज्य में मॉनसून का प्रवेश होगा। जिसके बाद लोगों को राहत मिलेगी। इधर असम में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन से देवघर, दुमका, गोड्डा, साहेबगंज, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, रामगढ़ और हजारीबाग में बारिश की संभावना है।

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद की मानें तो 19 से 22 जून तक राज्य में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की स्थिति बनी रहेगी। लोगों को हीटवेव से राहत मिलेगी। आने वाले दिनों में राज्य का औसतन अधिकतम तापमान 35 डिग्री, वहीं औसतन न्यूनतम तापमान 24 डिग्री तक होने की जानकारी दी गयी है।


**कार्यालय नगर परिषद रामगढ़**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि रामगढ़ नगर परिषद् द्वारा निकाले गए निविदा संख्या–NIT/RGH/NP/05/2024-25 जिसका PR No.- 325890 District (24-25)#D के द्वारा प्रकाशित की गइ है, जिसमें अपरिहार्य कारणों से आंशिक संशोधन करते हुए निविदा प्रपत्र Online भरने की अंतिम तिथि– 24.06.2024(अपराह्न 04:00 बजे) तक तथा निविदा खोलने की तिथि–25.06.2024 (अपराह्न 04:00 बजे) को निर्धारित किया जाता है।

प्रशासक
नगर परिषद रामगढ़

PR 326844 District(24-25)#D



**Jharkhand Education Project Council**

JSCA, Stadium Road, Sector-3, Dhurwa, Ranchi – 834004
Phone : 0651-2444501, 2444502, Fax – 2444506,
e-mail: jepcranchi1@gmail.com

Ref. No.: QU/40/27/2024/2063 Date: 15/06/2024

Short Term Notice
Expression of Interest
Corrigendum 1

With reference to RFP No. QU/40/27/2024/1966 Dated: 11.06.2024, RFP Document and Corrigendum can be seen at https://jepc.jharkhand.gov.in/.

PR No. 326065 (Jharkhand Education Project Council) 24-25 (D)

Sd/-
(Aditya Ranjan) State Project Director

PR 326878 Jharkhand Education Project Council(24-25)D



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग।**

**–:: निविदा रद्द संबंधी सूचना ::–**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत आमंत्रित निविदा Changing of 32mm dia G.I. Rotten Riser Pipe, Connecting Rod, C.I. Cylinder (Wherever Required) of Drilled Tube Well India Mark-II (IS:9301/1990) and depositing taken out old materials to departmental store etc. all complete job in Rural Areas under D W & S Division, Hazaribagh for the year 2023-24 on "Turn-Key Basis" जिसका P.R. No.:- 320813 Drinking Water and Sanitation (23-24):D है, को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
हजारीबाग।

PR 326914 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)



**कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़**
Email-ID-eemidramgarh24408@gmail.com

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय का पत्रांक 561 दिनांक 10.06.2024के द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या WRD/MID/RAMGARH F2 - 17/2023-24, Date :- 10/06/2024 को विभिन्न सामाचर पत्र में प्रकाशित हुआ। जिसका पी०आर० नम्बर–325902 Minor Irrigation (2024-25)D वर्ष 2023–24 है। जिसे निम्नांकित रूप से संशोधित किया जाता है:–

| क्रमांक | निविदा सूचना संख्या | योजना का नाम | संशोधित निविदा आमंत्राण संख्या एवं ई० निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | 03 | Construction of Check Dam on Salaiya Nala, Block-Tatijhariya, District-Hazaribagh | WRD/MID/RAMGARH F2 - 03/2024-25, Date :- 10.06.2024 Uploading Date:- 20.06.2024 |

नोट–निविदा की शेष सभी शर्तें एवं नियम यथावत लागू रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

PR 326903 Minor Irrigation(24-25)#D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
WATER WAYS DIVISION, RANCHI.
(Room N0-503, Jal Bhawan, Doranda-834002)
Email Id- eewwdranchi@gmail.com**

**e-Procurement Notice, [2nd Call]**

Re e-Tender Reference No. –WRD/WWD/RANCHI- 03/2024-25.
Date-18.06.2024
PR-319953

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of work | Repair of Canal Sections of Paras Main Canal |
| 2 | Estimated Cost (Rs) | Rs. 34,28,350.83 |
| 3 | Bid Security (Rs.) | Rs. 6,9000=00 (Online mode) |
| 4 | Cost of Tender Document | Rs. 5,000=00 ( Non-Refundable) (Online mode) |
| 5 | Time of Completion | 12 (Twelve) Months. |
| 6 | Availability of Tender On Line | 20.06.2024 From 02:00 PM |
| 7 | Bid Submission | From 20.06.2024, 02:00 PM to 11.07.2024 upto 03:00 PM |
| 8 | Date & Time of Opening of Bid | 12.07.2024, 04:00 PM |
| 9 | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Water Ways Division, Ranchi. |
| 10 | Contact No. of Procurement Officer | 9565759628 |

Note:-1.Only e-tender will be accepted. Details available on website https://jharkhandtenders.gov.in
2.Estimated Cost May vary. Online BOQ amount shall prevail.
3.Tender Fee and Earnest Money should be deposited through Online mode only as per WRD, Jharkhand letter no-907 dated-04.10.2023 and I.T. & e-Governance Dept. Jharkhand Letter no-120 dated-03.10.2023

PR 326860 Water Resource(24-25).D

Executive Engineer
Water Ways Division, Ranchi.


## सीएम ने नशा मुक्त झारखंड अभियान को मजबूती देने के लिए जागरूकता रथ किया रवाना

# नशा को बढ़ावा देने वालों को रोकें, नशे पर नियंत्रण से ही बनेगा बेहतर समाज : चंपई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीएम चंपई सोरेन ने कहा है कि झारखंड को नशा मुक्त प्रदेश बनाना है। इसमें हर किसी को सहभागिता निभानी होगी। सभी के प्रयासों से ही मादक और नशीले पदार्थों पर रोकथाम संभव है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में नशा मुक्त झारखंड बनने के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के क्रम में यह संकल्प दोहराया। इस अवसर पर सभी ने नशा मुक्त झारखंड अभियान के तहत एकजुट होकर स्वयं, परिवार और समाज को नशा से दूर रहने की शपथ ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे पर नियंत्रण की दिशा में जागरूकता रथ को रवाना किया जाना एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे नशे के दुष्प्रभाव के प्रति लोगों को जागरूक करने में मदद मिलेगी। लोग यह समझ सकेंगे की नशे की वजह से उनका कितना नुकसान हो रहा है और इससे कैसे बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि बेहतर समाज और बेहतर राज्य बनाने के लिए नशा पर नियंत्रण बहुत जरूरी है। शहर हो या गांव, हर किसी को नशे से दूर रहना होगा। जो नशा को बढ़ावा दे उसे भी रोकने के लिए हमें आगे आना होगा।

**6 जागरूकता रथ किये गये रवाना :** मुख्यमंत्री ने नशा मुक्त झारखंड बनने के लिये 6 जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । इसमें चार जागरूकता रथ रांची और एक–एक रामगढ़ और खूंटी जिले के लिये है । विदित हो कि राज्य के सभी जिलों में 19 से 26 जून तक नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रथ निकाले जा रहे हैं। ये सभी जागरूकता रथ शहर से लेकर सुदूर गांवों का भ्रमण करेंगे। इसके जरिए लोगों को नशे के दुष्प्रभाव और उससे बचाव से अवगत कराया जायेगा। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक जीगा सुसारण होरो, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, प्रधान सचिव वंदना दादेल और पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह समेत कई वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

### नशे से समाज में फैल रही कई विकृतियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि कि नशे की वजह से समाज में तरह–तरह की विकृतियां फैलती है। इससे युवाओं में अपराध की प्रवृत्ति बढ़ती है । परिवार में अलगाव की स्थिति पैदा होती। आपसी संबंधों में दरार आने लगता है। समाज गलत दिशा में आगे बढ़ने लगता है। सबसे बड़ी बात कि नशा का सेवन करने वालों के स्वास्थ्य पर इसका काफी नकारात्मक असर पड़ता है। शारीरिक और मानसिक बीमारियां उसे गिरफ्त में लेने लगती है। यह उस व्यक्ति के साथ उसके परिवार समाज और राज्य के लिए भी स्वस्थ नहीं है। ऐसे में युवाओं को नशा से दूर रहना होगा। यह तभी संभव है एजब उन्हें नशे के दुष्प्रभाव से अवगत किया जाएगा। उन्हें नशा के खिलाफ जागरूक करना होगा। इस कड़ी में इन जागरूकता रथों की भूमिका भी काफी मायने रखेगी।

## ग्रामीण विकास सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से की मनरेगा योजना की समीक्षा

# राज्य में नवंबर से पहले एक लाख कूप का निर्माण पूरा कर लें : के श्रीनिवासन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के ग्रामीण विकास सचिव के. श्रीनिवासन ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मनरेगा योजनाओं की समीक्षा की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में रांची समेत सभी जिलों के डीडीसी शामिल हुए। समीक्षा बैठक में सचिव ने कहा कि मनरेगा कोई योजना नहीं, बल्कि यह ग्रामीणों के लिए रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी उप विकास आयुक्तों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि मनरेगा से जुड़ी योजनाओं की पूरी तरह से निगरानी करें, ताकि वह धरातल पर दिखाई दे।

**अबुआ आवास योजना की पहली किस्त जारी :** ग्रामीण विकास सचिव को जानकारी दी गयी कि अबुआ आवास योजना के तहत पहले चरण में स्वीकृत किये गये 2 लाख आवासों के निर्माण की पहली किस्त की राशि जारी कर दी गयी है। उन्होंने आवास निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने लाभुकों की चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतने को कहा।

**योजना से स्वच्छ भारत मिशन की शौचालय निर्माण योजना को जोड़ें :** श्रीनिवासन ने कहा कि अबुआ आवास योजना से स्वच्छ भारत मिशन के शौचालय निर्माण योजना को जोड़ें। स्वीकृत अबुआ आवास योजना के साथ शौचालय निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू हो। उन्होंने अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत 75 तालाबों के जीर्णोद्धार या निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त जलछाजन योजना की भी समीक्षा की।

**वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में तेजी लाने का निर्देश** ग्रामीण विकास सचिव ने बिरसा हरित ग्राम योजना की समीक्षा करते हुए बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना अंतर्गत जिलों में शत प्रतिशत कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना के तहत इस वर्ष नवंबर के पहले एक लाख कूपों का निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

बैठक में मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में तेजी लाने का निर्देश दिया। आधार बेस्ड पेमेंट की कमजोर प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इसमें तय लक्ष्य के अनुसार सुधार लाया जाये। बैठक में संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग जितेंद्र कुमार देव सहित सभी जिलों के उप विकास आयुक्त और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### सीएम से मिले मेजर जेनरल परमवीर सिंह



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन से बुधवार को झारखंड मंत्रालय में मेजर जेनरल परमवीर सिंह डागर (विशिष्ट सेवा मेडल प्राप्त) जीओसी, 23 इन्फेंट्री डिवीजन दीपाटोली, रांची ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार और लेफ्टिनेंट कर्नल अनुज शर्मा मौजूद थे।

### शिक्षा विभाग ने स्कूलों का समय बदला

**रांची।** झारखंड के सभी जिलों में भीषण गर्मी पड़ रही है। इसे देखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सभी स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव किया है। केजी से लेकर 12वीं तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 11.30 बजे तक चलेंगी। स्कूलों की नयी टाइमिंग सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक) और सभी निजी विद्यालयों में अगले आदेश तक लागू होगी। झारखंड सरकार के संयुक्त सचिव ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है।

### छविरंजन समेत नौ आरोपियों की हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची।** बरियातू मौजा के सेना के कब्जेवाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद–बिक्री में संलिप्त निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन समेत नौ आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि कोर्ट से दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी है। इससे पूर्व ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में जेल में बंद आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख एक जुलाई निर्धारित की है। मामले में छवि रंजन के साथ बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, प्रदीप बागची, दलाल रिम्स कर्मी अफसर अली, इम्तियाज अहमद, सद्दाम हुसैन, तल्हा खान, फैयाज अहमद एवं अमित अग्रवाल न्यायिक हिरासत में है। मामले में जल्द ही आरोप तय किया जायेगा, लेकिन ईडी की ओर से पुलिस पेपर सौंपा गया है, उसमें से कुछ पेज ठीक से पढ़ा नहीं जा रहा है। आरोपियों की ओर से पुनः स्पष्ट पेपर की मांग की है।

### आरोपी विनोद सिंह की एबीपी पर आंशिक सुनवाई

**रांची।** बड़गाई अंचल से जुड़े 8.86 एकड़ जमीन घोटाले में चार्जशीटेड पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करीबी दोस्त आर्किटेक्ट बिनोद कुमार सिंह की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर बुधवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 8 जुलाई निर्धारित की है। उन्होंने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुये अदालत से अग्रिम जमानत की गुहार लगाई है। इसके लिये उनके अधिवक्ता ने 15 अप्रैल को याचिका दाखिल की है। मालूम हो कि ईडी ने जमीन घोटाले में जांच पूरी करते हुए हेमंत सोरेन के साथ बिनोद कुमार सिंह को भी सह अभियुक्त बनाया है। इसी के बाद से उनकी मुश्किलें बढ़ी हुई है। गिरफ्तारी के बचने के लिये अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है।

# साहिबगंज-मनिहारी फेरी सेवा के विज्ञापन और टेंडर को रद्द करने से हाई कोर्ट का इनकार, राज्य सरकार से मांगा जवाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** साहिबगंज-मनिहारी अंतरराज्यीय गंगा फेरी घाट के परिचालन के टेंडर के लिए निकाले गए विज्ञापन को रद्द करने को लेकर दायर रिट याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने टेंडर के लिए निकलने के विज्ञापन को रद्द करने एवं टेंडर प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार किया। मामले की अगली सुनवाई 11 जुलाई को होगी।

इससे पूर्व मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि करीब पांच समाचार पत्रों में इससे संबंधित विज्ञापन प्रकाशित किया गया है, प्रार्थी की दलील सही नहीं है। दरअसल, याचिका में कहा गया है कि टेंडर से संबंधित विज्ञापन बंगाल फेरी एक्ट 1885 के नियमानुसार नहीं है। उक्त फेरी घाट के टेंडर से संबंधित विज्ञापन समाचार पत्रों में 15 दोनों पूर्व समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाना चाहिए था, लेकिन यहां ऐसा नहीं किया गया। इसलिए टेंडर के विज्ञापन को रद्द कर फ्रेश विज्ञापन जारी किया जाए।

प्रार्थी अंकुश यादव उर्फ अंकुश राजहंस की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव प्रशांत एवं अधिवक्ता पार्थ जालान ने पैरवी की। बीते मंगलवार को इस मामले की जल्द सुनवाई का आग्रह प्रार्थी की ओर हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष किया गया था। प्रार्थी की ओर से कहा गया कि उक्त फेरी घाट के टेंडर को लेकर विज्ञापन 6 जून को निकाला गया। जबकि टेंडर की तिथि 19 जून निर्धारित की गई है। इसलिए विज्ञापन नियमानुसार नहीं है। बता दें कि याचिका में कहा है कि साहेबगंज जिला प्रशासन ने कुछ खास लोगों फायदा पहुंचाने के लिए नियमानुसार टेंडर का विज्ञापन जारी नहीं किया है।

### 11वीं जेपीएससी परीक्षा में ओएमआर शीट रद्द करने वाली याचिका खारिज

**रांची।** जेपीएससी 11वीं की पीटी में जेपीएससी द्वारा अभ्यर्थी के ओएमआर शीट रद्द करने के खिलाफ दायर याचिका झारखंड हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। मामले में कोर्ट ने पूर्व में प्रार्थी मयंक कुमार सिंह के लिए पीटी परीक्षा में एक सीट सुरक्षित रखने का आदेश जेपीएससी को दिया था। पीटी की परीक्षा के दौरान प्रार्थी ने रोल नंबर भरने वाले गोल स्थान में एक अंक भरने में गलती कर दी थी, जिसे उसने परीक्षा के दौरान सुधार कर दिया था। पीटी रिजल्ट घोषित किया गया तो अभ्यर्थी मयंक कुमार सिंह को अनारक्षित श्रेणी में 292 अंक प्राप्त हुए थे जबकि कट ऑफ अंक 244 ही था।

## राज्य सरकार पर जनता को बेवकूफ बनाने का लगाया आरोप

# भाजमो 30 सीटों पर लड़ेगा विस चुनाव : सरयू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संरक्षक सह विधायक सरयू राय ने कहा है कि राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। इसके बावजूद विपक्ष भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाने में विफल रहा है। जाहिर है कि सरकार और विपक्ष दोनों ही जनभावना के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। वह बुधवार को डोरंडा में भारतीय जनतंत्र मोर्चा की कोर कमेटी में अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपना खजाना चुनाव आने पर खोला। अब बड़ा सवाल यह है कि सरकार अब पैसा कहां से लायेगी। बजट में तो है ही नहीं। झारखंड का हर जिम्मेदार नागरिक जानता है कि इस सरकार पर भ्रष्टाचार के छींटे हैं, बावजूद अलग-अलग धड़ों में बंटा विपक्ष भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाने में अब तक विफल रहा है। स्थानीय नीति, रोजगार और आरक्षण जैसे मुद्दे रह-रह कर उठाये जाते हैं। इन मुद्दों को उठाने का मकसद जनता को सिर्फ बेवकूफ बनाना होता है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में तकरीबन 30 सीटों पर प्रत्याशी खड़ा करेगी।

उन्होंने कहा कि शराब घोटाला आज का घोटाला नहीं है। यह 2015 से ही चल रहा है। 2015 से ही खनन घोटाला भी चल रहा है। कई मामलों मे चार्जशीट मे 2015 से अब तक का जिक्र है, पर उस समय के लोगों को संवैधानिक पद दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनतंत्र मोर्चा के पदाधिकारी 15 जुलाई से 15 अगस्त तक सभी नगरपालिका, विधानसभा क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे और लोगों के फीडबैक के आधार पर प्रदेश स्तर का घोषणा पत्र तैयार करेंगे। विधानसभा चुनाव स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित होगा। हम लोग राज्य की जनता को तीसरा विकल्प देंगे।

### हमारे कार्यकर्ता विस चुनाव के लिए तैयार : धर्मेंद्र

मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि रांची लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के अलावा नौ केंद्रीय मंत्री तथा कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों को चुनाव प्रचार करना पड़ा। इससे आप अंदाजा लगायें कि रांची लोकसभा क्षेत्र में चुनाव कैसे हुए थे। आज की तारीख में हमारे कार्यकर्ताओं में विस चुनाव के लिए जोश खरोश तो है ही, दम और खम भी है। मोर्चा के उपाध्यक्ष पीएन सिंह ने कहा कि हर बार का चुनाव कुछ नया सिखा कर जाता है। मोर्चा के केंद्रीय महासचिव आशीष शीतल मुंडा ने सुझाव दिया कि हर विधानसभा में पांच पांच बेदाग उम्मीदवारों की सूची तैयार करनी चाहिये। यह भी सुझाव दिया कि सभी जिलों में जिला सम्मेलन आयोजित कर संगठन का विस्तार करना उचित होगा।

# गांवों के जागरूक मतदाताओं का आभार जताना हमारा फर्ज : सुदेश

**आभार यात्रा**

**आज डुमरी और गिरिडीह में आभार यात्रा का आयोजन**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/धनबाद।** चुनावों में दूरदराज के गांवों के मतदाता जिस उत्साह और उम्मीदों के साथ मतदान में हिस्सा लेते हैं उनके प्रति आभार प्रकट करना हमारा फर्ज बनता है। कठिन परिस्थितियों में जीवन जीने और सबसे ज्यादा मेहनत करने वाले जागरूक मतदाताओं की भावना समझने हम निकले हैं। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने टुंडी विधानसभा अंतर्गत टुंडी पूर्वी के पांडुवा गांव स्थित शिव मंदिर प्रांगण में आभार सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आभार यात्रा के जरिए हम सिर्फ मुख्यालयों को ही नहीं दूर दराज के गांवों में रहने वाले ग्रामीण जिन्होंने ने इस लोकसभा चुनाव में पुनः हमें अपना प्यार और आशीर्वाद दिया है उसके लिए हम उनके गांव पहुँचकर उनका आभार प्रकट कर रहे हैं। गांव में पहुँचकर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ ही वहां की समस्यओं से भी रूबरू हो रहे हैं। विकसित राज्य की कल्पना विकसित गांव के बिना अधूरी है। उन्होंने उपस्थित सभी मतदाताओं के प्रति गिरिडीह लोकसभा में चंद्र प्रकाश चौधरी की जीत सुनिश्चित करने के लिए आभार प्रकट किया।

सुदेश महतो ने कहा गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारी जिम्मेदारी है। पिछले कार्यकाल के बचे हुए विकास कार्यों को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने के साथ जनहित से जुड़े विकास की नई परियोजनाओं को गिरिडीह में लाने की दिशा में तेजी के साथ काम किया जाएगा। मौके पर केंद्रीय उपाध्यक्ष उमाकांत रजक, मुख्य केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, महासचिव संजय रंजन, तरूण गुप्ता, संतोष महतो, संजीव महतो, हलधर महतो, अनुप पाण्डेय, भाष्कर ओझा उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

### न्यूनतम मजदूरी जल्द मिले : डॉ अजय कुमार



जमशेदपुर। कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य और जमशेदपुर के पूर्व सांसद एवं आईपीएस डॉ अजय कुमार ने झारखंड के सीएम चंपई सोरेन को पत्र लिख अनुरोध किया कि प्रदेश के लाखों श्रमिकों के हित में न्यूनतम मजदूरी अब लागू की जानी चाहिए। डॉ अजय ने कहा कि प्रदेश के लाखों श्रमिक परिवारों का जीवन निर्वाह राज्य सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से होता है और वर्तमान विकट महंगाई के दौर में इन मजदूरों को मजदूरी ना मिलने से श्रमिक परिवारों के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गयी है।

### बीआईडब्ल्यू क्षेत्र से देबाशीष ने नामांकन वापस लिया

जमशेदपुर। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन में चल रहे चुनावी प्रक्रिया में चुनाव पदाधिकारी के समक्ष शरीर उपस्थित होकर बी आई डब्ल्यू क्षेत्र के देवाशीष सतपति ने अपना नामांकन वापस लिया। इसके उपरांत बी आई डब्ल्यू चुनाव क्षेत्र से एक प्रत्याशी सुनील सिंह रहे गये है। वहीं एचवीटीएल के चारों प्रत्याशी संतोष कुमार, अब्दुल रउफ, वी के महतो, उपेंद्र कुमार चुनाव मैदान मे डटे है। कल बैलेंस पेपर का नमूना प्रत्याशियों को दिया जाएगा एवं 21 तारीख को मतदान की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उसके उपरांत वोटों की गिनती पर्यवेक्षक के द्वारा करायी जायेगी।

### 100 घंटे का सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का समापन कल



जमशेदपुर। पतंजलि योग परिवार पूर्वी सिंहभूम द्वारा साकची गांधी घाट में चल रहे 100 घंटे का विशेष सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का समापन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को होगी। पतंजलि सोशल मीडिया जिला प्रभारी नरेंद्र कुमार ने बताया की 2 जून से प्रारंभ सह योग शिक्षकों के लिए विशेष योग प्रशिक्षण शिविर 21 जून को समाप्त होगी। प्रशिक्षण शिविर का नेतृत्व पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी अजय कुमार झा कर रहे हैं शिविर में 50-60 की संख्या में योग साधक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शिविर में प्रातः 5 से 8 बजे तक 3 घंटे का ऑफलाइन व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा संध्या 5 बजे से 7 बजे तक 2 घंटे का सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से सुप्रशिक्षित योगाचार्य द्वारा योग, यज्ञ, आयुर्वेद, भारतीय संस्कृति प्राकृतिक चिकित्सा, एक्यूप्रेशर, घरेलू उपचार, भागवत गीता और योग दर्शन से संबंधित व्यावहारिक और सैद्धांतिक ज्ञान दिया जा रहा है। शिविर के सफल संचालन में पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी कृष्ण कुमार, युवा प्रभारी रवि नंदन, यज्ञ प्रभारी आशुतोष झा, वरिष्ठ महिला योग शिक्षिका आरती सिन्हा, सोशल मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार और पतंजलि के कार्यकर्ता अथक परिश्रम कर रहे हैं।

### करण गोराई पहुंचे भगवान बिरसा के गांव



जमशेदपुर। समाजसेवी करण गोराई ने उलीहातु भगवान बिरसा मुंडा जी के जन्म स्थल पर जाकर भगवान बिरसा मुंडा जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं नमन किया और उनके परिवार के सदस्य सुखराम मुंडा से मिलकर दु:ख सुख जाना और भगवान बिरसा मुंडा जी के जीवनी कथा को सुना। साथ में उनके सहयोगी संजय कुमार सेन, डॉ सत्या नारायण मुर्मू, राहुल सिंह, मंटू प्रामाणिक, प्रदिप गोराई, दिनबंधु सिंह, आकाश रजक आदि थे।

# बिजनेस में सफल होने के दो ही फंडे, हमेशा कस्टमर की सुनें और समस्याओं से करें बेहद प्यार : पारितोष आनंद

- एक्सएलआरआई पीजीडीएम (जीएम) ने कराया सीएक्सओ सीरिज का आयोजन
- चीफ डेटा साइंटिस्ट, रिलायंस के व्याख्यान से छात्र-छात्राएं लाभान्वित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। एक्सएलआरआई जमशेदपुर में पीजीडीएम (जीएम) की ओर से सीएक्सओ सीरिज का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चीफ डेटा साइंटिस्ट व डिजिटल प्लेटफॉर्म के हेड पारितोष आनंद ने हिस्सा लिया. श्री आनंद ने समस्या-समाधान के लिए एक डमी गाइड: कुछ सिद्धांत जिन्होंने मेरे करियर में मेरी मदद की, विषय पर अपनी बातों को प्रस्तुत किया। इस सत्र में 100 से अधिक छात्रों के साथ-साथ एक्सएलआरआई प्रबंधन के सदस्यों ने हिस्सा लिया।

इससे पूर्व प्लेसमेंट के संयोजक (बीएम, एचआरएम और जीएम) प्रोफेसर डॉ ए कनगराज ने अतिथि वक्ता पारितोष आनंद का स्वागत किया। अपने संबोधन में श्री आनंद ने व्यापार जगत में डिजिटलीकरण समेत कई प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कहा कि तेल और गैस



व्याख्यान के बाद छात्र-छात्राओं के साथ पारितोष आनंद।

उद्योग, जो अपनी कठोरता के लिए जाना जाता है, डिजिटलीकरण के माध्यम से महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। पिछले दशक में, डिजिटल प्रौद्योगिकियों में प्रगति ने रिलायंस जामनगर रिफाइनरी में प्रक्रियाओं में क्रांति ला दी है, संचालन को सुव्यवस्थित किया है और मूल्य श्रृंखला में दक्षता बढ़ाई है. श्री आनंद ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव पर भी बात की।

श्री आनंद ने व्यवसायों पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के परिवर्तनकारी प्रभाव को रेखांकित किया। आपूर्ति श्रृंखलाओं को अनुकूलित करने से लेकर पूवार्नुमानित रखरखाव तक, एआई इस बात को नया आकार दे रहा है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी कंपनियां अपने संचालन का प्रबंधन कैसे करती हैं, जिससे उच्च उत्पादकता और कम डाउनटाइम सुनिश्चित होता है। ऊर्जा, सामग्री, खुदरा, मीडिया और डिजिटल सेवाओं (जियो ) सहित रिलायंस इंडस्ट्रीज के विविध व्यापार क्षेत्रों पर चर्चा करते हुए आनंद ने मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे व्यवसाय ग्राहकों की बढ़ती जरूरतें पूरा करने और प्रतिस्पर्धी बाजारों में वफादारी बढ़ाने के लिए एकीकृत उत्पादों और सेवाओं की पेशकश की जा रही है।

इस दौरान श्री आनंद ने समस्या-समाधान के लिए दो महत्वपूर्ण मंत्र दिया जिसमें पहला मंत्र है धैर्यपूर्वक सुनना। कहा कि सूचना की अधिकता के युग में, दूसरे लोगों की बात सुनना किसी महान कार्य से कम नहीं है। कोई व्यवसाय केवल ग्राहकों, कर्मचारियों और हितधारकों की बात सुनकर ही आगे बढ़ सकता है। दूसरा मंत्र है समस्या से प्यार करना। हर कोई समाधान देने को उत्सुक है। लेकिन समस्या से प्यार करके, हम मुद्दे के प्रत्येक पहलू का आकलन कर सकते हैं और चुनौती से निपटने के लिए अंतर्दृष्टि के साथ आ सकते हैं। दूसरे दिन, टीमों में काम करने वाले छात्रों ने कृषि, महिला सशक्तिकरण और शिक्षा क्षेत्र के क्षेत्र में अपने समस्या-समाधान कौशल का प्रदर्शन किया।

## क्लीनिकल कार्डियो डायबिटीज सोसायटी ऑफ इंडिया का अधिवेशन 21 से

# मधुमेह रोगियों में हार्ट फेल्योर की संभावना ज्यादा : विशेषज्ञ

- डायबिटीज के नये ट्रेंड और इलाज पर होगी विस्तार से चर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। 21 से 23 जून तक होटल वेव इंटरनेशनल रिसोर्ट में क्लीनिकल कार्डियो डायबिटीज सोसाइटी ऑफ इंडिया बिहार एवं झारखंड का आठवां वार्षिक अधिवेशन होने जा रहा है। हृदय और मधुमेह की बीमारी में बड़ा घटक संबंध है इसकी वजह से 32% मधुमेह के मरीजों में हृदय संबंधी बीमारी पनप जाती है जो आगे मौत का कारण बनती है।

उक्त जानकारी अधिवेशन की आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ उमेश खान आयोजन सचिव डॉक्टर सतीश कुमार प्रसाद, साइंटिफिक चेयरपर्सन डॉ ए के विरमानी और डॉक्टर एक पाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में संयुक्त रूप से दी। डॉ उमेश खान ने बताया कि अमेरिकन डायबिटीज एसोसिएशन की एक रिपोर्ट में दिल की असफलता यानी हार्ट फेल्योर को मधुमेह की एक जटिलता के रूप में मान्यता दी गई है। मधुमेह वाले रोगियों में इसका प्रसार 22% तक है और इसका प्रतिशत हर वर्ष बढ़ रहा है। सामान्य लोगों की तुलना में मधुमेह रोगियों में हृदय संबंधी बीमारी चार गुना बढ़ जाती है हार्ट ब्लॉक की संभावना भी बढ़ जाती है अतः मधुमेह को नियंत्रित रखना अत्यंत आवश्यक है।



संवाददाता सम्मेलन में उपस्थित बायें से डॉ सतीश कुमार प्रसाद, डॉ एके बिरमानी, डॉ उमेश खान और डॉ एके पाल।

डॉ सतीश कुमार प्रसाद ने बताया कि इस अधिवेशन में देश के विभिन्न प्रांतो से करीब 150 चिकित्सा विशेषज्ञ भाग लेंगे। वरिष्ठ चिकित्सकों में कोलकाता से डॉक्टर सुजय मजूमदार, मुंबई से डॉक्टर सुरेश पुरोहित, वाराणसी से डॉक्टर मधुकर राय, लखनऊ से डॉक्टर नरसिंह वर्मा, पटना से डॉक्टर अभिषेक कुमार और भुवनेश्वर से डॉक्टर एके पदिहारी अधिवेशन के आकर्षण हैं। अधिवेशन के दौरान मधुमेह विशेषज्ञ और हृदय रोग विशेषज्ञ विभिन्न जानकारियां का आदान-प्रदान करेंगे और शोध की प्रस्तुति होगी। क्लीनिकल कार्डियो डायबिटीज सोसाइटी ऑफ इंडिया के संस्थापक डॉक्टर ए.एन. राय इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित होंगे बल्कि वह उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भी हैं । मेडिकल कॉलेज के पीजी के स्टूडेंट भी सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और उन्हें वरिष्ठ चिकित्सकों से काफी कुछ सीखने को मिलेगा।

डॉ विरमानी ने उम्मीद जाहिर की की सम्मेलन के उपरांत जो मुख्य निर्णय होंगे वह चिकित्सकों के साथ-साथ रोगियों के लिए भी लाभप्रद होगा। इससे लोगों में मधुमेह नियंत्रण के प्रति जागरुकता आएगी और हृदय की बीमारियों को नियंत्रित किया जा सकेगा और मृत्यु दर कम होगा। अधिवेशन का उद्घाटन 21 की शाम 7 बजे होगा।

## टांगराईन स्कूल के बच्चों ने देखी फिल्म 'फूली'

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



जमशेदपुर। उत्क्रमित मध्य विद्यालय, टांगराईन के 30 बच्चों ने आज पीएम मॉल पहुंचकर फिल्म 'फूली 'देखी। यह फिल्म ड्रॉप आउट की समस्या से जूझती एक बच्ची की मोटिवेशनल कहानी पर है। टांगराईन स्कूल के प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी ने बताया कि फिल्म देखने वालों में शामिल अधिकांश बच्चे और बच्चियां ड्रॉपआउट की समस्या से जूझ रहे हैं। फिल्म देखने में शामिल सभी बच्चों की पृष्ठभूमि लगभग फूली के जीवन की पृष्ठभूमि की तरह है। शिक्षा की समस्या पर आधारित फिल्में कम बनती हैं। फूली इस कमी को दूर करती है। उन्होंने फिल्म के निर्माता मनीष कुमार और निर्देशक अविनाश ध्यानी के प्रति आभार जताया कि उन्होंने इतने महत्वपूर्ण और संवेदनशील विषय को चुना है। बच्चों को फिल्म दिखाने में कुमार गौरव संजय शर्मा और अरुण अभिज्ञान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

## न्यूनतम मजदूरी की अधिसूचना जल्द लागू करे सरकार : राकेश्वर पांडेय

- श्रम सचिव से रांची जाकर मिला ट्रेड यूनियन नेताओं का प्रतिनिधिमंडल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच का एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड के मजदूर वर्ग की विभिन्न समस्याओं को लेकर श्रम विभाग के सचिव मुकेश कुमार से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में न्यूनतम मजदूरी की अधिसूचना जारी होने के बाद उसे लागू करने में हो रही देरी को लेकर विभाग का ध्यानाकर्षण किया। इसके अलावा ठेका मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी जल्द तय करने, 980 ट्रेड यूनियनों का रेजिस्ट्रेशन रद्द करने




श्रम सचिव से मिलते ट्रेड यूनियन नेतागण।

के बाद पुनः रजिस्ट्रेशन में हो रही देरी, स्कीम वर्कर्स, आउटसोर्सिंग और गिग क्षेत्र में मजदूर वर्ग के अधिकारों को सुनिश्चित करने पर भी बात रखी गयी। कंस्ट्रक्शन एवं असंगठित मजदूरों के वेलफेयर बोर्ड एवं ईएसआई, न्यूनतम मजदूरी की कमिटीयों में श्रमिक पक्ष के उचित भागीदारी का सवाल भी उठाया गया। साथ ही, झारखंड में केंद्र सरकार के दबाव पर लेबर कोड की नियमावली बनाने एवं उसे लागू करने को लेकर राज्य के कर्मचारियों एवं मजदूरों की आशंका से भी सचिव को अवगत कराया गया।

## डीडीसी मनीष ने नशामुक्ति जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर 19-26 जून तक जिले में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा। नशामुक्ति अभियान को लेकर जिलेवासियों को जागरूक करने के उद्देश्य से समाहरणालय से डीडीसी मनीष कुमार ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को शराब तथा नशापान के



जागरूकता रथ को रवाना करते डीडीसी व अन्य पदाधिकारी।

अन्य व्यसनों को छोड़ने के लिए प्रेरित किया जायेगा। लोगों को इससे होने वाले दुष्प्रभाव की भी जानकारी दी जायेगी, जिसका सीधा प्रभाव घर, परिवार और स्वास्थ्य पर पड़ता है, जो पूरी तरह हानिकारक है। मौके पर उपस्थित लोगों ने नशापान से दूर रहने की शपथ भी ली। निषिद्ध मादक पदार्थों का दुरुपयोग को कम करने, इसके व्यापार मे संलिप्त तस्करों तथा उपयोकर्ताओं के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

## साइबर क्राइम के प्रति जन जागरूकता अभियान चला रही साइबर पीस फाउंडेशन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



जमशेदपुर। आज के दिन साइबर क्राइम एक ज्वलंत मुद्दा है। सारा देश में लाखों लोगो को ठगा जा रहा है पढ़े लिखे लोग हो या कम पढ़े लिखे लोग।करोड़ों लोग मोबाइल का यूज करते है और इस मोबाइल के जरिए लोगो को ठगा जा रहा है। समाजसेवी तथा सांस्कृतिक कर्मी पूरबी घोष ने कैसे इन लूटेरो से अपना परिश्रम का पैसा बचाया जा सके इसका जागरूक अभियान चला रही है साइबर पीस फाउंडेशन के माध्यम से। आज सोनारी योगा मेडिटेशन सेंटर में सुबह साइबर पीस फाउंडेशन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे करीब 50 महिलाओ ने भाग लिया।इस कार्यक्रम में ट्रेनर अंतरा बोस जी एवं प्रोग्राम क्रोऑर्डिनेटर श्री तारक दास थे और कार्यक्रम का संचालन पूरबी घोष ने की।

# परंपरागत पैटर्न पर ही सिखों ने डाले वोट : गुरदीप पप्पू

- पुरानी गोलबंदी बरकरार, मोदी मैजिक व विद्युत की सादगी पर पड़ा वोट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। जमशेदपुर लोक सभा 2024 में सिख मतदाताओं का वोटिंग पैटर्न परंपरागत ही रहा है। साल 1984 के बाद से इन्हें कांग्रेस विरोधी माना जाता रहा है और इसका लाभ भाजपा को मिलता रहा है। इस बार भी अपवाद नहीं रहा है और सिखों ने भाजपा उम्मीदवार को निराश नहीं किया।

कई मुद्दों का हवाला देते हुए गिनती के सिख नेताओं ने भाजपा को शहरी इलाके में घेरने की कोशिश की परंतु नाकाम साबित हुए। यहां एक तो देश में मोदी मैजिक बरकरार था वहीं विद्युत वरण महतो की सादगी विरोधियों पर भारी पड़ गयी।

लोकसभा चुनाव में झारखंड सिख विकास मंच के संस्थापक गुरदीप सिंह पप्पू भाजपा के युवा नेताओं के साथ दिखे और इन्होंने जमकर मेहनत की और इसका परिणाम भी पक्ष में आया। पप्पू ने कहा कि चुनाव आयोग ने चुनावी परिणाम को सार्वजनिक कर दिया है और उससे प्राप्त आंकड़ों के



आधार पर हमारे समेत, सतवीर सिंह सोमू, जोगिंदर सिंह जोगी, मनजीत गिल, चंचल भाटिया, चिंटू सिंह, नवजोत सिंह सोहल, रॉकी सिंह, इंदर सिंह इंदर, जत्थेदार कुलदीप सिंह, रविन्द्र सिंह रिंकू, दलजीत सिंह सरीखे नेता बम बम हैं।

गुरदीप पप्पू व साथियों ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर इन्होंने सिख बहुत इलाकों में भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो को मिले सिख मतों के आधार पर समुदाय के प्रति आभार जताया है। उन्होंने बताया कि टूइलाडूंगरी, नामदा बस्ती, 10 नंबर बस्ती, मनीफीट, जेम्को, साकची गुरुद्वारा बस्ती, बिरसानगर, फौजा बगान, रिफ्यूजी कॉलोनी, अर्जुन बागान के बूथ पर भाजपा प्रत्याशी को जितने मत मिले हैं। उसके अनुपात में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी समीर कुमार महंती को दस से पंद्रह प्रतिशत मत ही हिस्से में आए हैं। यह बीजेपी विरोधी मुख्य पार्टी को प्राप्त होने वाला वही ट्रेंड है, जो 1985 से दिख रहा है।

## एक नजर में

### पार्षद गीतांजलि व माणिक ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



पटमदा। झामुमो बोड़ाम प्रखंड कमेटी के तत्वावधान में बुधवार को बोड़ाम बाजार में विधायक प्रतिनिधि छुटुलाल हांसदा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने आजसू पार्टी से इस्तीफा देकर झामुमो का दामन थामने वाले बोड़ाम की जिला पार्षद गीतांजलि महतो व माणिक महतो का गाजे-बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं को फूलमालाओं से लाद दिया। इस दौरान दोनों नेताओं ने कार्यकताओं के साथ पूरे बाजार में पदयात्रा करते हुए शहीद निर्मल महतो, बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर व बिरसा मुंडा के मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि छुटुलाल हांसदा, विनय मंडल, रूप नारायण मोदक, श्याम सुंदर सिंह, कृष्णपद महतो, विद्याधर गोराई, श्यामा पद रजक, रेवती गोप, मतिलाल महतो, काजल सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### यूसील प्रबंधन और विस्थापित संघ के बीच बनी सहमति



जादूगोड़ा। यूसील प्रबंधन व स्थानीय संयुक्त विस्थापित बेरोजगार संघ के बीच आज जादूगोड़ा यूसील कॉलोनी की स्टेट ऑफिस में बैठक हुई। इधर, इस बैठक में एक ही विस्थापित परिवार से कई लोगों की नौकरी की दावेदारी को जल्द सुलझाने पर सहमति बनी ताकि नियोजन प्रक्रिया को गति दी जा सके। अगली बैठक 22 जून की जादूगोड़ा में बुलायी गयी है। बैठक की अध्यक्षता कंपनी के मैनेजर डी हांसदा ने की। बैठक के बाद विस्थापित नेता कुशल सोरेन व मंगल सोरेन ने कहा कि नियोजन को लेकर कंपनी की अगली कदम की जानकारी हर 15 दिनों में साझा की संघ के अध्यक्ष कुशल सोरेन, महासचिव दुर्गा माहली उपाध्यक्ष मंगल सोरेन सचिव धार्मू टुडू, संगठन सचिव दिकू माझी व मीडिया प्रभारी सूरज पात्रो व सीताराम माहली भी थे।

### आनंदमार्ग के शिविर में 20 यूनिट रक्तदान, 50 पौधे बांटे



जमशेदपुर। कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन हादसे में मृत लोगों की स्मृति में आनंदमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल की ओर से जमशेदपुर ब्लड बैंक के सहयोग से एक दिवसीय 108वां रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें आदित्यपुर, गम्हरिया एवं कांड्रा के 20 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान 50 पौधे भी बांटे गये। मौके पर आनंदमार्ग के सुनील आनंद ने कहा कि निस्वार्थ भाव से रक्तदान करने वाले रक्तदाता ईश्वर कोटि के होते हैं क्योंकि वे परम पुरुष के छोटे-छोटे बच्चों के कष्ट निदान के लिए रक्तदान करते हैं। शिविर के दौरान मुख्य रूप से उपस्थित टाटा वर्कर्स यूनियन के ट्यूब डिवीजन के कमेटी मेम्बर ज्ञान रंजन श्रीवास्तव द्वारा रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया। शिविर के सफल आयोजन में आनंदमार्ग के समीर सरकार, रूपा देवी, सुनील आनंद समेत अन्य सदस्यों का भी योगदान रहा।

### जाहेर स्थान सौंदर्यीकरण को मंत्री से मिले कालिंदी



जमशेदपुर। जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने बुधवार को रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में माननीय मंत्री दीपक बिरवा से मुलाकात कर जमशेदपुर प्रखंड के पंचायत व्यांगबिल के ग्राम मार्चागोड़ा में जाहेरस्थान की चहारदीवारी निर्माण एवं सौंदर्यीकरण। (खाता सं. - 71, थाना सं. 1179, प्लॉट सं. 432), जमशेदपुर प्रखंड अन्तर्गत पंचायत - उत्तरी सरजामदा के ग्राम - शंकरपुर, मौजा - सरजामदा में जाहेरस्थान की चारदिवारी का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण। (खाता संख्या-132, प्लॉट संख्या 250, 270, थाना नं. - 04, रकवा : 4 एकड़) और जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत दक्षिण गदड़ा के ग्राम : जसकनडीह में जाहेरस्थान की चारदिवारी का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण। (खाता संख्या-155, प्लॉट संख्या - 525, रकवा : 1.50 एकड़) को लेकर ज्ञापन सौंपा। विधायक ने कहा कि मंत्री ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द इनका सौंदर्यीकरण करवाया जायेगा।

### विधायक के प्रयास से तीन मवि, चौड़ा बना हाई स्कूल



चांडिल। ईंचागढ़ विधायक सविता महतो के प्रयास से ईंचागढ़ विस क्षेत्र के चांडिल प्रखंड के मवि उरमाल, मवि आसनबनी एवं कुकडू प्रखंड के उमवि चौड़ा (बालिका) को हाई स्कूल का दर्जा मिला है। इन तीनों हाई स्कूल मे इसी सत्र से नामांकन शुरू हो गया है। नामांकन को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने पत्र भी जारी किया है और तीनों हाई स्कूलों के प्राध्यापकों को नामांकन लेने को कहा है। मालूम हो कि मध्य विद्यालय चौड़ा को तत्कालीन उपमुख्यमंत्री दिवंगत स्व सुधीर महतो के कार्यकाल के दौरान ही हाई स्कूल का दर्जा मिला था। लगातार चार बार मैट्रिक की परीक्षा होने के बाद तत्कालीन रघुवर दास की भाजपा सरकार ने वर्ष 2018 में चौड़ा हाई स्कूल को तिरुलडीह हाई स्कूल में शिप्ट कर दिया गया था। ग्रामीणों ने विधायक सविता महतो को धन्यवाद दिया। इसकी जानकारी विधायक के आप्त सचिव काबलू महतो ने दी।

### घाटशिला कॉलेज में आयोजित नशा मुक्ति पोस्टर मेकिंग प्रतियोअगिता में तुलसी अव्वल



जमशेदपुर। घाटशिला कॉलेज में नशा मुक्त समाज के निर्माण एवं युवाओं को मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने को लेकर आठ दिवसीय जागरूकता अभियान जारी है। इस अभियान के दूसरे दिन नशा मुक्ति पर केंद्रित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 98 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के निर्णायक प्रोफेसर इंदल पासवान, प्रोफेसर महेश्वर प्रमाणिक, प्रोफेसर सोमा सिंह, डॉक्टर कन्हाई बारिक एवं डॉ कंचन सिन्हा ने पुरस्कार के लिए 10 सर्वश्रेष्ठ पोस्टर का चयन किया। इनमें तुलसी धीवर के पोस्टर को प्रथम स्थान, प्रीति किरण एक्का को द्वितीय एवं लिपिंका जामुदा को तृतीय स्थान मिला। जबकि सचिन साव, दीप्ति गोप, क्रांति मिश्रा, करण मुर्मू, संगीता मुर्मू, बस्ता बेसरा एवं किरण कुमारी के पोस्टर को प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए चयनित किया गया।

## स्पीड न्यूज

### जिलास्तरीय योग शिविर 21 जून को

**मेदिनीनगर।** विश्व योगा दिवस पर पलामू डिस्ट्रिक्ट योगा एसोसिएशन ने जीजीपीएस स्कूल जमुने में 21 जून को योग शिविर का आयोजन रखा है। एसोसिएशन के सचिव अनिल पांडेय के निर्देशन में शिविर का सफल आयोजन होगा। उन्होंने सभी से आग्रह किया है कि इस शिविर का लाभ उठायें।

### कांग्रेसी नेता ने दी राहुल गांधी को बधाई



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड सदस्य, झारखंड सरकार हृदयानंद मिश्र ने उन्हें बधाई दी है। साथ ही उनके लंबे उम्र की कामना की है। कहा कि राहुल गांधी को ईश्वर सदैव स्वस्थ एवं प्रसन्न रखे।

### नवगढ़ा ओपी क्षेत्र में बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**विश्रामपुर (पलामू)।** थाना क्षेत्र के नवगाढ़ा ओपी क्षेत्र में मंगलवार की रात एक बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया गया है। विश्रामपुर के प्रभारी सीओ को सूचना मिली कि बालू माफिया कोयल नदी से बालू ढुलाई कर रहे हैं। जिसके बाद सीओ मंगलवार की रात लालगढ़ की ओर औचक निरीक्षण में गये। इसी बीच एक बालू लदा ट्रैक्टर आता दिखा, जिसे उन्होंने जब्त कर नवगाढ़ा ओपी को सौंप दिया। ओपी प्रभारी अनिल कुमार अग्रेतर कार्रवाई कर रहे हैं। जब्त ट्रैक्टर पूर्व जिप प्रत्याशी कलाम आजाद का बताया जा रहा है।

### तोलरा की बेटी आंकाक्षा ने योगा में जीती मेडल, बढ़ाया राज्य का नाम



**विश्रामपुर पलामू।** तोलरा के दीपक तिवारी की पुत्री आकांक्षा योगा में प्रतिभा दिखाकर कई मेडल प्राप्त कर चुकी है। आकांक्षा के पिता रांची पुलिस मुख्यालय में तैनात हैं। अपनी पुत्री की प्रसिद्धि पर बताया कि देश के सभी राज्यों से एक एक प्रतिभावान खिलाड़ी को हरियाणा योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया में भाग लेना था, जिसमें 22 लड़कियां भाग ली थी। सभी बेहतर प्रदर्शन की, जिसमें आकांक्षा को देश में दूसरा स्थान मिला। इस उपलब्धि पर पलामू सांसद बीडी राम, विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, प्रखंड प्रमुख रंभा देवी, एडवोकेट कमल तिवारी, नूतन देवी, कौशल तिवारी, रासबिहारी तिवारी, श्यामा देवी आदि ने बधाई दी है।

### पुलिस ने बैंकों की सुरक्षा का जायजा लिया



**हरिहरगंज पलामू।** अपराध नियंत्रण को लेकर हरिहरगंज पुलिस अलर्ट मोड पर है। बुधवार को पुलिस टीम ने क्षेत्र में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। संदिग्धों से पूछताछ के साथ ही बैंक अधिकारियों को सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त रखने को कहा। सब इंस्पेक्टर सतीश गुप्ता ने स्टेट बैंक, केनरा बैंक, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक हरिहरगंज व ढाब शाखा का निरीक्षण किया। सभी बैंक में सीसीटीवी कैमरे चालू मिले। उन्होंने बैंक अलार्म भी दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। इस दौरान शाखा प्रबंधक अमन कुमार जोशी, राहुल कतरियार, अनिल भगत आदि उपस्थित थे।

### कार-एंबुलेंस की टक्कर, चालक घायल



**हरिहरगंज पलामू।** शहरी क्षेत्र के शनि मंदिर के समीप बुधवार को एनएच 139 पर स्विफ्ट डिजायर (सीजी 12 बीसी 5554) तथा एंबुलेंस (जेएच 03 पी 6395) की टक्कर हो गयी। इसमें दोनों वाहनों के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही कार चालक सह मालिक छत्तीसगढ़ के कोरबा जिला के दीपिका थाना निवासी नीतीश शर्मा तथा एंबुलेंस चालक पंकज कुमार जख्मी हो गये। दोनों का हरिहरगंज सीएचसी में इलाज कराया गया।

### गलत ढंग से अबुआ आवास देने का आरोप

**पाटन पलामू।** सकलदीपा निवासी बसंत पांडेय ने पाटन बीडीओ को आवेदन देकर गांव की ही संगीता देवी पति रविंद्र पांडेय को गलत ढंग से अबुआ आवास देने का आरोप लगाया है। उन्होंने बीडीओ से मामले की जांच कर कार्रवाई करते हुए अबुआ आवास निरस्त करने की मांग की है। बीडीओ ने मामले की जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश पंचायत सचिव व जीपीएस को दिया है। बसंत ने कहा है कि संगीता को पहले से पीएम आवास मिला है। उसे दोबारा अबुआ आवास मिला।

### अध्यापक मोर्चा ने आरडीडीई से की मुलाकात



**सतबरवा पलामू।** झारखंड राज्य सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा सदस्य सह प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक दुर्गानंद झा से पलामू प्रमंडल कार्यालय में अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ मिले। गढ़वा, पलामू एवं लातेहार के सहायक अध्यापक जिला अध्यक्ष सूर्य देव तिवारी, अतुल कुमार एवं अर्जुन मेहता अपने जिला शिक्षा उपाधीक्षक से चार प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के लिए जनवरी से ही प्रखंड को आदेश देने का निवेदन कर रहे हैं। छः माह बीतने के बाद भी जिला से पत्र निर्गत नहीं हुआ है। हर वर्ष जनवरी में ही चार प्रतिशत वृद्धि करके मानदेय देना है। प्रतिनिधिमंडल में जिला संगठन मंत्री जनेश्वर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष इमामुद्दीन अंसारी एवं रामाश्रय प्रसाद शामिल थे।

### पेयजल संकट का मुख्य कारण है सरकारी उदासीनता : आशीष भारद्वाज



**मेदिनीनगर।** सरकारी उदासीनता पेयजलापूर्ति की पाईप लाइन मुख्य मार्ग से गुजरने के बावजूद बाईपास रोड के निवासी इसके कनेक्शन वंचित हैं। यह नगर निगम कार्यालय की घोर लापरवाही है। बाईपास रोड स्थित बिजली ऑफिस एरिया, बारालोटा क्षेत्र में पानी यात्रा कर रहे युवाओं की टीम वहां की परिस्थितियों का अवलोकन कर काफी क्षुब्ध नजर आयी। पानी यात्रा की अगुवाई कर रहे आशीष भारद्वाज ने कहा कि आज इस क्षेत्र में व्याप्त पेयजल समस्या कहीं न कहीं सरकार की लोगों के प्रति बेरुखी और नगर निगम कार्यालय की उदासीनता से है। शहर का मुख्य हिस्सा होने के बावजूद इस क्षेत्र को अब तक वाटर कनेक्टिविटी से कनेक्ट नहीं किया जाना समझ से परे है।

# खुशखबरी : पांकी विस क्षेत्र को मिलेगा ग्रामीण सड़कों का उपहार

## निविदा प्रक्रिया पूर्ण होते ही जल्द कई पथों का निर्माण होगा प्रारंभ : डॉ शशिभूषण

» विधायक की अनुशंसा से ग्रामीण पथों की निविदा निकाली गयी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

मेदिनीनगर। पांकी विधानसभा क्षेत्रवासियों के लिए खुशखबरी है। पांकी विधानसभा क्षेत्र को ग्रामीण सड़कों का जल्द उपहार मिलेगा। पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता के अनुशंसा व प्रयास से पांकी विस क्षेत्र के मनातू, तरहसी व नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड में पथ निर्माण के लिए ग्रामीण पथों की निविदा आमंत्रित हो गई है। विधायक ने कहा कि निविदा प्रक्रिया पूर्ण होते ही उक्त प्रखंडों में जल्द कई पथों का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

**क्या बोले विधायक :** विधायक ने कहा कि पांकी विस क्षेत्र का एक भी गांव सड़कविहीन नहीं रहेगा। कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्र का तीव्र गति से विकास होगा। साथ ही लोगों का आवागमन सुलभ होगा। साथ ही व्यवसाय को भी गति मिलेगी। विधायक ने कहा कि मनातू प्रखंड के इन पथों का निर्माण जल्द होगा जिसमें पीडब्लूडी पथ जगराहा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य 6.40 किमी, बीटी पथ से सरगुजा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य 6.50 किमी, कुसरी से सिकनी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य 2.90 किमी, सेमरी से करैला तक पथ चार किमी, पचरूखिया से लालगढ़ तक पथ 4.50 किमी, सेमरी से बंशीखुर्द तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य 3.50 किमी, पदमा-पाटन पीडब्लूडी पथ से रबदा मनातू तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य 11 किमी व गवही रोड पतिला से मंझौली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य 2.20 किमी तक होगा।

### तरहसी प्रखंड में यहां बनेगी सड़क

तरहसी प्रखंड में सिलदिलिया बाजार से कोसियाा तक पथ 2.20 किमी, पीडब्लूडी पथ से रहेया भाया नावाडीह तक पथ 3.80 किमी, पाठकपगार मोहन बैठा के घर से नहर तक पथ एक किमी, कसमार से पारपईन तक 1.70 किमी, भालोगाड़ी से टरिया भाया छेछानी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य 7.20 किमी, बीटी रोड से सिकनी तक पथ का सुदृढ़ीकरण 3.20 किमी व बीटी रोड से सिकनी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य 3.20 किमी तक होगा।



डॉ शशिभूषण मेहता, पांकी विधायक।

### नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड की सड़क परियोजनाएं

नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड में पीडब्लूडी पथ राजोगाड़ी से बांसदोहर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य 4.58 किमी, पीडब्लूडी पथ परसहिया मोड़ से बौराखाड़ तक पथ 3.32 किमी, दारूडीह मेन रोड लोहरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य 2.10 किमी, अंबेडकर चौक से जुरू तक पथ 1.20 किमी, पीडब्लूडी रोड से सोनेसराय 3.25 किमी, शाहद से ओरियाकला तक पथ 1.50 किमी, राजोगाड़ी रोड से खैराट तक पथ का सुदृढ़ीकरण 4.20 किमी, पीडब्लूडी पथ मुरमुसी से बनुआ तक पथ 6.50 किमी, पीडब्लूडी रोड रामसागर से फुलांग तक पथ तीन किमी, दिदरी सांगबार से गोराडीह मोड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य तीन किमी तक होगा।

#### जिला स्तरीय परामर्शदातृ (डीएलसीसी) सह जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक

## डीसी ने दिये विकास कार्यों के लिए उपलब्ध ऋण में सुधार का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) सह जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें उपायुक्त श्री रंजन ने मुद्रा ऋण योजना, पीएमईजीपी, केसीसी, स्वयं सहायता समूह, पीएम एसबीवाई, पीएमजेजे बीवाई, एपीवाई, पीएमजेडीवाई, ऋण प्रवाह सहित अन्य योजनाओं की प्रगति समीक्षा की। इस दौरान एलडीएम ने बताया कि पूरे पलामू जिले में मार्च तिमाही में केसीसी लोन 45232 लोगों के बीच 49892 लाख, पीएमईजीपी के तहत 118 लोगों के बीच 258.95 लाख सहित कई अन्य योजनाओं से लोन दिया गया है। उन्होंने केसीसी की समीक्षा में कृषि क्षेत्र में किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ बढ़ाने को कहा। गाय-बकरी सहित अन्य पशुपालन योजनाओं से जुड़े लाभुकों के साथ मत्स्य पालकों को केसीसी से लाभान्वित करने की बात कही। उपायुक्त श्री रंजन ने विभिन्न विकास कार्यों के लिए उपलब्ध कराये जा रहे ऋण में सुधार का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बैंकों से सीडी रेश्यो पर विशेष कार्य करने की बात कही। बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के सभी पदाधिकारियों व बैंक प्रतिनिधियों को सक्रिय होकर आपस में बेहतर समन्वय के साथ काम की बात कही। बैठक में एएसपी राकेश कुमार, डीडीएम नाबार्ड शालीन लकड़ा, एलडीएम, सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि समेत विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



बैठक करते पलामू एपायुक्त शशि रंजन व अन्य।

## 47 करोड़ से बनेंगी 29 सड़कें

■ फरवरी में मिली थी प्रशासनिक स्वीकृति चुनाव की वजह नहीं निकल पायी थी निविदा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद, हरिहरगंज विधायक की अनुशंसा पर फरवरी 2024 में स्वीकृत हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, हरिहरगंज व पिपरा की 29 ग्रामीण सड़को के जीर्णोद्धार की निविदा ग्रामीण कार्य विभाग डालटनगंज ने निकाल दिया है। इन सड़कों का निर्माण हो जाने से अधिकांश गांव की सड़क समस्या का समाधान हो जायेगा। विधायक कमलेश सिंह ने कहा कि पूर्व में 60 से अधिक सड़कों में कुछ का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, कुछ का काम प्रगति पर है। कहा कि 29 ग्रामीण सड़को की निविदा के बाद अधिकांश गांव की समस्या दूर हो जायेगी। श्री सिंह ने बताया कि 29 सड़कों में हैदरनगर की सात, हुसैनाबाद की छह, मोहम्मदगंज की दो, पिपरा की पांच व हरिहरगंज की आठ सड़कें शामिल है। सभी पथों का विशेष जीर्णोद्धार किया जाना है। इन 29 सड़कों के निर्माण पर करीब 47 करोड़ रुपए खर्च होंगे। विधायक ने कहा है कि विकास के कार्यों पर जनता निगाह रखें। कहीं गड़बड़ी होती है तो बतायें। कार्रवाई की जायेगी। कहा कि 29 सड़कों की निविदा निकल चुकी है। जल्द ही कार्य प्रारंभ हो जायेगा। इन सड़कों का निर्माण हो जाने से हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र का कोई गांव सड़क विहीन नहीं बचेगा। उन्होंने कहा कि अगर एक दो सड़के बची भी होंगी तो उसे चिन्हित कर उसका भी कया कल्प करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके पिछले कार्यकाल में जो सड़के बनी थी उनका किसी जनप्रतिनिधि ने रख रखाव तक नहीं किया। दुबारा उन सड़कों को भी दुरुस्त कराने का काम उन्हें ही करना पड़ा। उन्होंने कहा कि जनता से वह जो वादा करते हैं, उसे पूरा करने का काम करते है। जात पात और संप्रदाय की राजनीति से अलग वह विकास की राजनीति में विश्वाश रखते हैं। जनता मालिक है वह सब देख रही है। जनता की अदालत सबसे बड़ी अदालत है। जनता की अदालत पर वह हमेशा भरोसा करते हैं।



कमलेश कुमार सिंह।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर डीसी ने की अधिकारियों संग बैठक

■ शहर के शिवाजी मैदान में आयोजित होगा मुख्य कार्यक्रम

■ पहले आओ-पहले पाओ के तर्ज पर 500 लोगों के बीच टोपी व टी शर्ट का किया जायेगा वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बुधवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने शहर के शिवाजी मैदान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को आयोजित करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शिवाजी मैदान की साफ सफाई, बैठने की व्यवस्था, लाइट एंड साउंड, मंच, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही एंबुलेंस तथा फर्स्ट एड व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त ने आयुर्वेद विभागाध्यक्ष को समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिये। कार्यक्रम प्रातः 6 से 07 बजे तक होगा।



## विवेकानंद सिंह ने मंत्री और गांडेय विधायक कल्पना को दिया ज्ञापन

■ राज्य की विकास सिर्फ झामुमो ही कर सकती हैं, किसानों समेत कई बिंदुओं से कराया अवगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** बीते दिनों हुसैनाबाद टाउन हॉल में झामुमो मिलन समारोह में राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री मिथिलेश ठाकुर, नवनिर्वाचित गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। जिसमें पलामू जिला उपाध्यक्ष आलोक सिंह उर्फ टूटू समेत हुसैनाबाद विधानसभा के विभिन्न राजनीतिक दल के हजारों कार्यकर्ता झामुमो का दामन थामा। उनको श्रीमती कल्पना ने पार्टी के पट्टा पहना कर स्वागत किया। इसी दौरान पार्टी के जिला संगठन सचिव व युवा नेता विवेकानंद सिंह ने किसानों समेत कई मूल भूत समस्याओं से केंद्रीय नेताओ को अवगत कराया। उन्होंने इस सबन्ध में एक लिखित ज्ञापन देकर ध्यानाकर्षण कर उससे निपटारा कर जनहित के कार्यों को अभिलम्भ पूरा करने की मांग की।



### बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति और पंचायत समिति सदस्यों की बैठक 28 को : बीडीओ

**पाटन पलामू।** बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की मासिक बैठक 28 जून को 11 बजे से प्रखंड कार्यालय सभागार में होगी। वहीं इसी दिन पंचायत समिति की मासिक बैठक प्रखंड कार्यालय के सभागार में निर्धारित है। पाटन बीडीओ मनोज कुमार झा ने कहा कि दोनों बैठक में प्रखंड प्रमुख, पंचायत प्रतिनिधियों व बीस सूत्री पदाधिकारी व सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है।

### पोक्सो एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज थाना कांड सं0-08/2024 धारा-323/ 504/ 366 (अ)/34 भादवि व 06 पोक्सो एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त आकाश कुमार उर्फ शंभू कुमार भुइयां उम्र करीब-27 वर्ष पे0-प्यारी भुइयां उर्फ राम प्यारी भुइयां सा0-सांगवार, टोला कुसही डैम, थाना-लेस्लीगंज जिला पलामू को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### फुहार के बाद उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल



**मोहम्मदगंज।** मंगलवार की सुबह थोड़े समय के लिए बारिश के फुहार से बुधवार की शाम 4 बजे के बाद कई दिनों से 45 पर बना रहा तापमान अप्रत्याशित रूप से लुढ़क गया। इसके 39 डिग्री सेंटीग्रेड पर पहुंच जाने से लोगों ने राहत मिलने की बात कही। आसमान में आंशिक तौर पर बादल छाए हुए नजर आए। मगर हवा चलने के बाद भी उमस भरी मौसम का असर महसूस किया गया। मृगडाह नक्षत्र के तपने को आर्द्रा नक्षत्र में अच्छी बारिश का संकेत माना जाता रहा है। जबकि इसके 4 दिन पहले ही हल्की बारिश और बादलों के मंडराने से इसमें खलल पड़ने का अंदेशा जताया गया है।

## पुलिस के वाहन चेकिंग अभियान में 40 बाइक जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के निर्देश पर बुधवार को थाना के समीप एनएच 139 पर बने अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क से होकर गुजरने वाले दोपहिया वाहनों की कागजातों के अलावे ड्राइविंग लाइसेंस, ट्रिपल लोडिंग, डिक्की व हेलमेट आदि की सघन जांच की गयी। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि वाहन जांच के दौरान बिना हेलमेट के वाहन चलाने के विरुद्ध 40 बाइक को जब्त कर पुलिस अग्रेत्तर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने एनएच से गुजरने वाले बाइक चालकों को सड़क सुरक्षा के मद्देनजर हर हाल में हेलमेट लगाने के साथ ही सभी आवश्यक कागजात लेकर चलने की अपील की है।



### अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

**नीलांबर पीतांबरपुर।** थाना क्षेत्र के पुर्णाडीह पंचायत गुरियादामर टोला में चरमरवा ढोडा के पास बुधवार को लगभग 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। सुबह लोगों ने शौच जाने के क्रम में देखा कि एक व्यक्ति का शव नग्न धड़ंग अवस्था में पड़ा हुआ है। देखते ही यह बात जंगल में आग की तरह फैल गयी। आसपास के कई गांव के लोगों ने शव को पहचान किया लेकिन किसी ने भी शव को नहीं पहचान कर पाया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना लेस्लीगंज पुलिस को दी।

## सहायक अध्यापक संघ ने मंत्री व कल्पना सोरेन को सौंपा ज्ञापन

■ सभी 62 हजार सहायक अध्यापको को वेतनमान व अनुकंपा बहाल करने को लेकर शिक्षकों ने दिया मांग

■ सहायक शिक्षक की जो बात करेगा वही झारखंड में राज करेगा का नारा लगाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** बीते दिनों शहर के टाउन हॉल में झारखंड मुक्ति मोर्चा का मिलन समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, राज्य सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर को अनुमंडल क्षेत्र के सहायक अध्यापक शिक्षक संघ ने मांग पत्र सौंपा। संघ ने संयुक्त रूप से झारखंड राज्य के 62000 सहायक अध्यापकों को वेतनमान और अनुकंपा के नियमावली को शिथिल कर जल्द लागू करने की मांग रखी गयी। शिक्षकों ने कहा कि झामुमो का सरकार बनाने से पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष व राज्य के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने सभी जगहों पर वादा किया था।



### बंदूक के साथ झिरझिरिया जंगल से युवक धराया



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के खुरा पिकेट प्रभारी व सशस्त्र बलों ने गुप्त सूचना पर एक युवक को बंदूक के साथ झिरझिरिया जंगल से गिरफ्तार किया है। खुरा पिकेट प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि 18 जून को झिरझिरिया जंगल में एक व्यक्ति के बंदूक लेकर घूमने की गुप्त सूचना मिली। जानकारी वरीय पदाधिकारी को देते हुए उनके निर्देश पर खुरा पिकेट प्रभारी व सशस्त्र बलों ने झिरझिरिया जंगल से चैनपुर प्रखंड के खुरा कला निवासी लाल बाबू पिता स्व मल्लू चौधरी को एकनाली बंदूक के साथ गिरफ्तार किया गया।

## ऐतिहासिक रहा आयरन लेडी कल्पना मुर्मू सोरेन का हुसैनाबाद में आगमन

■ हुसैनाबाद में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी

■ युवा राजनीतिक के चमकता सितारा साबित हो सकते हैं टूटू सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** पलामू जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह के नेतृत्व में आयोजित झामुमो का मिलन समारोह हुसैनाबाद में ऐतिहासिक रहा। आयरन लेडी व गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन के हुसैनाबाद टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम के बाद क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी काफी बढ़ गयी है। क्योंकि झारखंड की राजनीति में भी हुसैनाबाद की अच्छी खासी पैठ मानी जाती है। इसमें दो राजनीतिक दल के प्रदेश अध्यक्ष हुसैनाबाद के ही हैं। हुसैनाबाद की जनता भी राजनीतिक तौर पर काफी जागरूक मानी जाती है। कार्यक्रम के बाद 2024 के झारखंड विधानसभा चुनाव में हुसैनाबाद में बड़ा राजनीतिक फेरबदल होने का संकेत दे रहा है।



झामुमो की वरिष्ठ नेता कल्पना मुर्मू सोरेन का 18 जून का मिलन समारोह के बाद हुसैनाबाद के राजनीतिक गलियारे में चर्चा का विषय बना हुआ है। पलामू जिला उपाध्यक्ष आलोक सिंह के झामुमो में शामिल होने के बाद हुसैनाबाद राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गयी है। इससे राजद के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक संजय सिंह यादव के लिए काफी नुकसानदेह साबित हो सकता है। क्योंकि इनके राइट हैंड कहे जाने वाले राजद के प्रदेश महासचिव जाकिर अली उर्फ राज अली ने अपने समर्थकों के साथ झामुमो का दामन थाम लिया और आलोक को जिताने के लिए कमर कस ली है। वहीं विभिन्न दलों से चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वाले राजपूत उम्मीदवारों के लिए भी खतरे की घंटी बज रही है। क्योंकि झारखंड के चितौड़गढ़ के नाम से प्रसिद्ध इस विधानसभा में वर्तमान विधायक के बेटे युवा चेहरा व क्षत्रिय राजनीतिक गणित तो दूसरी तरफ भाजपा में लगभग दर्जन भर राजपूत जाति के धुरंधर राजनेता की नींद खराब हो गयी है। आलोक साफ सुथरी छवि के साथ राजनीतिक व आर्थिक रूप से संपन्न भी हैं। हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं में उनकी अच्छी पकड़ होने की वजह उनकी सभी जाति, समुदाय धर्म के लोगों से मित्रवत संबंध है। उपाध्यक्ष के शामिल हो जाने के बाद इस नेता ने काफी कम समय में पलामू की राजनीति में अपनी अच्छी पकड़ बना ली है। भीषण गर्मी में भी पांच घंटे इंतजार के बाद हुसैनाबाद में कल्पना सोरेन के दौरे पर आने के बाद से हुसैनाबाद की राजनीति परिप्रेक्ष्य में भूचाल ला दिया है।

## खाता में जमा है एक लाख, पोस्ट ऑफिस के कंप्यूटर में दिखा रहा है मात्र तीन हजार

■ भुगतान के लिए चार वर्ष से चक्कर काट रहा खाताधारक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज पोस्टआफिस में रेकरिंग खाता का भुगतान के लिए खाताधारक जय प्रकाश पिछले चार वर्ष से कार्यालय का चक्कर काट रहा है। परंतु उसे भुगतान नहीं मिल पा रहा है। वहीं पोस्टआफिस का कम्प्यूटर खाता में मात्र तीन हजार ही जमा दर्शा रहा है। जबकि खाता में एक लाख दस हजार रुपये जमा है। खाताधारक जय प्रकाश ने बताया कि हरिहरगंज पोस्ट आफिस में उसके तथा पिता गोपाल प्रसाद गुप्ता के संयुक्त नाम से रेकरिंग खाता संख्या 138781 है। इसमें प्रतिमाह तीन हजार रूपए जमा करता था। इस खाता में 31 अगस्त 2013 तक एक लाख दस हजार रुपए जमा हो चुका है। बाद में पिता की मृत्यु के बाद खाता में राशि जमा होना बंद हो गया। राशि की आवश्यकता पड़ने पर इसका भुगतान लेने के लिए जब पोस्टआफिस गया तो बताया गया कि कंप्यूटर सिस्टम पर मात्र तीन हजार रुपये दर्शा रहा है। इसमें सुधार करना होगा। परंतु चार वर्ष बीत जाने के बाद भी खाता में सुधार नहीं हो सका। साथ ही भुगतान भी नहीं मिला। हालांकि पासबुक तथा लेजर बही पर एक लाख दस हजार रुपए जमा हैं। उन्होंने शीघ्र भुगतान कराने की मांग डाक अधीक्षक से की है। उधर प्रभारी पोस्टमास्टर रवि कुमार ने बताया कि सीबीएस सिस्टम लागू होने के वक्त भूलवश उक्त खाता की राशि आनलाइन पोस्टिंग नहीं हो पाया है। जिसके कारण भुगतान में विलंब हो रहा है। उक्त राशि को आनलाइन लेजर इंट्री करने के लिए मुख्य कार्यालय को आग्रह किया गया है।



# साहिबगंज : उपायुक्त ने किया सिकल सेल एनीमिया जांच शिविर का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** बुधवार को मंडरो प्रखण्ड में स्थित अनुसूचित जनजातीय बालक प्राथमिक विद्यालय, करमपहाड़ में सिकल सेल एनीमिया जांच शिविर पखवाड़ा का उद्घाटन उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर उपायुक्त ने अपने संबोधन में बताया कि आज से 3 दिन तक जिला के सभी प्रखण्डों में सिकल सेल एनीमिया की निःशुल्क जांच कराई जाएगी। यह जांच सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंडल में होगी। यह जांच 0 से 40 वर्ष तक के सभी महिला- पुरुषों के लिए कराई जाएगी। यह अभियान आगामी 3 जुलाई तक चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सिकल सेल अनुवांशिक रोग होता है। जब तक खून की जांच नहीं कराई जाए रोग का पता नहीं चलता है। परिवार का कोई सदस्य जिनकी उम्र 0 से 40 वर्ष हो सिकल से जांच अवश्य कराना चाहिए। यह जांच बहुत जरूरी है नहीं तो मरीज को अन्य शारीरिक जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है। परिवार में किसी को भी सिकल सेल एनीमिया हो तो परिवार के सभी सदस्य सिकल सेल जांच जरुर करवाना चाहिए। मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर अरविंद कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद, डॉ रंजन कुमार, डीपीएम हिना वर्णवाल,भीबीडी सलाहकार सती बाबू डाबरा, पीरामल फाउंडेशन के कार्यक्रम लीडर अजय केसरी, फेलो दिव्या गुप्ता एवं कोमल गुप्ता और स्वास्थ्य विभाग के कर्मीगण उपस्थित थे।

# सीसीएल कथारा क्षेत्र में स्वच्छता पखवाड़ा के तिसरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल कथारा मे इन दिनों स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसके तहत स्वच्छता और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बुधवार को क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में स्वच्छता शपथ लिया गया। क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओ, इकाईयों एवं आस पास के विद्यालयों में ह्लप्लास्टिक मुक्त क्षेत्रह्व एवं ह्लथूकना मना हैह्व सम्बन्धी पोस्टर लगाये गए हैं। क्षेत्र के 10 विद्यालयों में निबंध, चित्रकला, क्विज एवं बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। स्वच्छता का सन्देश जन जन तक पहुचने के उद्देश्य से स्वच्छता रथ भी रवाना किया जाएगा। 29 जून को समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था।

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें पर्यावरण अनुकूल पहलों पर सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम, सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ कार्यालय डेस्क, निबंध और भाषण प्रतियोगिताएं, कार्यालय परिसर की सफाई प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करना, अपशिष्ट प्रबंधन, वृक्षारोपण अभियान और नुक्कड़ नाटक शामिल हैं। पखवाड़े के दौरान, सी सी एल, कथारा क्षेत्र अपने सभी परियोजनाओ और आस-पास के कार्यालय परिसरों में नियमित रूप से सफाई निरीक्षण करेंगे ताकि उचित स्वच्छता और रिकॉर्ड प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

इसके अतिरिक्त, ऑफिसर्स क्लब एवं गेस्ट हाउस और उसके आस-पास की सफाई बनाए रखने के लिए स्वच्छता अभियान और स्वैच्छिक सफाई गतिविधियां आयोजित की जाऐगी। स्वच्छता पखवाड़ा, न केवल संगठन के भीतर बल्कि व्यापक समुदाय में भी स्वच्छ भारत को बढ़ावा देने के लिए कोयला मंत्रालय की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## खबर एक नजर में

### रांची पहुंचकर जेएमएम कार्यकर्ताओ ने कल्पना सोरेन को दी गांडेय विधानसभा से जीत की बधाई



बेरमो। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय सदस्य बनवीर मिश्रा के नेतृत्व में बुधवार बेरमो विधानसभा के कार्यकर्ताओ की कमेटी ने रांची पहुंचकर कल्पना मुर्मू सोरेन को गांडेय विधानसभा से जीत की बधाई दी। कार्यकर्ताओ ने सोरेन को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर झामुमो के संयुक्त सचिव पानबाबु केवाट, बीस सुत्री अध्यक्ष बृजलाल हांसदा, डुमरी के वरिष्ठ नेता गुलबचन्द्र महतो, राधेशराम बास्के, शंकर बास्के, रामदेव गंझू, कुनल गोस्वामी आदि मौजूद थे।

### राकोमयू के कार्यकारी अध्यक्ष अनुपमा सिंह को बनाये जाने पर बधाई



बेरमो। कोल इंडिया में इंटक राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन सीसीएल बीसीसीएल, सीएमपीडीआई, इ सी एल झारखंड शाखा तथा घाटो डिवीजन में संचालित है। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की केंद्रीय समिति तथा रीजनल समिति संचालित है। अनुपमा सिंह लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के साझा प्रत्याशी के रूप में धनबाद लोकसभा क्षेत्र से बतौर प्रत्याशी घोषित हुई। अल्प समय में पूरे लोकसभा क्षेत्र में कडी मेहनत से अपनी पहचान बनाई। चुनाव परिणाम पक्ष में नहीं आने के बावजूद भी लगातार क्षेत्र में सक्रिय बनी हुई है साथ ही लोगों की समस्याओं को सुन और समझ कर उसके निदान में अपनी भूमिका का निर्वाह निरंतर जारी है। कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर कथारा क्षेत्र में लोगों ने हर्ष प्रकट करते हुए बधाई प्रेषित की है जिसमें अजय कुमार सिंह, विल्सन फ्रांसिस, वेदव्यास चौबे, दयाल यादव, राजेश शर्मा, आशीष चक्रवर्ती, धनेश्वर यादव, उत्तम कुमार, अर्जुन रविदास, राजेंद्र दास, रंजय कुमार सिंह, मो आशिक, इस्लाम अंसारी, नसीम अख्तर, मंसूर खान, सी एस प्रसाद, एच अधिकारी, मोहम्मद सनाउल्लाह, जितेंद्र पासवान, रणजीत सिंह, शहादत हुसैन, संतोष सिंह, अमनदीप सिंह, सुजीत मिश्रा, देवाशीष आश, तुलसी, नरेश रविदास, बलराम गोप, सुरेश महतो, सुरेश ठाकुर, संजय गिरी, अजय कुमार, अर्जुन चौहान, भीखम, पिंटू राय, संतोष राम गौड, पंचराम सहित अन्य शामिल हैं।

### तेनुघाट डैम में डूबे आजम का शव बरामद

बेरमो। तेनुघाट-बेरमो अनुमंडल मुख्यालय के समीप तेनु डैम के प्रोटेक्शन दिवार से स्टीलिंग बैसेन हब्ब मे कूद कर नहाने के क्रम में मोहम्मद आजम अंसारी उम्र 17 वर्ष पिता इमाम बक्स आसनापानी बेलदार टोला निवासी का डूबने से मौत हो गई। लोगों द्वारा कहा जा रहा है कि चार-पांच लड़के नहा रहे थे। नहाने के क्रम में मोहम्मद आजम अंसारी गहरे पानी में चला गया और डूब गया। तेनुघाट ओपी पुलिस ने बुधवार को आखिरकार 30 घंटे के बाद स्थानीय गोता खोरों की टीम के अथक प्रयास से शव को खोजने में कामयाबी मिली। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। घटना के बाद से ही गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद घटना पर लगातार बनाये हुए हैं और शव बरामद होने के बाद भी घटना स्थल पर मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### फुसरो रेलवे लाइन किनारे मिला युवक का शव, हत्या की आशंका



बेरमो/फुसरो। बेरमो थाना क्षेत्र के फुसरो रहिमगंज के समीप रेलवे लाइन किनारे झाड़ियों में बुधवार की अहले सुबह एक युवक का शव मिला। स्थानीय लोगों ने बेरमो थाना के पुलिस को इसकी सूचना दी। बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपनी कब्जे में ले लिया। मृतक की पहचान करगली बाजार बंगाली पाड़ा निवासी ड्राइवर मोहन रजक के रूप में हुई है। खबर मिलते ही घटना स्थल पर लोगो की भीड़ लग गई। बेरमो पुलिस ने शव को थाने लाई और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर कर अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग किया। इस दौरान थाने में न्याय की मांग करते हुए लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। मृतक के परिजनो का रो -रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक का पत्नी सहित दो पुत्र 13 और 10 वर्ष का है। वही पोस्टमार्टम के बाद शव को फुसरो आने पर परिजन तथा स्थानीय लोगो ने फुसरो के शहिद निर्मल महतो चौक जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी भी निर्मल महतो चौक फुसरो पहुंचे। बेरमो पुलिस द्वारा 24 घंटे के अंदर हत्या का उद्भेदन करने के आश्वाशन के बाद जाम हटा। सांसद ने कहा कि बेरमो में इस तरह की घटना होना दुर्भाग्य की बात है। इसे पता चलता है कि राज्य की विधि व्यवस्था पूरी तरह से बेकार हो चुका है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि 24 घंटे के अंदर इस हत्या का उद्वेदन करेंगे।

### साहिबगंज : प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल का हुआ आयोजन



तालझारी। तालझारी प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत संत जून फुटबॉल मैदान में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार द्वारा एवं जिला शिक्षा परियोजना साहिबगंज के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को 63वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंतरराष्ट्रीय खेल का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन तालझारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सालखु हेंब्रम ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल खेल से भी लोग बहुत आगे बढ़ाने का अवसर प्राप्त होता है और खेल से मन शरीर सब स्वस्थ रहता है। खेल में विभिन्न विद्यालय की टीम ने भाग लीया। बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग के अंडर 15 वर्ष के बच्चों द्वारा मैच खेला गया। जिसमें बहुत ही रोमांचक मैच में अंततः बालक वर्ग में युएचएस मसकलैया बनाम प्लस टू बी इंटर विद्यालय सकरीगली के बीच फाइनल हुआ। जिसमें प्लस टू बी इंटर विद्यालय सकरीगली 02 से विजई हुए। साथ ही अंडर 17 वर्ष के बालक वर्ग में युएचएस कन्या तालझारी बनाम युएचएस बडा.तालबोना के बीच खेला गया। जिसमें फाइनल युएचएस कन्या तालझारी विद्यालय 03 से विजेता हुए। वहीं बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय तालझारी को वांकओवर से विजय घोषित किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में राजेंद्र कुमार, आदित्य कुमार, राजा राम महतो, मनोज कुमार, गोस्वामी कुमार, तबिता मुर्मू एवं स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# फुसरो गोलीकांड का पर्दाफाश, प्रिंस खान गिरोह के पांच गुर्गे गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र के फुसरो बाजार में स्थित मोती अलंकार ज्वेलर्स की दुकान पर अपराधियों ने 17 जून को फायरिंग की थी। इस मामले में पुलिस ने 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद एसआईटी और एटीएस की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान शुरू किया। धनबाद, बोकारो और गिरिडीह जिला में लगातार छापेमारी के बाद इन अपराधियों को दबोचा गया। गोलीबारी में शामिल अपराधी बिट्टू सोनार को बेरमो थाना क्षेत्र से पकड़ा पाया, वहीं गोलु कुमार सिंह, छोटु कुमार सिंह, अरविन्द सोनार, रितुराज कुमार उर्फ बाबु को धनबाद जिला के मधुबन थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। ज्ञात हो कि यह गिरोह प्रिंस खान के इशारे पर बोकारो के बेरमो कोयलांचल में लगातार सोने-चांदी के दुकानदारों को धमकी भेजकर रंगदारी वसूलने और दहशत फैलाने के लिए फायरिंग कर धमकी देता था।

वहीं इस गिरोह ने बीते मई और जून महीने के अंदर तीन जेवर दुकानदारों को कभी प्रिंस खान के नाम पर कभी मेजर के नाम पर धमकी भेजी और 20 लाख रुपए की रंगदारी मांगी। वहीं रंगदारी नहीं देने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए फुसरो और मेघदूत सिनेमा हॉल मार्केट में स्थित दो अलग-अलग जेवर दुकानदारों पर फायरिंग कर दी।

जिससे बेरमो कोयलांचल दहशत में डूब गया। जिसके बाद बोकारो पुलिस अधीक्षक और पुलिस मुख्यालय रांची के एटीएस की अलग-अलग टीमों का गठन कर इस गिरोह के उद्वेदन का प्रयास किया। लगातार छापेमारी के बाद उपरोक्त इन 5 अपराधियों को दबोचा गया। हथियार, रुपए समेत कई चीजें बरामद-गिरफ्तार अभियुक्तों ने कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल, पिस्टल, गोली, फायरिंग के एवज में मिला 25 हजार 910 नगद रूपए, एवं मोबाईल सेट, तथा घटना के समय अभियुक्तों द्वारा पहना शर्ट आदि की बरामदगी की गयी। घटना के समय अपराधकर्मी द्वारा मोटरसाईकिल चलाते समय पहना गया हेलमेट की भी बरामदगी हुई है।

अभी तक के अनुसंधान में यह बात सामने आई कि गिरफ्तार सभी अभियुक्त प्रिंस खान गिरोह धनबाद के लिए कार्य करते हैं।

### साहिबगंज : सिकल सेल एनीमिया की स्पेशल ड्राइव जांच का आयोजन

तालझारी। तालझारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को सिकल सेल एनीमिया की स्पेशल ड्राइव जांच एवं लोगों में जागरूकता लाने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी सालखु हेंब्रम फीता काटकर किया। मौके पर बीएमएफटी डॉक्टर पिंकू चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड सरकार के तहत सभी सरकारी अस्पताल में बीते 19 जुन से सिकल सेल एनीमिया का निशुल्क जांच किया जा रहा है।

### साहिबगंज : होटलों, मिठाई दुकानों, गुटका पान दुकानों पर छापा

**तालझारी।** संथाल परगना के जोनल कोऑर्डिनेटर संजय कुमार घोष ने साहिबगंज जिला कोऑर्डिनेटर उत्तम मंडियां एवं अमित कुमार के साथ तालझारी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न होटलों, मिठाई दुकानों, गुटका पान दुकानों सहित अन्य किराना दुकानों में आवश्यक छापेमारी कर अभियान चलाया। संथाल परगना के जोनल कोऑर्डिनेटर संजय कुमार घोष ने बताया कि तालझारी क्षेत्र में खाद्य पदार्थ बेच रहे कई दुकानों में जांच की गई है। जांच के दौरान दुकानदारों को जागरुक करते हुए बताया गया कि किसी भी तेल में सामान बनाते हैं तो उसका एक से दो बार ही इस्तेमाल करें। अधिक इस्तेमाल करने से तेल फूड प्वाइजन पर आ जाता है, जिसमें छाने गये पदार्थ को खाने वाला व्यक्ति फूड पॉइजनिंग का शिकार हो जाता है। इसलिए इससे बचाव के लिए इन तेलों का कम मात्रा में ही इस्तेमाल करें। वही गुटखा पान बेचने वाले दुकानदारों को भी हिदायत दी गई है।

# गोड्डा : खनन माफियाओ व बाइक चोरों पर रखें कड़ी नजर : एसपी



खबर मन्त्र संवाददाता

**मासिक अपराध समीक्षा बैठक में जिले के सहायक पदाधिकारियों को निर्देश**

**गोड्डा।** पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथूसिंह मीणा ने आज अपने कार्यालय में जिले के तमाम वरीय पदाधिकारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक कर दिए कई आवश्यक निर्देश। लोक सभा चुनाव में अधिकारीयों द्वारा भली भांति अपने कर्तब्य के पालन करने वाले अधिकारियो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारीयों को मोटर साईकिल चोरी पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा ये रोजमर्रा दिनचर्या बन गई है इस पर ध्यान दें.. डायन बिशहा सम्बंधित कांड में त्वरित कार्रवाई करें, अवैध मादक पदार्थ की तस्करी और उनसे सम्बंधित गिरोह पर कड़ी नजर रखें, अवैध उतखनन पर लगाम लगाएं, लंबित मामलों का निपटारा जल्द करें, फरार वारंटी और आरोपियों की गिरफ्तारी शीघ्र करें, अवैध रूप से डीजल पेट्रोल बिक्री करने वालों पर कार्रवाई करें। बैठक में एस डी पी ओ गोड्डा, महगामा, डीएसपपी सहित पुलिस निरीक्षक और थाना प्रभारी शामिल थे।

### गरगा को अतिक्रमण मुक्त करने को पर्यावरण संस्थान हुआ प्रतिबद्ध

**बोकारो।** स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा गरगा नदी को प्रदूषण और अतिक्रमण मुक्त करने हेतु आंदोलन को तेज करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर संस्था के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल ने कहा कि इस नदी में बोकारो इस्पात संयंत्र की आवासीय कॉलोनियों तथा चास नगर निगम की आवासीय कॉलोनियों के अलावा यहां के अस्पतालों का प्रदूषित कचरा एवं मल मूत्र प्रवाहित हो रहा है। कार्यक्रम में शशि भूषण ओझा मुकुल के अलावा रघुवर प्रसाद पं अखिलेश ओझा मृणाल चौबे पं चंदन शास्त्री गौरी शंकर सिंह अजीत भगत लक्ष्मण शर्मा अभय कुमार गोलू रोहित सिंह वीरेंद्र चौबे दिवाकर दुबे मनीष झा योगेंद्र सिंह राकेश तिवारी कुंदन उपाध्याय मनीष पांडेय रामजी प्रसाद पं दीनबंधु पांडेय एके दूबे नीरज सिन्हा मंजय टुनटुन मिश्र सोमनाथ दीपक विनय गणेश संजय पांडेय अनुराग मिश्र सहित पर्यावरण रक्षक उपस्थित रहे।

# साहिबगंज : सदर अस्पताल में मरीज की जांच अब राम भरोसे



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** जिले के सदर अस्पताल में इन दोनों जांच के नाम पर मरीज को किया जा रहा परेशान। सदर अस्पताल में जब से अल्ट्रासाउंड की जांच शुरू हुई है तब से लेकर अब तक चर्चा का विषय बना रहता है। आज भी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड जांच चर्चा का विषय बना दूर दराज से मरीज परेशान होकर कहा कि सदर अस्पताल में डॉक्टर की बैठने की समय निर्धारित नहीं है। बोरियो से भी आए मरीज सुबह 8 बजे से आकर अपनी जांच करने के लिए डॉक्टर का इंतजार कर रही। दर्जनों मरीज डॉक्टर का इंतजार कर रही। इसकी जानकारी जब अस्पताल मैनेजर जय राम को दी जिसके बाद मैनेजर ने डॉक्टर रणविजय को फोन कर बुलाया। अब सवाल यह उठता है कि आखिर इतने बड़े सदर अस्पताल की व्यवस्था में चूक हो रही और ना ही जिला प्रशासन और ना ही अस्पताल प्रबंधक इसकी शुध ले रही। जबकि हर बार शिकायत वरीय पदाधिकारी तक पहुंचती है। इससे पूर्व डॉ रणविजय देर से आने का कारण बताते थे कि उन्हें जेल ड्यूटी दी गई है अब उन्हें जेल ड्यूटी के पदभार मुक्त कर दिया गया है इसके बाद भी देर से आना समय से परे है आखिर कब सुधरेंगे अस्पताल के व्यवस्था।

# बीएसएल संवार रही है आदिम जनजाति बिरहोर बच्चों का भविष्य




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र सीएसआर के तहत आदिम जनजाति बिरहोर के बच्चों का भविष्य संवार उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने को सतत प्रयासरत है। इसी कड़ी में ज्ञान ज्योति योजना के अंतर्गत बिरहोर जनजाति के 12 बच्चों के नए बैच का आगमन हुआ। बीएसएल द्वारा गोद लिए गए सभी 12 नए बिरहोर बच्चों को गोमिया प्रखंड के कल्याण पदाधिकारी द्वारा बीएसएल संचालित बिरहोर बाल निवास प्रशिक्षु छात्रावास के प्रतिनिधि को सौंपा गया। इस दौरान बीएसएल के जीएम एल एंड ए सुधांशु सीएसआर के उपप्रबंधक अशोक कुमार बहादुर सिंह छात्रावास वार्डेन गौरव रंजन और अन्य अधिकारी मौजूद थे। ज्ञान ज्योति योजना के तहत बोकारो स्टील प्लांट सभी गोद लिए बच्चों को गुणवत्तायुक्त प्राथमिक से आईटीआई तक की शिक्षा ड्रेस सामग्री छात्रावास में रहने की व्यवस्था भोजन और अन्य सभी दैनिक कार्य की आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ अन्य सुविधाएं निःशुल्क प्रदान करती है।


## अधिसूचना

**हस्तशिल्प/कलाकृतियाँ, वस्त्र और हथकरघा, पारंपरिक परिधान और स्थानीय कृषि उत्पाद/प्रसंस्कृत/अर्धप्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों को बेचने/बढ़ावा देने के लिए रांची, हटिया, मुरी, बालसिरिंग, लोधमा, कर्रा, गोविंदपुर रोड, पोकला, पाकरा, कुरकुरा, बानो, ओरगा, गंगाघाट, जोन्हा, किता, सिल्ली, गोला रोड, तुलिन, झलिदा, सुईसा, गोंडा बिहार, इटकी, पिस्का, टाटीसिलवे और टांगरबांसली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 01 पर 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के अंतर्गत 25 स्टॉल और 5 ट्रॉलियों का आवंटन किया गया है, प्रत्येक 15 दिनों के लिए।**

**नोटिस संख्या सी/आरएनसी/वैट्ग. यूनिट/ओएसओपी/24 — दिनांक: - 18.06.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची, निम्नलिखित से पात्रता दस्तावेजों और संपर्क नंबर के साथ आवेदन आमंत्रित करते हैं: (क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य / केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगर / बुनकर आईडी कार्ड धारक। (ख) आदिवासी सहकारी विपणन विकास संघ भारत लिमिटेड (ट्राइफेड) / राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी) / खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) आदि के साथ नामांकित / पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर / बुनकर / शिल्पकार।(ग) पीएमईजीपी (प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह। (घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग। (ङ) एमएसएमई मंत्रालय और गैर सरकारी संगठनों के उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्यमों से जुड़े व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार आदि। (च) सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के निकायों आदि से जुड़े व्यक्ति/कारीगर/बुनकर/शिल्पकार आदि। हालांकि, 15 दिनों के रोलिंग स्पेल के लिए किसी भी स्पेट लोगो की अनुमति नहीं दी जाएगी। "एक स्टेशन एक उत्पाद" के नियम और शर्तों, स्टॉल का स्थान, पंजीकरण शुल्क आदि के बारे में अधिक जानकारी और विवरण के लिए संबंधित स्टेशनों के स्टेशन प्रबंधकों से संपर्क करें या कृपया वेबसाइट WWW. SER.Indianrailways.gov.in पर जाएँ। आवेदनों की जाँच की जाएगी और मौजूदा नियम के अनुसार आगे की प्रक्रिया के लिए उसी दिन स्टेशन प्रबंधक के कक्ष में सीसीआई और सीनियर एसओ (एसी) की उपस्थिति में मूल दस्तावेजों के साथ उनका सत्यापन किया जाएगा। ओएसओपी नीति के तहत आवेदनों की जांच के बाद, स्थायी समिति सभी इच्छित लाभार्थियों के नामों की सिफारिश सीनियर डीसीएम को अनुमोदन के लिए करेगी और संबंधित स्टेशनों के एसएमआर/सीसीआई द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में खुली लॉटरी/सार्वजनिक ड्रा के माध्यम से सभी अनुमोदित आवेदकों का प्राथमिकता रोस्टर बनाया जाएगा और एक बार में अधिकतम 15 दिनों की अवधि के लिए प्राथमिकता रोस्टर के आधार पर आवंटन किया जाएगा। यह तब तक जारी रहेगा जब तक कि प्राथमिकता रोस्टर में सभी आवेदक समाप्त नहीं हो जाते। आवेदन जमा करने का स्थान: रांची, हटिया, मुरी, बालसिरिंग, लोधमा, कर्रा, गोविंदपुर रोड, पोकला, पकरा, कुरकुरा, बानो, ओरगा, गंगाघाट, जोन्हा, किता, सिल्ली, गोला रोड, तुलिन, झालिदा, सुईसा, गोंडा बिहार, इटकी, पिस्का, टाटीसिलवाई और टांगरबांसली रेलवे स्टेशन के स्टेशन प्रबंधकों के कार्यालय के बाहर निर्धारित ड्रॉप बॉक्स में आवेदन जमा करें। विवरण के लिए नीचे देखें।

| स्टेशन | स्थान | प्रति स्टाल पंजीकरण शुल्क | कार्यकारी प्राधिकारी एवं संपर्क किया जाने वाला व्यक्ति एवं फोन नं. | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | आवेदन खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| रांची रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 | ₹ 1000/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/आरएनसी मोबाइल नं.9771484773 | 25.06.2024 को 10:30 बजे | 25.06.2024 को 11:00 बजे |
| हटिया रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 | ₹ 1000/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/एचटीई मोबाइल नं.9771484778 | 26.06.2024 को 10:30 बजे | 26.06.2024 को 11:00 बजे |
| मुरी रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 | ₹ 1000/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/एमटीई मोबाइल नं.9771484585 | 27.06.2024 को 10:30 बजे | 27.06.2024 को 11:30 बजे |
| रांची रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 पर ट्राली | ₹ 1000/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/आरएनसी मोबाइल नं.9771484773 | 25.06.2024 को 10:30 बजे | 25.06.2024 को 11:30 बजे |
| | प्लेटफार्म नं. 02 एवं 03 पर ट्राली | ₹ 1000/- (जीएसटी सहित) | | 25.06.2024 को 10:30 बजे | 25.06.2024 को 11:30 बजे |
| | प्लेटफार्म नं. 04 एवं 05 पर ट्राली | ₹ 1000/- (जीएसटी सहित) | | 25.06.2024 को 10:30 बजे | 25.06.2024 को 11:30 बजे |
| हटिया रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 पर ट्राली | ₹ 1000/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/एचटीई मोबाइल नं.9771484778 | 26.06.2024 को 10:30 बजे | 26.06.2024 को 11:30 बजे |
| | प्लेटफार्म नं. 02 एवं 03 पर ट्राली | ₹ 1000/- (जीएसटी सहित) | | 26.06.2024 को 10:30 बजे | 26.06.2024 को 11:30 बजे |
| बालसिरिंग रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 | ₹ 500/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/ बीएलआरजी मोबाइल नं. 9771448906 | 02.07.2024 को 10:30 बजे | 02.07.2024 को 11:00 बजे |
| लोधमा रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 | ₹ 500/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/एलओएम मोबाइल नं. 9771448907 | 02.07.2024 को 10:30 बजे | 02.07.2024 को 12:30 बजे |
| कर्रा रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 | ₹ 500/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/केआरआरए मोबाइल नं. 9771459169 | 02.07.2024 को 10:30 बजे | 02.07.2024 को 15:30 बजे |
| गोविंदपुर रोड रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 | ₹ 500/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/जीबीएक्स मोबाइल नं. 9771452416 | 02.07.2024 को 15:00 बजे | 02.07.2024 को 16:30 बजे |
| पोकला रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 | ₹ 500/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/ पीकेएफ मोबाइल नं. 9771459156 | 08.07.2024 को 10:30 बजे | 08.07.2024 को 11:00 बजे |
| पकरा रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 | ₹ 500/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/पीकेसी मोबाइल नं. 9771452918 | 25.06.2024 को 10:30 बजे | 25.06.2024 को 11:00 बजे |
| कुरकुरा रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 | ₹ 500/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/ केआरकेआर मोबाइल नं. 9771452418 | 25.06.2024 को 10:30 बजे | 25.06.2024 को 11:00 बजे |
| बानो रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 | ₹ 500/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/ बानो मोबाइल नं. 9771457215 | 25.06.2024 को 10:30 बजे | 25.06.2024 को 11:00 बजे |
| ओरगा रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 | ₹ 500/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/ओआरजीए मोबाइल नं. 9771448918 | 09.07.2024 को 10:30 बजे | 09.07.2024 को 11:00 बजे |
| गंगाघाट रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 | ₹ 500/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/जीटीजी मोबाइल नं. 9771484789 | 28.06.2024 को 15:00 बजे | 28.06.2024 को 15:30 बजे |
| जोन्हा रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 | ₹ 500/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/ जेओएनए मोबाइल नं. 9771456518 | 28.06.2024 को 10:30 बजे | 28.06.2024 को 11:00 बजे |
| किता रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 | ₹ 500/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/ केआईटीए मोबाइल नं. 9771448913 | 28.06.2024 को 10:30 बजे | 28.06.2024 को 12:00 बजे |
| सिल्ली रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 | ₹ 500/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/एसएलएफ मोबाइल नं. 9771456218 | 28.06.2024 को 15:00 बजे | 28.06.2024 को 15:30 बजे |
| गोला रोड रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 | ₹ 500/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/जीआरई मोबाइल नं. 9771484771 | 03.07.2024 को 10:30 बजे | 03.07.2024 को 11:00 बजे |
| तुलिन रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 | ₹ 500/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/टीएचओ मोबाइल नं. 8637353195 | 08.07.2024 को 10:30 बजे | 08.07.2024 को 11:00 बजे |
| झालिदा रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 | ₹ 500/- (जीएसटी सहित) | सीएच कमर्शियल इंस्पेक्टर / जेएए मोबाइल नं. 8660303216 | 04.07.2024 को 10:00 बजे | 04.07.2024 को 11:30 बजे |
| सुइसा रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 | ₹ 500/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/सुइसा मोबाइल नं. 9661069059 | 03.07.2024 को 10:30 बजे | 03.07.2024 को 11:00 बजे |
| गोंडा बिहार रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 | ₹ 500/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/जीडीबीआर मोबाइल नं. 9732122760 | 03.07.2024 को 10:30 बजे | 03.07.2024 को 12:00 बजे |
| इटकी रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 | ₹ 500/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/आईटीकेवाई मोबाइल नं. 9771484957 | 24.06.2024 को 10:30 बजे | 24.06.2024 को 11:00 बजे |
| पिस्का रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 | ₹ 500/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/पीआईएस मोबाइल नं. 9771448924 | 24.06.2024 को 15:00 बजे | 24.06.2024 को 15:30 बजे |
| टाटीसिलवे रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 | ₹ 500/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/टीआईएस मोबाइल नं. 9771484791 | 24.06.2024 को 10:30 बजे | 24.06.2024 को 11:00 बजे |
| टांगरबांसली रेलवे स्टेशन | प्लेटफार्म नं. 01 | ₹ 500/- (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/टीजीबी मोबाइल नं. 9771468968 | 24.06.2024 को 10:30 बजे | 24.06.2024 को 11:00 बजे |

**टिप्पणी:** यदि कोई आवेदक रांची मंडल के किसी अन्य स्टेशन/प्लेटफॉर्म पर स्टॉल/कियोस्क/पोर्टेबल ट्रॉली लगाना चाहता है, तो वह संबंधित स्टेशनों के निकटतम स्टेशन प्रबंधक से भी परामर्श कर सकता है और किसी भी सहायता के लिए सीनियर डीसीएम कार्यालय/रांची से संपर्क कर सकता है।

(PR-276) — वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/रांची

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# जल संकट

देश की राजधानी दिल्ली में तंत्र की काहिली और राजनीतिक नेतृत्व की नाकामी का ही नमूना है कि झुलसाती गर्मी में वे लोगों को पानी उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। समाज का संपन्न वर्ग तो किसी तरह पानी का जुगाड़ कर ही लेता है, लेकिन गरीब व निम्न मध्यवर्गीय लोगों को इस संकट से ज्यादा दो-चार होना पड़ता है। शर्मनाक यह है कि पक्ष व विपक्ष द्वारा जल संकट का समाधान करने के बजाय घड़े फोड़कर राजनीतिक लाभ लेने की कुचेष्टा हो रही है। यह समय घड़े फोड़ने का तो नहीं है, क्यों नहीं सभी राजनीतिक दल संकटकाल जैसी चुनौती महसूस करते हुए प्यासे लोगों के घड़े पानी से भरने का प्रयास करते? नीति-नियंताओं को इस जल संकट को आने वाले कल के बड़े संकट का ट्रेलर मानकर चलना चाहिए। बंगलुरू के भयावह जल संकट की बात पुरानी नहीं है। देश के कई अन्य भागों में जल संकट की आहट साफ देखी जा रही है। उसी दिल्ली में कहीं स्वीमिंग पुल खुले हैं, कहीं कारें धोई जा रही हैं, कहीं लॉन सींचे जा रहे हैं तो कहीं एक पानी के टैंकर में कई-कई पाइप डालकर पीने का पानी जुटाने के लिये मारामारी चल रही है। ऐसे संकट के समय तो दुश्मन भी पसीज जाते हैं, फिर किस बात की राजनीति? यह स्थिति देश के झारखंड सहित अनेक राज्यों के राजधानी और शहरों की है। मूल आवश्यकता की बात आज भी बेईमानी है। हम अपने नागरिकों को पानी जैसी मूलभूत सुविधा नहीं दे पा रहे हैं। हमारी नीतियां चांद पर पानी तलाशने की रही हैं मगर हर घर जल नहीं मिल रहा है। सवाल उन राजनेताओं पर भी है जो वोट की राजनीति के लिये आये दिन बिजली-पानी मुफ्त देने की घोषणा करते रहते हैं। यह सब चुनावी घोषणा से आम लोगों को लाभ नहीं मिलता है।

# बजट से उम्मीद

इस साल जुलाई में पेश होने वाले पूर्ण बजट 2024-25 में टैक्स पेयर्स को बड़ी राहत मिल सकती है। मोदी सरकार 15 लाख रुपये से ज्यादा की कमाई पर इनकम टैक्स दर में कटौती पर विचार कर रही है। दरअसल केंद्र की मोदी सरकार अर्थव्यवस्था को पुश देने के लिए कंजम्प्शन और सेविंग्स को बढ़ावा देना चाहती है और इसी को ध्यान में रखे इनकम टैक्स रेट को कम करने पर विचार किया जा रहा है। नई आयकर दरों का ऐलान इस साल जुलाई में किया जा सकता है जब केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त वर्ष 2024-2025 के लिए पूर्ण केंद्रीय बजट पेश करेंगी।रिपोर्ट्स के अनुसार, पर्सनल टैक्स में कटौती से आर्थिक खपत बढ़ने के साथ मिडिल क्लास की बचत बढ़ सकती है। मोदी सरकार ने एनडीए सरकार का कार्यकाल शुरू करने से पहले मिडिल क्लास की सेविंग्स बढ़ाने और उनके जीवन में सुधार लाने की बात कही थी।

सालाना 15 लाख रुपये से ज्यादा की इनकम वाले टैक्स पेयर्स को इनकम टैक्स में छूट मिल सकती है। इसके अलावा मोदी सरकार 10 लाख रुपये से कम की कमाई वाले लोगों के लिए भी टैक्स स्लैब में राहत देने की योजना बना रही है। वर्तमान में न्यू टैक्स रिजीम के तहत तीन लाख रुपये से ज्यादा की इनकम पर 5 प्रतिशत टैक्स लगता है। वहीं, सालाना 15 लाख रुपये से अधिक की कमाई पर 30 फीसदी टैक्स का प्रावधान है। ऐसे में माना जा रहा है कि केंद्र सरकार इसमें भी बदलाव कर सकती है। हाल में हुए पोस्ट पोल सर्वे के अनुसार, लोगों ने महंगाई, बेरोजगारी और कम होती इनकम को लेकर चिंता जताई है। वहीं, एक तरफ जहां भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 में 8.2 फीसदी की दर से बढ़ी है, दूसरी तरफ कंजम्शन में उससे आधी गति से इजाफा हुआ है।

# योग: श्रेष्ठ जीवन जीने की कला है

**आज** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। पूरी दुनिया भारत के योग को पूरे मन से स्वीकार करती है और इसके सहारे जीवन को सुखमय बनाने के नियम को मानती है। आप सब भी योग अपनाएं और स्वस्थ व सुखी जीवन जीयें।

योग भारत और नेपाल में एक आध्यात्मिक प्रकिया को कहते हैं जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने (योग) का काम होता है। यह शब्द, प्रक्रिया और धारणा बौद्ध धर्म,जैन धर्म और हिंदू धर्म में ध्यान प्रक्रिया से सम्बंधित है। योग शब्द भारत से बौद्ध धर्म के साथ चीन, जापान, तिब्बत, दक्षिण पूर्व एशिया और श्री लंका में भी फैल गया है और इस समय सारे सभ्य जगत में लोग इससे परिचित हैं। इतनी प्रसिद्धि के बाद पहली बार 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रत्येक बर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मान्यता दी है। भगवद्गीता प्रतिष्ठित ग्रंथ माना जाता है। उसमें योग शब्द का कई बार प्रयोग हुआ है, कभी अकेले और कभी सविशेषण, जैसे बुद्धियोग, संन्यासयोग, कर्मयोग। वेदोत्तर काल में भक्तियोग और हठयोग नाम भी प्रचलित हो गए हैं पतंजलि योगदर्शन में क्रियायोग शब्द देखने में आता है। पाशुपत योग और माहेश्वर योग जैसे शब्दों के भी प्रसंग मिलते है। इन सब स्थलों में योग शब्द के जो अर्थ हैं वह एक दूसरे के विरोधी हैं परंतु इस प्रकार के विभिन्न प्रयोगों को देखने से यह तो स्पष्ट हो जाता है, कि योग की परिभाषा करना कठिन कार्य है। परिभाषा ऐसी होनी चाहिए जो अव्याप्ति और अतिव्याप्ति दोषों से मुक्त हो, योग शब्द के वाच्यार्थ का ऐसा लक्षण बतला सके जो प्रत्येक प्रसंग के लिये उपयुक्त हो और योग के सिवाय किसी अन्य वस्तु के लिये उपयुक्त न हो।





\- योगगुरु मुक्तरथ

गीता में श्रीकृष्ण ने एक स्थल पर कहा है 'योग: कर्मसु कौशलम (योग से कर्मो में कुशलता आती हैं)। स्पष्ट है कि यह वाक्य योग की परिभाषा नहीं है। कुछ विद्वानों का यह मत है कि जीवात्मा और परमात्मा के मिल जाने को योग कहते हैं। इस बात को स्वीकार करने में यह बड़ी आपत्ति खड़ी होती है कि बौद्धमतावलंबी भी, जो परमात्मा की सत्ता को स्वीकार नहीं करते, योग शब्द का व्यवहार करते और योग का समर्थन करते हैं।

गीता में श्रीकृष्ण ने एक स्थल पर कहा है 'योगः कर्मसु कौशलम (योग से कर्मो में कुशलता आती हैं)। स्पष्ट है कि यह वाक्य योग की परिभाषा नहीं है। कुछ विद्वानों का यह मत है कि जीवात्मा और परमात्मा के मिल जाने को योग कहते हैं। इस बात को स्वीकार करने में यह बड़ी आपत्ति खड़ी होती है कि बौद्धमतावलंबी भी, जो परमात्मा की सत्ता को स्वीकार नहीं करते, योग शब्द का व्यवहार करते और योग का समर्थन करते हैं। यही बात सांख्यवादियों के लिए भी कही जा सकती है जो ईश्वर की सत्ता को असिद्ध मानते हैं। पंतजलि ने योगदर्शन में, जो परिभाषा दी है 'योगश्चित्तवृत्तिनिरोध?', चित्त की वृत्तियों के निरोध का नाम योग है। इस वाक्य के दो अर्थ हो सकते हैं: चित्तवृत्तियों के निरोध की अवस्था का नाम योग है या इस अवस्था को लाने के उपाय को योग कहते हैं।

परंतु इस परिभाषा पर कई विद्वानों को आपत्ति है। उनका कहना है कि चित्तवृत्तियों के प्रवाह का ही नाम चित्त है। पूर्ण निरोध का अर्थ होगा चित्त के अस्तित्व का पूर्ण लोप, चित्ताश्रय समस्त स्मृतियों और संस्कारों का निःशेष हो जाना। यदि ऐसा हो जाए तो फिर समाधि से उठना संभव नहीं होगा। क्योंकि उस अवस्था के सहारे के लिये कोई भी संस्कार बचा नहीं होगा, प्रारब्ध दग्ध हो गया होगा। निरोध यदि संभव हो तो श्रीकृष्ण के इस वाक्य का क्या अर्थ होगा? योगस्थः कुरु कर्माणि, योग में स्थित होकर कर्म करो। विरुद्धावस्था में कर्म हो नहीं सकता और उस अवस्था में कोई संस्कार नहीं पड़ सकते, स्मृतियां नहीं बन सकतीं, जो समाधि से उठने के बाद कर्म करने में सहायक हों।

अनीश्वरवादी सांख्य विद्वान भी उसका अनुमोदन करता है। बौद्ध ही नहीं, मुस्लिम सूफी और ईसाई मिस्टिक भी किसी न किसी प्रकार अपने संप्रदाय की मान्यताओं और दार्शनिक सिद्धांतों के साथ उसका सामंजस्य स्थापित कर लेते हैं। पातंजल योग दर्शन के अनुसार - योगश्चित्तवृत्त निरोध? (1/2) अर्थात चित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग है। सांख्य दर्शन के अनुसार - पुरुषप्रकृत्योर्वियोगेपि योगइत्यमिधीयते। अर्थात पुरुष एवं प्रकृति के पार्थक्य को स्थापित कर पुरुष का स्व स्वरूप में अवस्थित होना ही योग है। (३) विष्णुपुराण के अनुसार - योग संयोग इत्युक्त? जीवात्म परमात्मने अर्थात जीवात्मा तथा परमात्मा का पूर्णतया मिलन ही योग है। भगवद्गीता के अनुसार - सिद्धासिद्धयो समोभूत्वा समत्वं योग उच्चते (2/48) अर्थात दुख-सुख, लाभ-अलाभ, शत्रु-मित्र, शीत और उष्ण आदि द्वन्दों में सर्वत्र समभाव रखना योग है। भगवद्गीता के अनुसार - तस्माद्योगाययुज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम अर्थात कर्त्तव्य कर्म बन्धक न हो, इसलिए निष्काम भावना से अनुप्रेरित होकर कर्त्तव्य करने का कौशल योग है। आचार्य हरिभद्र के अनुसार - मोक्खेण जोयणाओ सव्वो वि धम्म व्वहारो जोगो मोक्ष से जोड़ने वाले सभी व्यवहार योग है। बौद्ध धर्म के अनुसार - कुशल चितैकग्गता योग? अर्थात कुशल चित्त की एकाग्रता योग है।

## योग के प्रकार

योग की उच्चावस्था समाधि, मोक्ष, कैवल्य आदि तक पहुँचने के लिए अनेकों साधकों ने जो साधन अपनाये उन्हीं साधनों का वर्णन योग ग्रन्थों में समय समय पर मिलता रहा। उसी को योग के प्रकार से जाना जाने लगा। योग की प्रामाणिक पुस्तकों में शिवसंहिता तथा गोरक्षशतक में योग के चार प्रकारों का वर्णन मिलता है -

**मंत्रयोगों हष्ध्वैव लययोगस्तृतीयक?। चतुर्थो राजयोग? (शिवसंहिता , 5/11) मंत्रो लयो हठो राजयोगन्तर्भूमिका क्रमात एक एव चतुर्धाऽयं महायोगोभियते॥ (गोरक्षशतकम)**

उपर्युक्त दोनों श्लोकों से योग के प्रकार हुए : मंत्रयोग, हठयोग लययोग व राजयोग।

**मंत्रयोग** 'मंत्र' का समान्य अर्थ है- 'मननात त्रायते इति मंत्र'। मन को त्राय (पार कराने वाला) मंत्र ही है। मंत्र योग का सम्बन्ध मन से है, मन को इस प्रकार परिभाषित किया है- मनन इति मन?। जो मनन, चिन्तन करता है वही मन है। मन की चंचलता का निरोध मंत्र के द्वारा करना मंत्र योग है। मंत्र योग के बारे में योगतत्वोपनिषद में वर्णन इस प्रकार है- योग सेवन्ते साधकाधमा?।

(लेखक सत्यानन्द योग मिशन रांची के अध्यक्ष हैं)

## खास बात

### योग और उपयोग

**जग्गी वासुदेव**

**दरअसल** योग नहीं उप-योग हैं। क्या हैं ये उप-योगः ये उप-योग आसानी से किए जा सकने वाले मूवमेंट्स हैं जिन्हें 7 साल से ऊपर का कोई भी व्यक्ति कर सकता है। इन्हें कहीं भी, किसी भी समय किया जा सकता है। योग गुरु द्वारा इन सरल योगाभ्यासों को 7 भागों में बांटा गया है। हर एक योग करने के लिए अधिकतम 5 मिनट का समय लगता है।

हर्निया की प्रॉब्लम या प्रेग्नेंसी के शुरुआती महीनों में अवॉइड करें।

**योग क्या है?**

योग का अर्थ है जोड़ना. जीवात्मा का परमात्मा से मिल जाना, पूरी तरह से एक हो जाना ही योग है। योगाचार्य महर्षि पतंजलि ने सम्पूर्ण योग के रहस्य को अपने योगदर्शन में सूत्रों के रूप में प्रस्तुत किया है। उनके अनुसार, चित्त को एक जगह स्थापित करना योग है।

**अष्टांग योग क्या है?**

हमारे ऋषि मुनियों ने योग के द्वारा शरीर मन और प्राण की शुद्धि तथा परमात्मा की प्राप्ति के लिए आठ प्रकार के साधन बताएं हैं, जिसे अष्टांग योग कहते हैं..ये निम्न हैं- यम नियम आसन प्राणायाम । प्रात्याहार धारणा ध्यान समाधि आसान से तात्पर्य शरीर की वह स्थिति है जिसमें आप अपने शरीर और मन को शांत स्थिर और सुख से रख सकें। स्थिरसुखमासनमः सुखपूर्वक बिना कष्ट के एक ही स्थिति में अधिक से अधिक समय तक बैठने की क्षमता को आसन कहते हैं। योग शास्त्रों के परम्परानुसार चौरासी लाख आसन हैं और ये सभी जीव जंतुओं के नाम पर आधारित हैं। इन आसनों के बारे में कोई नहीं जानता इसलिए चौरासी आसनों को ही प्रमुख माना गया है। और वर्तमान में बत्तीस आसन ही प्रसिद्ध हैं।आसनों को अभ्यास शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वास्थ्य लाभ एवं उपचार के लिए किया जाता है।आसनों को दो समूहों में बांटा गया है:- गतिशील आसान स्थिर आसान गतिशील आसन- वे आसन जिनमे शरीर शक्ति के साथ गतिशील रहता है.स्थिर आसन- वे आसन है जिसमें मन की स्थिरता प्राप्त होती है और गतिशील आसान वे है जिनसे शरीर मजबूत और कठिन स्थितियों को झेलने लायक होता है।

**सरकार** के सत्ता में आने के 1.5 वर्ष बाद भी न कोई परीक्षा ली गयी है, न पूर्व में चयनित छात्रों को नियुक्ति मिली।जेपीएससी की नियुक्ति को हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। निराश युवा,राज्य सरकार द्वारा घोषित नियुक्ति वर्ष 2021' के अंतिम संस्कार की तैयारी में।

**– महेश पोद्दार, सांसद**

## आपके ट्वीट

**राहुल** गांधी जी के जन्म दिन पर उन्हें हार्दिक शुभकामना। आने वाले दिन उसके बेहतरीन दिनों में शामिल हो।

**– हेमंत सोरेन, पूर्व सीएम**





**आशा,** एएनएम, आंगनवाड़ी और गांव-गांव में डिस्पेंसरियों में तैनात स्वास्थ्यकर्मी हमारे हेल्थ सेक्टर के बहुत मजबूत स्तंभ हैं। 21 जून से देश में टीकाकरण अभियान का विस्तार हो रहा है, उसे भी ये लोग नई ताकत देंगे।

**– नरेन्द्र मोदी**

# योगेश्वर कृष्ण

## विचार-प्रवाह

**अमित मिश्रा**

**शुद्ध** सनातन धर्म में योग को आत्मा और शरीर से मिलाने वाली ज्ञान विद्या कहा गया है । योग के कई प्रकार बताए गए हैं। मन को आत्मा से मिलाने और शुद्धिकरण कर मोक्ष दिलाने के ज्ञान को योग की संज्ञा दी गई है ।

**भगवान शिव हैं योगीराज :**

महाभारत के अनुशासन पर्व में भगवान शिव के द्वारा एक विशेष प्रकार की योग विद्या का उपदेश माता पार्वती को दिया गया है जिसे पाशुपत योग कहा जाता है । पाशुपत योग के द्वारा भगवान देह को आत्मा से पृथक मानने की सलाह देते हैं जिससे आत्मा मुक्त हो जाती है

**देहेऽस्मिन्नहमित्येकः पृथक चिन्त्यः सदा बुधौः । एवं ज्ञात्वा चंरल्लोके मुच्यते भवबन्धनात ।।**

भावार्थ : भगवान योगीराज काम को जीतने के लिए योग का रहस्य बताते हैं। इसीलिए उन्हें योगीराज भी कहते हैं ।

**कुंडलनी जागरण है योग का उद्देश्य :**

शरीर को शुद्ध कर और उसके जरिए कुंडलनी जागरण के द्वारा ईश्वर के साक्षात्कार की प्रक्रिया को राजयोग की संज्ञा दी गई है । शरीर के अंगो के नियमन और उचित संचालन के द्वारा उसे स्वस्थ रखने की प्रक्रिया को भी योग के अंतर्गत ही माना गया है ।

**भगवान शिव और कृष्ण ने दिया योग का ज्ञान :**

आत्मा को मुक्त कराने की योग विद्या के प्रवर्तकों में भगवान योगीराजऔर भगवान श्री हरि कृष्ण सर्वोपरि माने गए हैं। जबकि शरीर की शुद्धि के द्वारा स्वस्थ जीवन जीने और ईश्वर के साक्षात्कार के लिए जिस मार्ग का प्रतिपादन किया गया है उसके प्रवर्तक पंतजलि को माना गया है ।

## कार्टून वर्ल्ड




साभार: लोकमत कार्टून

## लेटर टू एडिटर

### परीक्षा की शुचिता

**देशभर** में युवाओं के लिए रोजगार एक चुनौती है। लेकिन जिस तरह से देश में सेवाओं एवं प्रतियोगिता के पेपर लीक हो रहे हैं यह चिंता का विषय होना चाहिए। केंद्र सरकार व राज्य सरकारों को समन्वय और संवाद स्थापित करते हुए हरसंभव कोशिश करनी चाहिए कि प्रतियोगिताओं के पेपर लीक न हों। जो अभ्यर्थी डॉक्टर बनने का सपना देख रहे थे उनके सपने चकनाचूर हुए हैं। **–रवि, रांची**

### दंडित करें

**हाल** ही में नीट में हुई धांधली की चर्चा पूरे देश में हो? रही है। मामले में सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा, अब 1563 छात्रों को पुनः परीक्षा देना होगी। छात्रों ने इससे असंतुष्ट होकर सीबीआई से जांच की मांग की है। पेपर लीक तथा नीट के रिजल्ट पर परीक्षार्थियों का दर्द असहनीय है। जरूरत है परीक्षा प्रक्रिया और प्रणाली में पारदर्शिता और शुचिता लाने की।

**– शिवशंकर सिंह, रांची**

# योग, बोध, बुद्ध और योगेश्वर कृष्ण

**सुधांशु कुमार**

**योगियों** की दुनिया विचित्र है। अद्भुत रहस्यों से भरी हुई। जिसे बिना समझे विचारे आँकना वैसा ही है जैसे काले गौगल्स पहन कर प्रकाश की न्यूनता पर टिप्पणी करना। और याद रहे, श्री कृष्ण योगेश्वर हैं–समस्त योग व योगियों के ईश्वर।

श्री कृष्ण के परे क्या?

जब श्री कृष्ण को योगेश्वर कहते हैं तो हमें उन्हें योग व योगियों का ईश्वर मानना ही होगा। उनसे बड़ा कोई नहीं, वे स्वयं कहते हैं मत्तः परतरं नास्ति कीन्चित अस्ति धनन्जय– मुझसे परे व बड़ा कोई नहीं, कोई नहीं, धनन्जय। तो अपने को विशिष्ट क्यों समझते हो? जब तक यह आत्म विशिष्टता रहेगी, तब तक आप आध्यात्म से कोसों दूर हो, भलेही सारा दिन राम-राम रटते हो। मैं और मेरा के वन में तुम्हारा राम भटक रहा है। ये मैं और मेरा जब भगवान के लिये हो जाता है तो आप अथाह समुद्र में कूप की भाँति हो जाते हो–यह समुद्र मैं हूँ या कहो मैं समुद्र में हूँ अब एक ही बात हो जाती है। यह ईश्वर मैं हूँ या मैं ईश्वर में हूँ में कहां अनंतर है। हाँ, एक को अद्वेत कहते हैं और दूसरे को भक्ति भाव और मेरे स्पष्टता के इस प्रयास को ज्ञान कहेंगे व इसके क्रीयान्वयन को योग। बात एक ही है, इसलिये भाषा के भेद जाल में ना फँसकर, सहजता से आत्मभाव में स्थिर रहो। जैसे गाड़ीवान के बैल को मारने पर रामकृष्ण परमहंस करहा कर गिर गये और उनकी पींठ पर डण्डे के निशान उभर आये। यह है आत्मभाव, जो शृष्टि के

## चिंतन

कण-कण के साथ आपकी सहज एकात्मता को अभिव्यक्त करता है। यही है श्री कृष्ण के कथन– **सर्वभूतस्थत्मात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि।**

**ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्र समदर्शनः।।** का सही अर्थ। मात्र कहने के लिये समदर्शन नहीं, उसे प्रत्यक्ष जीना है समदर्शन। यह तभी सम्भव है जब आप सकल ब्रह्माण्ड के साथ एकात्मा हों, कहने के लिये नहीं, वास्तव में, प्रत्यक्ष रूप से। परन्तु अपने परिवार में ही तुम्हारा छोटा-मोटा समभाव है, उसके परे नहीं। कुछ एक का जीवों के साथ है पर समस्त जीवों के साथ नहीं। कोई कुत्ता देख बिदकता है, कोई साँप देख, कोई कौकरोच देख, और कोई छिपकली देख। वाह रे, तुम्हारा समभाव! अपने बच्चे और पत्नि से परे जा ही नहीं पाता है, और करुणावश चला भी जाए तो, वह दो पल से अधिक नहीं ठहरता, और भगवान को भजते हो, जिसका सबमें समभाव है। ये द्वन्द्व ही तुम्हें ईश्वर के सही स्वरूप से दूर रखे है। ईश्वर बस हमारे परिवार को आगे बढ़ाये, उसकी रक्षा करे और दूसरे का परिवार जाये भाड़ में । वाह रे आपका आध्यात्मिक ज्ञान।

**बोध व बुधत्त्व**

जितना तुम्हारा बोध है उतने बुद्ध तुम हो। अपने बुद्धत्व को जाने बिना आप बुद्ध को नहीं समझ सकते। अपने बुद्धत्व को नकार कर किसी बाहरी बुद्ध की खोज तुम्हें अपने तक लाती रहेगी जब तक कि तुम स्वयं अपने बुद्धत्व को नहीं समझ लेते। अपनी बुराइयों को जानकर उनसे मुक्त होने का भाव बोध है।उनसे मुक्त हो जाना बुद्धत्व है। इसे जो शत प्रतिशत करता है, वह महावीर है, और जो हृदय से करने का प्रयास कर रहा है, वह संघ गामी है। संघ गामी का आशय, बुद्ध के भौतिक संघ की ओर गमन करने वाला नहीं, वरन् प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष बुद्ध के सत्संग में जाने वाला है। सत्संग की सही व्यख्या श्री कृष्ण ने मच्चित्ता मद्गतप्राणा बोधयन्तः परस्परंह्व सूत्र द्वारा की है। संघ सत्संग है। जो मुझमें चित्त व अपनी ऊर्जा को लगाते हुये परस्पर मेरी ही बात करते हैं वे मां नित्यं तुष्यन्ति च रमन्ति च – मुझमें, मेरे साथ ही सन्तुष्ट रहते हुये रमण करते हैं। यह है बुद्ध शरणं गच्छामि का सही अर्थ।

# योग से जीवन को सुखमय बनाया जा सकता है

**जगदीश सिंह अमृत**

**शंखप्रक्षालन** की एक क्रिया है। सभी प्रकार के उदर रोग तथा कब्ज मंदागिनी, गैस, अम्ल पित्त, खट्टी-खट्टी डकारों का आना एवं बवासीर आदि निश्चित रूप से दूर होते हैं। आंत, गुर्दे, अग्नाशय तथा तिल्ली सम्बन्धी सभी रोगों में लाभप्रद है। सर्वांगासन सर्वांगासन स्थितिः- दरी या कम्बल बिछाकर पीठ के बल लेट जाइए.

विधिः-दोनों पैरों को धीरे -धीरे उठाकर 90 अंश तक लाएं. बाहों और कोहनियों की सहायता से शरीर के निचले भाग को इतना ऊपर ले जाएँ की वह कन्धों पर सीधा खड़ा हो जाए। पीठ को हाथों का सहारा दें .. हाथों के सहारे से पीठ को दबाएं . कंठ से ठुड्ठी लगाकर यथाशक्ति करें फिर धीरे-धीरे पूर्व अवस्था में पहले पीठ को जमीन से टिकाएं फिर पैरों को भी धीरे-धीरे सीधा करें। लाभः- थायराइड को सक्रिय एवं स्वस्थ बनाता है। मोटापा, दुर्बलता, कद वृद्धि की कमी एवं थकान आदि विकार दूर होते हैं। लाभः मोटापा कम करने के आयुर्वेदिक उपाय एड्रिनल, शुक्र ग्रंथि एवं डिम्ब ग्रंथियों को सबल बनाता है। स्वस्तिकासन स्थितिः- स्वच्छ कम्बल या कपडे पर पैर फैलाकर बैठें। विधिः- बाएं पैर को घुटने से मोड़कर दाहिने जंघा और पिंडली ( घुटने के नीचे का हिस्सा) और के बीच इस प्रकार स्थापित करें की बाएं पैर का तल छिप जाये उसके बाद दाहिने पैर के पंजे और तल को बाएं पैर के नीचे से जांघ और पिंडली के मध्य स्थापित करने से स्वस्तिकासन बन जाता है। ध्यान मुद्रा में बैठें तथा रीढ़ सीधी कर श्वास खींचकर यथाशक्ति रोकें।इसी प्रक्रिया को पैर बदलकर भी करें।

लाभः- पैरों का दर्द, पसीना आना दूर होता है। पैरों का गर्म या ठंडापन दूर होता है.. ध्यान हेतु बढ़िया आसन है।

## योग ज्ञान



**गोमुखासन गोमुखासनविधिः-**

दोनों पैर सामने फैलाकर बैठें। बाएं पैर को मोड़कर एड़ी को दाएं नितम्ब के पास रखें। दायें पैर को मोड़कर बाएं पैर के ऊपर इस प्रकार रखें की दोनों घुटने एक दूसरे के ऊपर हो जाएँ।

दायें हाथ को ऊपर उठाकर पीठ की ओर मुडिए तथा बाएं हाथ को पीठ के पीछे नीचे से लाकर दायें हाथ को पकड़ें.. गर्दन और कमर सीधी रहे। एक ओर से लगभग एक मिनट तक करने के पश्चात दूसरी ओर से इसी प्रकार करें। जिस ओर का पैर ऊपर रखा जाए उसी ओर का (दाए/बाएं) हाथ ऊपर रखें.

लाभः- अंडकोष वृद्धि एवं आंत्र वृद्धि में विशेष लाभप्रद है। धातुरोग, बहुमूत्र एवं स्त्री रोगों में लाभकारी है। यकृत, गुर्दे एवं वक्ष स्थल को बल देता है। संधिवात, गाठिया को दूर करता है। गोरक्षासन विधिः- दोनों पैरों की एडी तथा पंजे आपस में मिलाकर सामने रखिये। अब सीवनी नाड़ी (गुदा एवं मूत्रेन्द्रिय के मध्य) को एडियों पर रखते हुए उस पर बैठ जाइए। दोनों घुटने भूमि पर टिके हुए हों।हाथों को ज्ञान मुद्रा की स्थिति में घुटनों पर रखें लाभः- मांसपेशियो में रक्त संचार ठीक रूप से होकर वे स्वस्थ होती है। मूलबंध को स्वाभाविक रूप से लगाने और ब्रम्हचर्य कायम रखने में यह आसन सहायक है। इन्द्रियों की चंचलता समाप्त कर मन में शांति प्रदान करता है. इसीलिए इसका नाम गोरक्षासन है।

**अर्द्धमत्स्येन्द्रासनविधिः-**

दोनों पैर सामने फैलाकर बैठें. बाएं पैर को मोड़कर एडी को नितम्ब के पास लगाएं। बाएं पैर को दायें पैर के घुटने के पास बाहर की ओर भूमि पर रखें। बाएं हाथ को दायें घुटने के समीप बाहर की ओर सीधा रखते हुए दायें पैर के पंजे को पकडें। दायें हाथ को पीठ के पीछे से घुमाकर पीछे की ओर देखें।

एक नजर में

## पटरा लदा पिकअप लेकर भागे तस्कर

**चौपारण।** सोमवार रात सरधवाटांड़ में ग्रामीण युवकों ने अवैध चिरान पटरा लदा एक पिकअप वाहन पकड़कर वन विभाग सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि प्रतिदिन वृन्दा जंगल से अवैध लड़की निकाला जाता था। आज हमलोगों ने वाहन को पकड़ा। सूचना के बाद सरधवाटांड़ पहुँची वन विभाग की टीम ने पिकअप वाहन को जप्त किया। इधर वन विभाग की टीम के आने से पहले ग्रामीणों व तस्करो के बीच बहुत देर तक नोकझोक हुआ। चौपारण जाने के दौरान कठम्बा मोड़ के समीप जप्त पिकअप वाहन को तस्करो ने वन कर्मियों के चंगुल से छुड़ा कर ले भागे। वन विभाग ने चौपारण थाना में लिखित आवेदन देकर नामजद आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। वनरक्षी सिकन्दर नायक द्वारा चौपाराण थाना में लिखित आवेदन दिया गया। जिसमे संजय यादव, महेश यादव, प्रकाश यादव, महेंद्र यादव, रोमियो राणा पर आरोप है कि जब्त पिकअप वाहन को कठम्बा मोड़ के समीप गाड़ी रोककर, वनकर्मियो के साथ बदसूलकी करते हुए दबंगई पूर्वक गुंडागर्दी करते हुए पिकअप वाहन को छीनकर भाग गए।

## आजसू केरेडारी प्रखंड कमिटी की बैठक

**केरेडारी।** पंचायत भवन केरेडारी में बुधवार को आजसू पार्टी केरेडारी प्रखंड कमिटी की बैठक हुई। इसकीअध्यक्षता प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमचंद महतो तथा संचालन प्रखंड सचिव मोहन कुमार ने किया। 22 जून को पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर बलिदान दिवस युवा सम्मेलन के रूप में मनाई जाएगी। 8 अगस्त को शाहिद निर्मल महतो जी का शहादत दिवस मनाया जायेगा। आजसू पार्टी जनता की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल सेंटर की स्थापना की जाएगी। 9 अगस्त को वृहत रूप से विश्व आदिवासी दिवस मनाया जायेगा। 16 अगस्त से 20 अक्टूबर तक सुदेश कुमार महतो जी और राज्य में विधानसभावार पदयात्रा करेंगें। 26 जून से 26 जुलाई तक ग्राम प्रभारी एवं चूल्हा प्रमुख का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। बैठक में लीलाधान साव, देवनायन राणा ,प्रखंड प्रेमचंद महतो, मोहन कुमार, जागेश्वर कुमार साव, विनोद महतो ,विश्वनाथ महतो, कैलाश महतो , प्रदीप राम, नरेश यादव,उमेश प्रजापति,कुलदीप यादव,शिवशंकर रवि,धनपति साव सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 22 जून को मनेगा आजसू का स्थापना दिवस

बड़कागांव ।गुरु चट्टी स्थित आजसू पार्टी के आवासीय कार्यालय 22 जून को पार्टी के स्थापना दिवस मनाने की तैयारी को लेकर प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। सभी कार्यकताओं ने एक स्वर में कहा कि आने वाले 22 जून को पार्टी का स्थापना दिवस को शहादत दिवस के रूप में मनाएंगे। मौके पर संदीप कुशवाहा, उपेंद्र कुमार, गिरेंद्र प्रसाद, दिनेश महतो, शंकर मिश्रा,जावेद हुसैन व दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## त्रिवेणी फैक्ट्री चालू करने की कवायद तेज

बड़कागांव। मंगलवार को बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने सुबह के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात किया। विधायक ने इस दौरान विगत पूर्व बड़कागांव में जिला प्रशासन एवं कंपनी प्रबंधन की मौजूदगी में हुई बैठक में लिए गए फैसले पर 300 विस्थापित लोगों को नौकरी प्रदान करने के आश्वासन पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने पर ध्यान आकृष्ट कराया। अंबा प्रसाद ने बताया कि जिला प्रशासन एवं ग्रामीण विस्थापितों के बीच अगस्त 2023 में कंपनी प्रबंधन के मौजूदगी में बैठक में निर्णय लिया गया था गया था कि एक महीने के भीतर 300 स्थानीय लोगों को 3 महीने की बीटीसी ट्रेनिंग के बाद रोजगार से जोड़ा जाएगा।

## कुजू : राधाकृष्ण मंदिर में कलश स्थापना



**कुजू।** गुंबद पर कलश स्थापना को लेकर दिगवार के निर्माणाधीन राधा कृष्ण मंदिर में सोमवार को पूजा – पाठ हुआ। यज्ञाचार्य विकास कुमार पांडेय, रोशन कुमार शास्त्री और शुभम पांडेय ने पूजा –अर्चना कराया गया। पूजा के बाद कलश स्थापना में महिला –पुरुष श्रद्धालु अपने इच्छा अनुसार दान पात्र में सहयोग राशि दी ।उस राशि को समिति द्वारा कलश में भरा गया। तत्पश्चात पूरे विधि – विधान के साथ कलश को मंदिर के शीर्ष पर स्थापित किया गया। करीब 20 से 25 लाख रुपए की लागत से भव्य मंदिर बनाया जाएगा। मौके पर पुण्य प्रकाश, महावीर महतो, सुनील कुमार, अरुण कुशवाहा, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## 15 सूत्री मांग को ले संघर्ष मोर्चा ने किया प्रदर्शन

कुजू। विस्थापित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सोमवार को सीसीएल कुजू क्षेत्र के सारुबेड़ा परियोजना के मुख्य द्वार पर बगलता के आक्रोशित रैयतों और ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन कर 15 सूत्री मांगपत्र प्रबंधन को सौंपा। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता कर रहे मजदूर नेता सह जनता मजदूर संघ के कुजू क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो ने कहा की प्रबंधन हमलोगों के जायज मांग पर विचार नही करती है, तो हम ग्रामीणों के द्वारा चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेंगे। जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी।

## मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता रथ रवाना

हजारीबाग। उप विकास आयुक्तप्रेरणा दीक्षित ने बुधवार को हजारीबाग नशा मुक्त जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी निवेदिता रॉय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार उपस्थित रहें। उप विकास आयुक्त ने कहा कि मादक पदार्थों का दुरुपयोग को कम करने, इसके व्यपार मे संलिप्त तस्करों तथा उपयोकताओं के विरुद्ध सख़्त कानूनी कारवाई के साथ–साथ समाज को, विशेषकर किशोर तथा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम जिले में भी संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जिला एवं प्रखंड स्तर पर कार्यशाला, विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम जिसमें बाजार–हाट आदि में नुक्कड़ नाटक, जागरूकता कार्यक्रम सहित विद्यालय स्तर पर क्विज व निबंध लेखन आदि विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं होंगी।

### ग्रामीण विकास सचिव ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से योजनाओं की समीक्षा

# लंबित योजनाओं को समय पर करें पूरा : श्रीनिवासन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** ग्रामीण विकास सचिव के. श्रीनिवासन ने कहा कि मनरेगा कोई योजना नहीं, बल्कि यह ग्रामीणों के लिए रोजगार का सृजन का सशक्त माध्यम है। कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना ही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सभी उप विकास आयुक्तों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि मनरेगा से जुड़ी योजनाओं की पूरी तरह से निगरानी की जाये, ताकि वह धरातल पर दिखाई दे। इसके लिए विशेष ख्याल रखें कि योजनाएं तय समय सीमा में पूरी हों। वह बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग सभागार में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा के दौरान ग्रामीण विकास सचिव को जानकारी दी गयी कि अबुआ आवास योजना के तहत पहले चरण में स्वीकृत किए गए 2 लाख आवास निर्माण को पहली किस्त की राशि जारी कर दी गयी है। उन्होंने आवास निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लाभुकों की चयन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाये। जिन्हें अबुआ आवास आवंटित हो चुका है और उनके पहला चरण का कार्य संतोषजनक है, तो उन्हें दूसरी किस्त की राशि जारी करें।





श्रीनिवासन ने कहा कि अबुआ आवास योजना से स्वच्छ भारत मिशन के शौचालय निर्माण योजना को जोड़ें। शौचालय निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू हो। उन्होंने अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत 75 तालाबों के जीर्णोद्धार/निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त जलछाजन योजना की भी समीक्षा की गई।ग्रामीण विकास सचिव ने बिरसा हरित ग्राम योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना अंतर्गत जिलों में शत प्रतिशत कार्य स्वीकृत किये जाएं। उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पौधे लगाने के साथ उसके रख- रखाव एवं संरक्षण की भी पूरी व्यवस्था हो । नवंबर के पहले तक एक लाख कूपों का निर्माण पूर्ण करें। बैठक के दौरान मनरेगा आयुक्त श्रीमती राजेश्वरी

**कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना हमारी प्राथमिकता : मनरेगा आयुक्त**

बी ने वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना की पूर्णता में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्धारित समय सीमा में स्थानीय श्रमिकों द्वारा निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस से जुड़ी सखी मंडलों और उससे संबंधित महिलाओं को सक्रिय कर बिरसा हरित ग्राम योजना से जोड़ें। मनरेगा आयुक्त ने आधार बेस्ट पेमेंट की कमजोर प्रगति पर नाराजगी जतायी और कहा कि तय लक्ष्य के अनुसार सुधार लाया जाए। उन्होंने कहा कि मनरेगा से जुड़े पूर्व के पूर्ण आवासों के लिए मस्टर रोल जारी किया जाए, ताकि आवास निर्माण के क्रम मे ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस का सृजन किया जा सके। बैठक में संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग जितेंद्र देव सहित सभी जिलों के उप विकास आयुक्त और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## सभी रैयतों को जमीन के बदले नौकरी दे सीसीएल : फागू बेसरा

**चरही ।** सीसीएल मुख्यालय रांची दरभंगा हाऊस में मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्य फागू बेसरा, यूनियन लीडर कुमार महेश सिंह,एवं अभिषेक कुमार, ने सीसीएल सीएमडी नेलुंदू कुमार सिंह, से औपचारिक मुलाकात किया।साथ ही सीसीएल हजारीबाग एरिया के तापिन साउथ के रैयत रामकिशोर मुर्मू,संजय मुर्मू,जगदीश मांझी, गणेश मांझी,जीबलाल मुर्मू ने भी सीसीएल सीएमडी से मुलाकात कर जमीन के बदले जल्द से जल्द नौकरी और पुर्नवास को लेकर बातों को रखा। बेसरा ने सीसीएल सीएमडी को बताया कि सीसीएल कुजू एरिया, सहित सीसीएल के अन्य जगह बंद पड़ी परियोजनाओं को जल्द चालू कराने का आग्रह किया। सीसीएल के सभी परियोजनाओं के रैयतों को रैयती भूमि एवं जोत-आबाद कर रहे गैरमजुरुआ भूमि के बदले अविलंब नौकरी देने कि बात कही। सीसीएल के परियोजनाओं में रह रहे रैयतों का सर्वे कर पुर्नवास की व्यवस्था की जाये।

## सभी स्वास्थ्य केंद्रों में बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करें : उपायुक्त

- लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध करायें
- वात्सल्या धाम व ओल्ड एज होम के लिए डीपीआर बनायें

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़ ।** जिले में अनाबद्ध निधि, पर्यटन विकास एवं डीएमएफटी के माध्यम से हो रहे विकास कार्यों को लेकर बुधवार को डीसी चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय के सभागार में बैठक की। बैठक में विकास कार्यों व अन्य योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य व्यवस्था को और भी सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सभी स्वास्थ्य केंद्रों में बायोमेट्रिक अटेंडेंस लगाने एवं सभी स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मियों को बायोमेट्रिक के द्वारा ही अपनी उपस्थिति दर्ज करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जिले के वैसे स्वास्थ्य केंद्रों जहां बिजली सुचारू रूप से उपलब्ध नहीं है वैसे स्वास्थ्य केंद्रों में जल्द से जल्द बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश कार्यपालक अभियंता बिजली वितरण रामगढ़, कुजू को दिया। वहीं, उन्होंने सदर अस्पताल रामगढ़ में तैयार मॉड्यूलर ओटी का निरीक्षण कर उसे हैंडोवर करने का निर्देश सिविल सर्जन रामगढ़ एवं पीएमयू टीम को दिया। बैठक में डीसी ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल की समीक्षा के क्रम में उरलूंग एवं आरा जल वितरण योजना की जानकारी कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ से लिया एवं उसे जल्द से जल्द पूर्ण कर लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

बैठक में डीसी ने डीएमएफटी के तहत संचालित विभिन्न कार्यकारी एजेंसीयों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं सभी कार्यकारी एजेंसियों को उनके तहत किए जा रहे हैं योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने वात्सल्या धाम और ओल्ड एज होम के लिए स्थल निरीक्षण कर डीपीआर तैयार करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल रामगढ़ को दिया। बैठक के दौरान डीसी ने गोला प्रखंड अंतर्गत मगनपुर फिशरी साइट को जिला स्तरीय मत्स्य पालन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए साइट का निरीक्षण कर उसे मत्स्य पालन केंद्र के रूप में विकसित करने का निर्देश जिला मत्स्य पदाधिकारी को दिया। जिला अनाबद्ध निधि एवं डीएमएफटी के माध्यम से संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए डीसी ने अब तक हुए कार्यों की विस्तार से जानकारी ली एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत योजनाओं को 15 जुलाई से पहले पूर्ण कराने का निर्देश दिया। मौके पर डीसी ने जिले के वैसे स्कूल जिनमे चारदीवारी नही है वहां चारदीवारी के निर्माण के लिए कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंताओं को कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया।

## सांसद जायसवाल ने पतरातू में निकाला आभार यात्रा

भुरकुंडा (रामगढ़)। सांसद मनीष जयसवाल ने बुधवार को पतरात प्रखंड का तुफानी दौरा कर जीत के लिए लोगों का अभिवादन किया। जयसवाल ने पदयात्रा कर अपनी जीत के लिए लोगों के प्रति आभार जताया। आभार यात्रा के क्रम में सांसद ने बासल क्षेत्र के लबगा स्थित मैरेज हॉल में विस्थापितों के साथ बैठक कर उनकी समस्या सुनी। साथ ही समाधान का आश्वासन दिया। इसी क्रम में सौंदा डी पंचायत के यात्री शेड स्थल पर जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जयसवाल ने कहा सौंदा डी पंचायत के पांचों बुथ से हमारी जीत हुई है इसके लिए पूरे पंचायतवासियों को हृदय से आभार व्यक्त करने आया हूं। मौके पर सौन्दा डी पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पाण्डेय ने पंचायत की महत्वपूर्ण योजना करने हेतु सांसद को पत्र सौंपा।

इसके पर्व सौंदा डी की ओर से सांसद को फूल माला पहनाकर और बुके देकर जोरदार स्वागत किया गया। साथ ही मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी गई। मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, मंडल अध्यक्ष सह जिला पार्षद राजाराम प्रजापति, वरिष्ठ भाजपाई



राधेश्याम अग्रवाल, दशरथ कुर्मी, पूर्व उपप्रमुख रमाशंकर पांडेय उर्फ नुनू पांडेय, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अवितेश सिंह, मंडल महामंत्री पंकज सिंह, मंडल उपाध्यक्ष किशोर महतो, युवा मोर्चा के पतरातु मंडल अध्यक्ष गणेश ठाकुर, सुखदेव प्रसाद, दिनेश प्रसाद, मुलचंद साहु, बालेश्वर कुमार, अनिल राय, धर्मेन्द्र सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थें। कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा पंचायत अध्यक्ष विष्णु राम, रामगढ़ जिला सोशल मीडिया प्रभारी भाजपा संतोष कुमार शर्मा, बुथ अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, अजीत जयसवाल, युवा नेता राकेश सिन्हा, परदेशी नोनिया, शेष नारायण पाण्डेय, मनोज शर्मा, विष्णु कुमार, पुकार ठाकुर, रविकांत कुमार, जितेंद्र साव, सिंटु गुप्ता, टेटकु साव, रविंद्र पांडेय, नागेंद्र राजभर, आशीष शर्मा, चिकु रजवार, भगवान दास, सुरेन्द्र प्रसाद, प्रदीप कुमार, सोहन मिश्रा, चंदन कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

## मारवाड़ी युवा मंच व चेतना ने लगाया रक्तदान शिविर

**सभी को बढ़-चढ़कर करना चाहिए रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति को काम आ सके ब्लड : उपायुक्त**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़ ।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच 14 से 30 जून तके देश में रक्तदान पखवाड़ा मना रहा है। इसी के तहत मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा एवं चेतना शाखा ने रामगढ़ ब्लड बैंक के सहयोग से गोला रोड स्थित मारवाड़ी धर्मशाला के सभागार में रक्तदान शिविर का लगाया। उपायुक्त चंदन कुमार ने रक्तदान शिविर का किया उद्घाटन। मारवाड़ी युवा मंच की ओर से गोविंद मेवाड़ ने उपायुक्त को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उपायुक्त ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच देश में बढ़-चढ़कर समाज सेवा के क्षेत्र में काम करता है। रक्तदान कर लोगों का जान बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को बढ़-चढ़कर रक्तदान करना चाहिए। ताकि किसी जरूरतमंद व्यक्ति को उनका रक्त काम आ सके। उन्होंने कहा रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है एवं वह खुद समय समय पर रक्तदान करते रहते है। मारवाड़ी युवा मंच, रामगढ़ शाखा एवं चेतना शाखा के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल एवं अन्नू खंडेलवाल ने कहा कि अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच पूरे देश में 14 से 30 जून तक रक्तदान पखवाड़े का आयोजन कर रहा है एवं पूरे देश में 31000 यूनिट रक्त संग्रह करने का हमारा लक्ष्य है। उसी के तहत आज मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ शाखा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें 92 लोगों ने रक्तदान किया है। शिविर में मंच के सदस्यों के अलावा शहर के कोने-कोने से युवाओं ने रक्तदान किया। इस बढ़ती गर्मी को देखते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिससे जरूरतमंद मरीज को सही समय पर रक्त उपलब्ध हो सके और रक्त की कमी के कारण किसी भी मरीज की मृत्यु ना हो। शिविर को सफल बनाने में अध्यक्ष- आशीष अग्रवाल, अन्नू खंडेलवाल, सचिव- धीरज बंसल, प्राची चौधरी, कोषाध्यक्ष - श्रींजय मेवाड़, शैली अग्रवाल, मीडिया प्रभारी - राहुल अग्रवाल, मंच संचालक - राहुल जैन, सहित पूर्व अध्यक्ष नीलींद अग्रवाल, अमित अग्रवाल, लोकेश बगड़िया, आशीष मेमानी, विजय खंडेलवाल, शरद चौधरी, अभिषेक अग्रवाल, संतोष गोकुलका, नीतेश बरेलिया, पंकज अग्रवाल, रवि अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, उज्जवल बरेलिया, आशुतोष बरेलिया, नरेश अग्रवाल, अमन बौंदिया, निखिल अग्रवाल, मोहित अग्रवाल सहित कार्यक्रम संयोजन में नेहा सूरज अग्रवाल, मिलि अग्रवाल, रवि अग्रवाल, नीतेश बरेलिया, राहुल अग्रवाल, संतोष गोकुलका, उज्जवल

### प्रपत्र VI
### समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना**

**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)**

चुकि समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना जीहु–ईटखोरी पथ पेब्ड सोल्डर सहित डुमरौन होते हुए बहिमर चौक तक चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य ग्राम–कण्डादाग, थाना–पदमा, थाना सं0–29, अंचल–पदमा, जिला–हजारीबाग में कुल 0.856 एकड़ यानि 0.34642 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है। इसलिए अधिसूचना किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश कुल 0.856 एकड़ यानि 0.34642 हेक्टेयर है और जो ग्राम–कण्डादाग, थाना–पदमा, थाना सं0–29, अंचल–पदमा, जिला–हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्न है:–

| क्र0 सं0 | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन किया जाने वाला क्षेत्रफल | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 141 | 613 | निजी | टाड़–II | 0.01 | जमुना ओझा वगै0 पिता देवनाथ ओझा वो तुलसी ओझा वगै0 पिता दुर्गा ओझा जाति ब्राहम्मण नि0 लाटी वो बकास्त लगान पानेवाला | रामदेव ओझा | प्लॉट 112 | रास्ता | निज |
| 2 | 143 | 614 | निजी | टाड़–III | 0.034 | रामसेवक ओझा वगै0 पिता जागो ओझा वो भैरो ओझा वगै0 पिता मदन ओझा जाति ब्राहम्ण नि0 लाटी वो बकास्त लगान पानेवाला | प्लॉट नं0–615 | जमुना ओझा | रास्ता | निज |
| 3 | 139 | 616 | निजी | टाड़–II | 0.022 | कृष्णा ओझा वगै0 पिता सुरज ओझा वो कैलास ओझा वगै0 पिता जगदीश ओझा वो मनोज ओझा वगै0 पिता नन्द किशोर ओझा वो सुरेश ओझा वगै0 पिता हरिहर ओझा वो शिबु ओझा वगै0 पिता गोविन्द ओझा जाति ब्राहम्ण नि0 लाटी वो बकास्त लगान पानेवाला | शक्ति ओझा | प्लॉट 615 | रास्ता | निज |
| 4 | 25 | 618/1 | निजी | टाड़–II | 0.034 | शक्ति ओझा वगै0 पिता महेश्वर ओझा जाति ब्राहम्ण निवासी लाटी वो माधो नाई पेशरान रघुनाथ नाई | संतोष ओझा | कृष्णा ओझा वगै0 | रास्ता | निज |
| 5 | 25 | 618/2 | निजी | टाड़–II | 0.035 | संतोष ओझा वगै0 पिता शक्ति ओझा वो अजित ओझा वगै0 पिता अनुज ओझा जाति ब्राहम्ण नि0 कडादाग लाटी वो माधो नाई पेशरान रघुनाथ नाई | प्लॉट नं0–619 | शक्ति ओझा | रास्ता | निज |
| 6 | 25 | 619 | निजी | टाड़–II | 0.02 | माधो नाई पेशरान रघुनाथ नाई | रामदेव ओझा | संतोष ओझा | रास्ता | निज |
| 7 | 143 | 621 | निजी | टाड़–III | 0.018 | रामसेवक ओझा वगै0 पिता जागो ओझा वो भैरो ओझा वगै0 पिता मदन ओझा जाति ब्राहम्मण नि0 लाटी वो बकास्त लगान पानेवाला | तुलसी ओझा वगै0 | प्लॉट 619 | रास्ता | निज |
| 8 | 141 | 622 | निजी | टाड़–II | 0.008 | तुलसी ओझा वगै0 पिता दुर्गा ओझा वो धीरेन ओझा वगै0 पिता काली ओझा वो शंकर ओझा वगै0 पिता झारखण्डी ओझा वो जमुना ओझा वगै0 पिता देवनाथ ओझा जाति ब्रा0 नि0 लाटी वो बकास्त लगान पानेवाला | प्लॉट नं0 624 | रामसेवक ओझा वगै0 | रास्ता | निज |
| 9 | 141 | 624 | निजी | टाड़–II | 0.006 | बकास्त लगान पानेवाला | जमुना ओझा वगै0 | तुलसी ओझा वगै0 | रास्ता | निज |
| 10 | | 625 | निजी | टाड़–III | 0.043 | जमुना ओझा वगै0 पिता देवनाथ ओझा वो तुलसी ओझा वगै0 पिता दुर्गा ओझा जाति ब्राहम्मन नि0 लाटी | शक्ति ओझा वगै0 | प्लॉट नं0 624 | रास्ता | निज |
| 11 | 25 | 626 | निजी | टाड़–II | 0.013 | शक्ति ओझा वगै0 पिता महेश्वर ओझा वो शीतल ओझा वगै0 पिता उमेश्वर ओझा वो अभय ओझा पिता कामेश्वर ओझा वो जमुना ओझा वगै0 पिता देवनाथ ओझा जाति ब्रा0 नि0 लाटी माधो नाई पेशरान रघुनाथ नाइ | कृष्णा ओझा वगै0 | जमुना ओझा | रास्ता | निज |
| 12 | 139 | 627 | निजी | टाड़–II | 0.004 | कृष्णा ओझा वगै0 पिता सुरज ओझा वो कैलास ओझा वगै0 पिता जगदीश ओझा वो मनोज ओझा वगै0 पिता नन्द किशोर ओझा वो निवास ओझा पिता रामचंद्र ओझा वो सुरेश ओझा वगै0 पिता हरिहर ओझा वो शिबु ओझा वगै0 पिता गोविन्द ओझा जाति ब्राहम्ण नि0 लाटी वो बकास्त लगान पानेवाला | जमुना ओझा वगै0 | शक्ति ओझा वगै0 | रास्ता | निज |
| 13 | 133 | 731 | निजी | टाड़–II | 0.001 | जमुना ओझा वगै0 पिता देवनाथ ओझा वो तुलसी ओझा वगै0 पिता दुर्गा ओझा जाति ब्राहम्मन नि0 लाटी वो माधोराम वल्द रघु राम | प्लॉट नं0 627 | सिमाना लाटी | रास्ता | निज |
| 14 | | 736 | निजी | टाड़–III | 0.028 | प्लॉट नं0 736 का रैयत | प्लॉट नं0 635 | जमुना ओझा | निज | रास्ता |
| 15 | | 737 | निजी | टाड़–III | 0.018 | जमुना ओझा वगै0 पिता देवनाथ ओझा वो तुलसी ओझा वगै0 पिता दुर्गा ओझा जाति ब्राहम्मन नि0 लाटी | प्लॉट नं0 736 | प्लॉट 738 | निज | रास्ता |
| 16 | 29 | 738 | निजी | टाड़–II | 0.01 | माधो नाई वल्द रघु नाई | जमुना ओझा वगै0 | जमुना ओझा | निज | रास्ता |
| 17 | 141 | 740 | निजी | टाड़–II | 0.03 | जमुना ओझा वगै0 पिता देवनाथ ओझा वो तुलसी ओझा वगै0 पिता दुर्गा ओझा जाति ब्राहम्मन नि0 लाटी वो बकास्त लगान पानेवाला | प्लॉट नं0 738 | रामसेवक ओझा वगै0 | निज | रास्ता |
| 18 | 143 | 742 | निजी | टाड़–III | 0.022 | रामसेवक ओझा वगै0 पिता जागो ओझा वो भैरो ओझा वगै0 पिता मदन ओझा जाति ब्राहम्मण नि0 लाटी वो बकास्त लगान पानेवाला | जमुना ओझा वगै0 | मनोज ओझा वगै0 | निज | रास्ता |
| | 139 | 744 | निजी | टाड़–II | 0.152 | मनोज ओझा वगै0 पिता नन्दकिशोर ओझा वो निवास ओझा पिता रामचन्द्र ओझा वो कृष्ण ओझा वगै0 पिता सुरज ओझा वो कैलास ओझा वगै0 पिता जगदीश ओझा वो सुरेश ओझा वगै0 पिता हरिहर ओझा वो शिबु ओझा वगै0 पिता गोविन्द ओझा जाति ब्रा0 नि0 लाटी वो बकास्त लगान पानेवाला | रामदेव ओझा | जमुना ओझा | निज | रास्ता |
| 20 | 141 | 746 | निजी | टाड़–II | 0.03 | जमुना ओझा वगै0 पिता देवनाथ ओझा वो तुलसी ओझा वगै0 पिता दुर्गा ओझा जाति ब्राहम्मन नि0 लाटी वो बकास्त लगान पानेवाला | मनोज ओझा वगै0 | कालीचरण मेहता | निज | रास्ता |
| 21 | 24 | 747 | निजी | टाड़–II | 0.14 | कालीचरण मेहता पिता फुलचंद महतो जाति सोकियार नि0 पदमा वो बकास्त लगान पानेवाला | जमुना ओझा वगै0 | प्लॉट नं0 748 अंश | निज | रास्ता |
| 22 | 19 | 752 | निजी | टाड़–II | 0.178 | बकास्त लगान पानेवाला | प्लॉट नं 583 | प्लॉट नं 2747 | रास्ता | निज |
| | | | | कुल | 0.856 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धार 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR 326871 (Land Reforms) 24-25 (D)

ह/–
उपायुक्त, हजारीबाग।

## झुमरी तिलैया नप क्षेत्र की समस्याओं को लेकर विधायक ने की समीक्षा बैठक

# नगर वासी होल्डिंग टैक्स देगा तो सुविधा लेगा ही : डॉ.नीरा यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** नगर परिषद् झुमरीतिलैया स्थित कार्यालय में बुधवार को स्ट्रीट लाइट, नाली सफाई, सड़क निर्माण, कचरा उठाव, पार्क रख रखाव, निर्मित शौचालय के रख रखाव को लेकर समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. नीरा यादव, नगर प्रशासक हर्ष वर्धन, नगर प्रबंधक अरविंद बर्णवाल, सतीश कुमार, कनीय अभियंता दीपक कुमार यादव, लाल महतो, सफाई निरीक्षक राजू राम सहित अन्य कर्मी एवं स्थानीय उपस्थित थे। वहीं विधायक ने समीक्षा के दौरान पूछे जाने पर कचरा उठाव की 11 गाड़ी उपयोग में होने की बात पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कचरा उठाव तरीके से क्यों नहीं हो रहा है, सीएच स्कूल के समीप हाइ मास्ट लाइट लगने के सात माह पश्चात् भी अभी तक स्टार्ट क्यों नहीं हुआ।

वहीं जिम खाने के कई समान टूट जाने की शिकायत मिली, जिसपर विधायक ने कहा कि स्टेशन रोड़ को वन-वे के साथ जाम से निजात के लिए व्यवस्था दुरुस्त करें। वहीं केसरिया चौक से रघुराम के घर तक नाली सफाई करें, स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करें और उसके रख रखाव वाले संवेदक की जमानत राशि को जब्त करते हुए उनपर नियम संगत कार्यवाई करें। जिसपर विभाग द्वारा लगे 3500 स्ट्रीट लाइट में मात्र 1243 संख्या के चालू रहने की बात स्वीकार की गई। इस पर विधायक ने नाराजगी जाहिर करते हुए लाइट प्रभारी सिटी मैनेजर सतीश कुमार को फटकार लगाते हुए तीन दिनों में सुधार करने की चेतावनी दी। वहीं प्रशासक द्वारा फंड की कमी बताए जाने पर विधायक ने अपने फंड देने की बात कही। उन्होंने कहा कि झुमरीतिलैया नगर हमारी शान है, इसका जिक्र प्रधानमंत्री भी प्रशंसा के साथ कर चुके हैं, इसीलिए इसमें व्यवस्था दुरुस्त करना मेरी प्राथमिकता है। वहीं उन्होंने प्रशासक को कहा कि आप रोस्टर बना कर 28 वार्ड में एक एक कर्मी को नियुक्त करें और नियमित कचरा उठाव एवं नाली सफाई का काम करना आवश्यक समझें। पेयजलापूर्ति नहीं होने पर पानी की किल्लत वाले वार्डों में टैंकर से पानी देने का काम सुनिश्चित करें। लोगों की शिकायतों के अनुसार ताराटांड़, पचीसिया गली, वार्ड 26 सावित्री नगर की नालियों की सफाई करायें, रोड मैप तैयार कर रोस्टर के अनुसार व्यवस्था दुरुस्त रखें। वहीं उन्होंने नरेश नगर में पानी की सुविधा देने की बात कही। वहीं ब्लॉक मैदान स्थित पार्क में शौचालय को तुरंत दुरुस्त करने की हिदायत दी। वहीं नगर प्रशासक ने विधायक को बताया कि जाम से निजात के लिए तीन वेंडिंग जोन बनाने की पहल की जा रही है। स्ट्रीट लाइट संवेदक पर कार्यवाई करने एवं उसके जगह पर दूसरे व्यवस्था पर विचार करने की बात कहे। वहीं प्रशासक द्वारा विधायक द्वारा कई अनुशंसित योजनाओं में शेष के जल्द निविदाएं निकालने की भी बात कहा। मौके पर आकिरियों के अलावे विशाल सिंह नीलू, अनुराग सिंह, मनीष पांडे, बलराम यादव, सबिता देवी, शंभू पासवान, बिनोद कुमार, रेखा भदानी, रीता लोहानी, दिनेश सिंह, सीमांत प्रसाद, बेबी देवी, संतोषी देवी, सोनू चंद्रवंशी, संजीव यादव, सुदीप्तो घोष आदि मौजूद थे।



## टंकी निर्माण कार्य में जान जोखिम में डालकर कार्य कर रहे हैं मजदूर, हादसे की आशंका



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड में प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी टंकी निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें बिना सुरक्षा उपकरणों के मजदूर करीब 50 फिट ऊंचाई पर कार्य कर रहे हैं। लोगों की प्यास बुझाने के लिए जान जोखिम में डालकर मजदूर कार्य कर रहे हैं, लेकिन ठेकेदार द्वारा सुरक्षा उपकरण मुहैया नहीं कराने से हादसे की आशंका बनी हुई है। 50 फीट से अधिक ऊंची पानी की टंकियों में काम करने वाले मजदूर बिना हेलमेट और सुरक्षा बेल्ट के खुले में काम कर रहे हैं। मजदूर घिरनी और रस्सी के सहारे छड़, बांस, सीमेंट, गिट्टी, बालू आदि को 50 फीट से अधिक ऊपर उठाते हैं। दो-तीन मजदूर 50 फीट से अधिक ऊंचाई पर बने मचान के सहारे निर्माण सामग्री को ऊपर उठाते हैं और निर्माण कार्य करते हैं। ठेकेदार अपनी मनमर्जी करते हुए मजदूरों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहा है। हल्की सी चूक और मजदूर की जान जा सकती है।

इन्हे सेफ्टी बेल्ट, जूते, पीवीसी टोपी आदि सुरक्षा उपकरण अनिवार्य रूप से दिए जाने चाहिए। इसके बावजूद कार्य करने वाली एजेंसी के संवेदक और कनीय अभियंता समेत अन्य सरकारी विभागों द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# शालिनी गुप्ता का बिजली ऑफिस के समक्ष धरना प्रदर्शन आज

**बिजली व पेयजल की समस्याओं पर उठाएंगी आवाज**

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** गर्मी से लोगों का जीवन बना जहन्नुम, इसी समस्या के समाधान को लेकर गुरूवार को विद्युत कार्यालय झुमरीतिलैया के समक्ष पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर रही है। धरना प्रदर्शन में उन्होंने सभी जिलेवासियों से अपील की है कि वे समर्थन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपनी आवाज बुलंद करें। जन-जीवन पर इस भारी गर्मी का असर बहुत ही प्रभावशाली रहा है, जिसके कारण लोगों को रोजगार और दैनिक जीवन में बड़ी मुश्किलें आ रही हैं। विशेषकर छात्रों की पढ़ाई, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, लघु उद्योगों और होटल व्यवसायों पर भी इसका गंभीर असर हो रहा है। वहीं श्रीमती गुप्ता ने इस संकट को लेकर बताया कि बिजली आपूर्ति



में अनियमितता और उच्च शुल्क की समस्या बढ़ रही है। वह कहती हैं कि बिजली कार्यालय द्वारा मीटर रीडिंग में तकनीकी दिक्कतों का समाधान नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण लोगों को बार-बार बिजली कटौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने आगामी धरना प्रदर्शन के संबंध में जिले की जनता से अपील की है कि वे सक्रियता से इसमें भाग लें और समस्याओं को समाधान के लिए आवाज उठाएं। वहीं दूसरी ओर तिलैया नगर परिषद के लोगों को भी नियमित जल आपूर्ति की समस्या है, जिसके कारण पेयजल की बहाल में भी बड़ी चुनौतियां आ रही हैं। वहीं उन्होंने कहा की कोडरमा सहित झुमरीतिलैया के निवासियों के लिए स्वच्छ पेयजल की समस्या बड़ी चिंता का विषय है, जिसके समाधान हेतु सरकारी विभागों को कार्रवाई में सक्रिय रहना चाहिए। मौसम से पहले ही निदान की गारंटी देनी चाहिए और संक्रमण को रोकने के लिए उपयुक्त उपाय अवश्य किए जाने चाहिए। साथ ही स्वच्छ पेयजल के सैंपल निरीक्षण केंद्र की स्थापना भी महत्वपूर्ण है, ताकि जल्दी से जांच हो सके। वहीं श्रीमती गुप्ता ने कहा कि यह सभी समस्याओं का निराकरण केवल सरकारी स्तर पर ही संभव नहीं है, बल्कि समुदाय की सक्रिय भागीदारी और लोगों की आवाज के साथ मिलकर ही यह संकट विषम परिस्थितियों को सुधारा जा सकता है। वहीं शालिनी गुप्ता ने कहा की वे जनहित के मुद्दे लेकर लगातार इसी प्रकार संघर्ष करती रहेंगी और जनता की आवाज बनेंगी। वहीं उन्होने लोगों से अपील की है कि इस धरना में उनके साथ इन समस्याओं का समाधान करने में सक्रिय रूप से भाग लें।

## ऑटो पलटने से एक व्यक्ति की मौत, तीन घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के नवलशाही थाना अंतर्गत पंचगामा मोड के समीप मंगलवार की रात ऑटो के अनियंत्रित होकर पलट जाने से ऑटो पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी। वहीं तीन लोग घायल हो गए। वहीं मृतक की पहचान 50 वर्षीय प्रकाश मेहता के रूप में हुई। वहीं घायलों में 60 वर्षीय कमलेश साव, 58 वर्षीय बहादुर राम, 40 वर्षीय कैलाश यादव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार ऑटो में चार लोग सवार होकर महेशपुर से पुरनाडीह जा रहे थे। इसी दौरान पचगामा मोड के समीप ऑटो के अनियंत्रित होकर पलट जाने से दुर्घटना घटी, वहीं ग्रामीणों ने आनन फानन में 108 एम्बुलेंस की मदद से सदर अस्पताल लाया गया, जहां प्रकाश मेहता को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## पत्थर खदानों में अनियमितता से सरकार को हो रहा है लाखों का नुकसान

**चतरा।** जिले में पत्थर खदानों का संचालन नियमों को ताक पर रखकर किया जा रहा है, जिससे सरकार को हर महीने लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। निर्धारित स्थल से हटकर पत्थर का खनन किया जा रहा है और वाहनों से अधिक पत्थर की ढुलाई कर कम चालान प्रस्तुत किया जा रहा है। हंटरगंज, सदर और सिमरिया प्रखंड में सबसे अधिक नियमों का उल्लंघन करते हुए माइंस का संचालन किया जा रहा है। हैवी ब्लास्टिंग में भी खनन नियमों का पालन नहीं हो रहा है। उपायुक्त के निर्देश पर कुछ दिन पहले हंटरगंज में कई माइंस की जांच की गई थी, जिसमें काफी गड़बड़ी पाई गई थी और खनन विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए जुमार्ना लगाया गया है। इसके अलावा, क्रशर का संचालन भी नियमों को ताक पर रखकर किया जा रहा है और कई क्रशर वन सीमा क्षेत्र के करीब और एनएच के किनारे संचालित किए जा रहे हैं। कई माइंस और क्रशर घनी आबादी के बीच चलाए जा रहे हैं, जिससे आए दिन दुर्घटना हो रही है और ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं। जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो ने सभी पत्थर माइंस की जांच के आदेश दिए हैं और जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। जुमार्ना भी वसूला जा रहा है और खनन नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

**एक नजर में**

## एनटीपीसी से विस्थापित 6 गांवों की समस्याओं को लेकर बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा।** सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सनी राज की अध्यक्षता में बुधवार को एनटीपीसी से विस्थापित 6 गांवों के मुखिया, जिला परिषद सदस्य उत्तरी मध्य दक्षिणी समेत वीडीएसी के सभी सदस्यों ने एनटीपीसी के महाप्रबंधक के साथ टंडवा प्रखंड सभागार कार्यालय में बैठक की। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने क्षेत्र की दर्जनों समस्याओं के बारे में अनुमंडल पदाधिकारी को अवगत कराया। बैठक में कई निर्णय लिए गए और अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि इस तरह की वीडीएसी की बैठक प्रत्येक महीने के 15 से 20 तारीख के बीच की जाएगी।

बैठक में एनटीपीसी से विस्थापित 6 गांवों के मुखिया, जिला परिषद सदस्य उत्तरी मध्य दक्षिणी समेत वीडीएसी के सभी सदस्य और एनटीपीसी के महाप्रबंधक उपस्थित थे। बैठक में क्षेत्र की दर्जनों समस्याओं पर चर्चा हुई और कई निर्णय लिए गए।

## नो इंट्री और बिजली की समस्या को लेकर डीसी का कराया ध्यान आकृष्ट



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा।** टंडवा प्रखंड में निर्बाध बिजली आपूर्ति और कोयला वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग को लेकर सांसद कालीचरण सिंह और विधायक किसुन कुमार दास ने चतरा में डीसी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान, सांसद और विधायक ने कोयला वाहनों के कारण होने वाली समस्याओं और बिजली की अनियमित आपूर्ति के बारे में डीसी को अवगत कराया। डीसी ने इस मामले में हस्तक्षेप करने और कोयला वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने तथा बिजली की समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।

## पानी बिजली दे न सके वो सरकार निकम्मी है: व्यावसायिक संघ



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास के नेतृत्व में बिजली की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। व्यावसायिक संघ टंडवा ने इस आंदोलन को अंतिम पड़ाव तक अपना समर्थन देने की घोषणा की है। एनटीपीसी टंडवा को बिजली देना होगा और यदि उसके नियमों में कोई बाधा है तो उसे संशोधित कर सभी को बिजली मुहैया कराई जाए।

व्यावसायिक संघ टंडवा आंदोलनकारियों के साथ है और यदि जरूरत पड़ी तो दिल्ली तक आंदोलन किया जाएगा।

## मुकेश मोदी की पहली पुण्यतिथि मनी

**मरकच्चो (कोडरमा)।** क्षेत्र के जाने माने पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी सह समाजसेवी बांन चौक निवासी पूर्व प्रमुख पति व मरकच्चो के जाने माने व्यवसायी नितिन चन्द्र गुप्ता व प्रवीण चन्द्र गुप्ता के पिता स्व. मुकेश मोदी की पहली पुण्यतिथि बुधवार को मरकच्चो स्थित उनके निवास स्थान पर मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. मुकेश मोदी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उक्त अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री सह स्वतंत्र निदेशक वित्त मंत्रालय जीआईसी भारत सरकार विनीता कुमारी, पूर्व प्रखंड प्रमुख सावित्री देवी व मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के हाथों 51 जरूरतमंद महिलाओं के बीच साड़ियों का वितरण किया गया।

## विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर सिकल सेल एनीमिया रोकथाम पखवाड़ा का शुभारंभ

# स्वास्थ्य विभाग शत-प्रतिशत करें कार्य : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोडरमा के प्रांगण से पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम के लिए 19 जून से 3 जुलाई 2024 तक पखवाड़ा चलाया जायेगा। जिसका उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा विधिवत दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। उपायुक्त ने कहा कि सिकल सेल रोग की रोकथाम के लिए जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर स्क्रीनिंग का शुभारंभ किया गया है। साथ ही इसकी शुरुआत झरनाकुंड स्थित बिरहोर टोला और आश्रम विद्यालय से भी बच्चियों की स्क्रीनिंग कर



किया गया। उन्होंने कहा कि पखवाड़ा के दौरान पीवीटीजी यानी विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह और आदिम जनजाति समेत अन्य लोगों की स्क्रीनिंग किया जायेगा।

**कई लाभार्थियों का हुआ स्क्रीनिंग :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोडरमा के प्रांगण में आयोजित पखवाड़ा में उपायुक्त के समक्ष चिकित्सकों द्वारा लाभार्थियों की स्क्रीनिंग की गई। उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा सिकल सेल एनीमिया के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों के पंचायत/गांव में घूम-घूमकर आमजनों को सिकल सेल रोग से बचाव के प्रति जागरूक करेगा।

**सिकल सेल रोग है क्या :** सिकल सेल अनुवांशिक रोग होता है। जब तक खून की जांच नहीं करायी जाए रोग का पता नहीं चलता। परिवार का कोई सदस्य जिनकी उम्र शून्य से 40 वर्ष हो, सिकल सेल जांच अवश्य कराएं। जांच जरूरी है नहीं तो मरीज को अन्य शारीरिक जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है। परिवार में किसी को सिकल सेल एनीमिया हो तो परिवार के सभी सदस्य सिकल सेल जांच जरूर कराएं।

**सिकल सेल एनीमिया के लक्षण :** एनीमिया/पीलापन दिखाई देना। बार-बार संक्रमण/बीमार होना। थकान, बुखार एवं सूजन तथा कमजोरी महसूस करना, रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाना, जोड़ों में दर्द या सूजन, छाती में दर्द, सांस फूलना, पीठ/पेट में दर्द के लक्षण हैं।

**रोगी क्या करें :** दिन भर ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं। डॉक्टर की सलाह से फॉलिक एसिड गोली प्रतिदिन लें। उल्टी-दस्त, पसीने से शरीर का ज्यादा पानी बाहर निकलने पर डॉक्टर से संपर्क करें। संपूर्ण संतुलित आहार लें।

## राहुल गांधी का 54वां जन्मदिन मना

**कोडरमा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान के नेतृत्व में कोडरमा प्रखंड के पथलडीहा पंचायत के दलित टोला में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष सह वर्तमान सांसद राहुल गांधी का 54वां जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान पार्टी नेता कार्यकर्ता, गरीब जरुरतमंद के बीच फल, बिस्कुट, ब्रेड एवं गर्मी को देखते हुए तरल जूस का वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता मौजूद थी। वहीं उन्होंने कहा कि आम आदमी त्रस्त हैं, इसलिए कांग्रेस पार्टी की सरकार बनना बहुत जरूरी है। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने कहा कि भारत के छठे प्रधानमंत्री स्व. भारत रत्न राजीव गांधी के पुत्र राहुल गांधी का 54वां जन्मदिन हम कांग्रेस जन मना रहे हैं।

## जिले भर में आज 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** 21 जून 2024 को प्रातः 6 बजे जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा।

इसके सफल आयोजन के लिए उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर विकास भवन उप विकास आयुक्त के कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक हुई।

बैठक में 'करें योग रहें निरोग' विषय पर चर्चा हुई और अधिक से अधिक लोगों को योग के महत्व को समझने के लिए जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पहुँचने के लिए प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया। जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए तैयार की गई रूपरेखा के बारे में बताया। बैठक में सिविल सर्जन चतरा जगदीश प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, जिला प्रभारी पतंजलि कुमार विवेक, योग प्रशिक्षक धर्मदेव आर्य, विनोद प्रसाद, शौर्या कुमारी, प्रियंका सिंह, प्राचार्य एस एस गर्ल्स हाई स्कूल चतरा, जिला संयुक्त ओशोधालय चतरा के डाटा ऑपरेटर समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# विकास व जन कल्याणकारी योजनाओं की हुई समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिले के विकास योजनाओं और जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, जेएसएलपीएस, कल्याण विभाग, पंचायती राज सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई और शत-प्रतिशत लक्ष्य के विरुद्ध योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया गया। विशेष केंद्रीय सहायता मद, जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट, अनाबद्ध निधि से संचालित विकास योजनाओं की



प्रगति की जानकारी भी ली गई। पूर्ण हो चुकी विकास योजनाओं को संबंधित को हस्तांतरित करने का निर्देश दिया गया।

आज 20 जून 2024 को राज्य के मंत्री, श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा उद्योग विभाग, झारखंड सरकार, सत्यानंद भोक्ता डीएमएफटी भवन चतरा में जिले के विकास योजनाओं और जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक करेंगे। इस अवसर पर डीएमएफटी भवन परिसर से ही मादक पदार्थों के दुरुपयोग को समाप्त करने के लिए जिला जन संपर्क कार्यालय, चतरा द्वारा तैयार किए गए नशा मुक्ति एलईडी प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर प्रचार-प्रसार के लिए रवाना किया जाएगा। यह रथ जिले, अनुमंडल, प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में घूम-घूमकर मादक पदार्थों के दुरुपयोग के बारे में आमजनों को जागरूक करेगा।

मंत्री द्वारा कई योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन, लाभुकों के बीच योजनाओं का स्वीकृति पत्र और परिसंपत्तियों का भी वितरण किया जाएगा।

बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव सहित सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## युवा वर्ग को मादक पदार्थो से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति किया जाएगा जागरूक : उपायुक्त



खबर मन्त्र संवादाता

**कोडरमा।** मादक पदार्थो के रोकथाम को लेकर जिले में 19 जून से 26 जून तक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को खास कर युवाओं को इसके प्रति जागरूक किया जाएगा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कहा।

### उपायुक्त ने जागरूकता रथ को किया रवाना

जिले में मादक पदार्थों के रोकथाम को लेकर 19 से 26 जून तक चलने वाले जागरूकता अभियान को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जागरूकता रथ को रवाना किया। वहीं उन्होंने जिलेवासियों से मादक एवं नशीले पदार्थों का सेवन नही करने की अपील किया है।

## स्पीड न्यूज

### बीएसएफ जवान की सड़क दुर्घटना में मौत, पार्थिव शरीर पहुंचा पैतृक गांव



घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के नवाडीह के समीप सड़क दुर्घटना में मंगलवार की रात बीएसएफ जवान रवि उरांव की मौत हो गई। मृतक जवान घाघरा के हापामुनि गांव का रहने वाला था। मृतक बीएसएफ जवान रवि उरांव बीएसएफ 173 बटालियन राजस्थान में पोस्टेड था। 4 दिन पहले वह अपने गांव लौटा था। वर्तमान में वह घाघरा मुख्यालय में घर बना कर रहता था। मंगलवार की शाम अपनी सास को अपने चार चक्के वाहन से गुमला छोड़ने गया था। वहीं देर रात सास को छोड़ने के बाद करीब 11 बजे रात को गुमला से घाघरा अपने घर अकेले चार चक्के वाहन से लौट रहा था। इसी क्रम में गुमला नवाडीह के समीप अनियंत्रित होकर एक घर में जाकर टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक जवान का पार्थिव शरीर बुधवार को दिन के दो बजे पैतृक गांव हपामुनि पहुंचा। जहां गांव का माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। रवि उरांव के पार्थिव शरीर को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो छोटी बच्ची को छोड़ गए। ग्रामीणों ने बताया कि रवि उरांव बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति थे।

### चाचा ने नाबालिक भतीजी के साथ किया दुष्कर्म, प्राथमिकी दर्ज

घाघरा। घाघरा प्रखंड के एक गांव में चाचा के द्वारा नाबालिक भतीजी से दुष्कर्म करने का मामला बुधवार को दिन के 2 बजे घाघरा थाना पहुंचा। इस संबंध में पीड़ित के पिता ने घाघरा थाना में लिखित आवेदन देते हुए बताया की एक माह पूर्व उसके घर पर केवल उसकी बेटी थी। बाकी परिवार के सदस्य बाहर काम के लिए निकले थे। इस क्रम में उसके चाचा द्वारा घर में घुसकर जबरदस्ती दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। वहीं जब परिवार के लोग घर लौटे तो बेटी का मायूस चेहरा होने पर पूछा लेकिन कुछ नही बताया। उक्त घटना के बाद चाचा द्वारा कई बार दुष्कर्म किया और किसी को इस बात को बताने पर उसके माता-पिता और उसे जान से मारने की धमकी दी थी। थाना प्रभारी तरुण कुमार से पूछे जाने पर कहा कि नाबालिक बच्ची के साथ उसके चाचा पर दुष्कर्म करने का लिखित शिकायत थाना में परिवार वालो द्वारा मिला। जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस ने आरोपी को पकड़कर थाना लाया है।

### सिसई पुलिस ने मां की हत्या में शामिल पुत्र व अन्य को किया गिरफ्तार



गुमला। सिसई पुलिस ने अपनी मां बुधनी देवी के साथ बेरहमी से मारपीट करते हुए हत्या करने के मामले में पुत्र पंकज उरांव व घटना में संलिप्त उसके साथी प्रवीण उरांव को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में गुमला जेल भेज दिया। इस संबंध में एसडीपीओ सुरेश कुमार यादव ने बुधवार को प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि घटना को लेकर घायल महिला के छोटे पुत्र संतोष उरांव के फर्दबयान पर सिसई पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी। उन्होंने बताया कि सिसई थाना क्षेत्र के थाना टोली निवासी 45 वर्षीय महिला बुधनी देवी पर उसके ही बड़े बेटे पंकज उरांव ने मंगलवार को नशे में धूत होकर लाठी डंडे से मारकर मां की हत्या कर दी। पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में पंकज उरांव को गिरफ्तार किया। जिसने पूछताछ में घटना में अपने साथी प्रवीण उरांव के शामिल होने की बात कही। जिसके आधार पर पुलिस ने प्रवीण को भी गिरफ्तार किया। वहीं हत्या में प्रयुक्त किया गया लाठी जब्त करते हुए पुलिस ने घटना स्थल से बल्ड सैंपल लिया। छापामारी दल में पुअनि प्रमोद कुमार, आशीष कुमार, अनुज कुमार, आरक्षी नरेंद्र सरदार व आरक्षी संदीप एक्का शामिल थे। प्रेस कान्फ्रेंस में इंस्पेक्टर विनय कुमार व सिसई थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव उपस्थित थे।

### युवा कांग्रेस ने संविधान का प्रस्तावना पढ़कर मनाया राहुल का जन्मदिन



सिसई। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी के नेतृत्व में सिसई प्रखंड में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संविधान का प्रस्तावना पढ़कर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी ने कहा कि राहुल गांधी ने संविधान बचाने का जो संकल्प लिए उसको युवा कांग्रेस कार्यकर्त्ता सभी गांवों में लेकर जायेंगे। राहुल गांधी भारत के गरीबों, वंचितों और पिछड़े नागरिकों का निर्विवाद नेता हैं। वह बेजुबानों की आवाज, संविधान के रक्षक, न्याय योद्धा और गौरवशाली भविष्य के लिए भारत की सबसे उज्ज्वल आशा हैं। सिसई प्रखंड अध्यक्ष बैबूल अंसारी ने कहा राहुल गांधी करोड़ो देशवासियों की सबसे मुखर आवाज हैं। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष निशा भगत, लोहरा उरांव, अंजलिनता बाड़ा, जितेंदर लोहरा, सचिदानंद उरांव, तारकभूसन कुजूर, राशिद करीम,जोहन एक्का, सुबास उरांव, बेनाम उरांव, दानिश अंसारी, गब्रेल उरांव, लखना उरांव, मो अम्मार, देवी उरांव, सफीक अंसारी, पुनई उरांव, शाहजहां अंसारी, छेदी भगत, तौकीर अंसारी, गंगा उरांव,सदाम अंसारी,नईम अंसारी, रविंदर उरांव, सतीश उरांव, हुसैन अंसारी, आशीष उरांव, सहित कई युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चिल्ड्रन एकेडमी प्लस टू स्कूल घाघरा में सम्मान समारोह 22 को

घाघरा। चिल्ड्रन एकेडमी प्लस टू स्कूल घाघरा रन्हें के द्वारा 22 जून दिन शनिवार को विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए विद्यालय के डायरेक्टर विजय साहू ने बताया कि इस सम्मान समारोह में कुल 23 विद्यालय के विद्यार्थी शामिल होंगे। जिसमें स्कूल के अलावे इंटर कॉलेज के विद्यार्थी भी शामिल होंगे। मैट्रिक व इंटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर अतिथियों को भी आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आने वाले समय में बच्चों का मनोबल बड़े और दिन-ब-दिन बेहतर करें।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर सीजीएम ने की पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देश पर 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है ।इसे लेकर बुधवार को लोहरदगा के सभी थाना प्रभारियों के साथ सीजीएम कृष्णकांत मिश्रा, वरिय सिविल जज अर्चना कुमारी, डालसा सचिव राजेश कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट जया स्मिता तिर्की एवं अनुमंडलीय न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित कुमार गुप्ता ने एक बैठक की। पुलिस पदाधिकारीयों को संबोधित करते हुए सीजीएम ने सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित एक्शन प्लान के तहत जिन दांडिक वादों को चिन्हित किया गया है उनसे संबंधित अभियुक्त एवं गवाहों को स-समय न्यायालय में उपस्थित कराना सुनिश्चित करें । साथ ही साथ आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जो नोटिस विभिन्न न्यायालयों द्वारा जारी किए जा रहे हैं उसे अविलंब तामिला कराकर न्यायालय को वापस करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत में हो सके। डालसा सचिव राजेश कुमार ने सभी थाना प्रभारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि जिन अभियुक्त को थाना द्वारा पकड़ा जाता है और जिन्हें जेल भेजना अनिवार्य है। मीटिंग में वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी ने भी कोर्ट संबंधित समस्याओं की चर्चा की। चेक बाउंसिंग के बढ़ते हुए मामलों को देखकर पुलिस को यह हिदायत दी गई कि वह चेक मामलों के केस में यदि न्यायालय द्वारा अजमानतीय वारंट जारी कर दिया जाता है तो थाने पर से उसे बेल न दिया जाए।

# नशीले पदार्थों के रोकथाम के लिये डीसी ने जागरूकता रथ को किया रवाना

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। जिले के नागरिकों को नशीले पदार्थों के सेवन से बचाने एवं उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को जिला समाज कल्याण विभाग के सौजन्य एवं जिला सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के सहयोग से एक विशेष जागरूकता रथ को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। मौके पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि मादक पदार्थों का दुरूपयोग समाज में विकराल रूप ले रहा है जो समाज के लिए हानिकारक है। इसके बढ़ते दुरूपयोग को कम करने हेतु तस्करों तथा उपयोगकर्ताओं के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ समाज को विशेष कर किशोरों तथा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे में उक्त परिपेक्ष्य में राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा दिनाक 19 से 26 जून तक निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जाना है तथा विभिन्न विभागों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं को शामिल करते हुए मादक पदार्थों के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम जैसे नुक्कड़ नाटक, गोष्ठी, वर्कशॉप आदि आयोजित कराया जाए, ताकि मादक पदार्थों के दुरूपयोग को रोका जा सके।

# लोहरदगा जिला को नशामुक्त बनाना है : डीडीसी दिलीप प्रताप शेखावत

खबर मंत्र संवाददाता



### नशे की लत में आसानी से आ रहे बच्चे

उप विकास आयुक्त ने कहा कि आजकल सोशल मीडिया के दौर में बच्चे आसानी से नशे की लत में आ जा रहे हैं। किशोरों में आज यह तेजी से बढा है। लोहरदगा जिला प्रशासन ने यह संकल्प लिया है कि लोहरदगा जिला में मादक पदार्थों के इस्तेमाल पर रोक लगायी जाए ताकि नशे से छुटकारा मिल सके। स्कूल व कॉलेज में भी यह जागरूकता अभियान चलाया जाएगा जिसमें युवाओं को जागरूक करने में मदद मिलेगी। यह अभियान एक सप्ताह चलेगा। अगर कोई नशा के प्रभाव में बच्चे/युवा या कोई व्यक्ति पाया जाता है उन्हें नशामुक्त किया जाएगा।

लोहरदगा। राज्य सरकार के निदेश पर लोहरदगा जिला को नशामुक्त बनाने की दिशा में अभियान की शुरूआत के रूप में सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय की ओर से जागरूकता रथ को बुधवार को उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार ने पूरे राज्य को नशामुक्त बनाये जाने का संकल्प लिया है। इस दिशा में जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से लोहरदगा जिला में भी जागरूकता अभियान 19 से 26 जून 2024 तक जिला स्तर से लेकर प्रखण्ड व पंचायत स्तर तक चलाया जाएगा। इस अभियान में महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सूचना एवं जनसम्पर्क, नगर परिषद, पुलिस विभाग, जेएसएलपीएस के अलावा कई संस्थाएं भी अपने-अपने स्तर से जागरूकता अभियान में शामिल होंगे।

### ग्रीन लोहरदगा की कामयाबी के लिए इमरजेंसी केयर को शुभकामनाएं : मंत्री रामेश्वर उरांव

# पर्यावरण की रक्षा हम सबों की जिम्मेवारी : धीरज प्रसाद साहू

खबर मंत्र संवाददाता





लोहरदगा। रक्तदान और स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी रहने वाली संस्था इमरजेंसी केयर अब प्रकृति संरक्षण और लोहरदगा को हरा भरा रखने की दिशा में अपना योगदान देगी। संस्था के उपाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रीन लोहरदगा कैंपेन के तहत विभिन्न क्षेत्रों में 1000 वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा गया। जिसकी शुरूआत वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू , डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अशोक यादव, निशीथ जायसवाल के द्वारा एक एक पौधा बी एस कॉलेज परिसर में लगा कर किया गया। वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने इमरजेंसी केयर के सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान में पेड़ लगाना और बचाना हमसब का दायित्व है। धीरज प्रसाद साहू ने पौधा लगाया, उसको सींचा और कहा कि लोहरदगा जितना खूबसूरत शहर आस पास देखने को नहीं मिलेगा। सभी को मिलकर इसे बचाए रखना है। डीडीसी शेखावत ने इमरजेंसी केयर के काम की सराहना की और बताया कि पेड़ से जलस्तर सही रहता है और वायुमंडल में प्रदूषण की मात्रा कम होती है। इमरजेंसी केयर सचिव देशराज गोयल ने सभी का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम अमित कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। इमरजेंसी केयर के निखिल बर्मन, नंदलाल तिवारी, रंजीत साहू, अरविंद कुमार, आशीष कुमार, अमित कुमार, किशोर कुमार, जयजित चौबे, अजय, धैर्य, भावेश आदि उपस्थित रहे।

# कुश महतो हत्याकांड का खुलासा, जेल में हुए विवाद के कारण की गयी थी हत्या

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। सिसई पुलिस ने थाना क्षेत्र के बरगांव के समीप पारस नदी के कुआं से गुमला डुमरला गांव के कुश महतो का शव 10 दिन पूर्व बरामद किया गया था। कुश की हत्या उसके दोस्तों के द्वारा करके कुआं में पत्थर से बांधकर फेंक दिया गया था। इस संबंध में बुधवार को एसडीपीओ सुरेश कुमार यादव ने प्रेस कान्फ्रेंस कर बताया कि पुलिस के द्वारा छानबीन करने पर इस कांड में शामिल अभियुक्त सुनील उरांव 22 वर्ष को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके साथ दो अन्य व्यक्ति रमेश उरांव उर्फ काडा और रमेश कुमार शामिल था। हत्या का कारण यह था कि कुश महतो के साथ जेल में बंद था। जेल में कुश लीडर था और मनमानी करता था। हत्या में शामिल अन्य आरोपियों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उसी वक्त साथियों ने मिलकर कुश के हत्या के साजिश रची थी। जेल से निकलने के बाद प्रतिशोध में कुश महतो की हत्या की। उदभेदन में थाना प्रभारी सिसई संदीप कुमार यादव, पुअनि अजय कुमार, आशीष कुमार, अनुज कुमार, आरक्षी नरेंद्र सरदार व संदीप एक्का ने शामिल थे। प्रेस कान्फ्रेंस में इंस्पेक्टर विनय कुमार उपस्थित थे।

# जीवन को बेहतर बनाने के लिये शिक्षा स्वास्थ्य व रोजगार जरूरी : कृष्ण देव

विजन आरोग्यम गोल्डन ग्रुप के सदस्यों की बैठक संपन्न, एक लाख वृक्ष लगाने व गरीब बच्चों की शिक्षा हेतु दो गुरूकुल संचालित करने का निर्णय



खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। विजन आरोग्यम गोल्डन ग्रुप के सदस्यों की बैठक बायपास रोड स्थित होटल सेलिब्रेशन इन में हुई। जिसमें शिक्षा स्वास्थ्य सेवा और रोजगार पर कार्य करने हेतु अनेक तरह के अभियानों को संचालित करने के लिए सभी लोगों ने अपनी बातें रखें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष कृष्णदेव सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में किसी के जीवन को बेहतर बनाने के लिए यही चार चीज शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार की आवश्यकता है। हम सभी इस अभियान को ऐसा संचालित करें कि घर-घर में विजन आरोग्यम को पहुंचाया जा सके। समाजसेवी हाफिजुर रहमान ने कहा कि सभी लोगों को मिलकर प्रकृति को बेहतर बनाने हेतु ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने के लिए एक दूसरे को जागरूक करना होगा।

### सहेदापाट में आंगनवाड़ी केंद्र भवन का शुभारंभ



लोहरदगा। जिला के डीएमएफटी मद से पेशरार प्रखण्ड के सहेदापाट में तैयार आंगनवाड़ी केंद्र भवन का शुभारंभ बुधवार को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा द्वारा किया गया। शुभारंभ के उपरांत पदाधिकारी द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र के लाभार्थियों को मादक पदार्थों के इस्तेमाल के विरूद्ध चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के बारे जानकारी दी गई। बताया गया कि यह जागरूकता अभियान 19 से 26 जून तक चलाया जाएगा। उन्होंने इस मौके पर नशीले पदार्थों के सेवन से होनेवाले नुकसान के बारे मे बताया और युवाओं को नशीले पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी गई। पदाधिकारी द्वारा विभाग की योजनाओं यथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, शून्य से पांच वर्ष के बच्चों की वृद्धि निगरानी, आधार सत्यान आदि की जानकारी दी गईं। इस मौके आंगनवाड़ी कर्मी उपस्थित थे।

### मानसिक व शारीरिक सुख का आधार है योग : सुधा



लोहरदगा। स्वामी रामदेव महाराज एवं यशस्वी प्रधानमंत्री के सफल प्रयास से योग दिवस का आयोजन पूरे विश्व में सफलीभूत हुआ है। इस क्रम में महिला पतंजलि योग समिति झारखंड, पश्चिम बंगाल एवं बिहार के राज्य प्रभारी सुधा झा का आगमन लोहरदगा जिला में हुआ। लोहरदगा डाक बंगला में श्री राम समिति के सुषमा सिंह एवं समाजसेवी मंजू जायसवाल के द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। महिलाओं को राज्य प्रभारी सुधा झा ने योग करने की आवश्यकता को बताते हुए प्रत्येक महिला के लिए योग आवश्यक बताया, क्योंकि परिवार को स्वस्थ रखना महिलाओं का ही जिम्मेदारी है। लोहरदगा जिला में प्रत्येक प्रखंड में योग का प्रचार प्रसार करते हुए 20000 महिलाओं का योग से जोड़ने का आव्हान किया गया। पूरे झारखंड में वर्ष 2025 मार्च तक 5 लाख महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर समिति के पुनर्गठन भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रतिमा देवी, मंजू जायसवाल, सुषमा सिंह, पूर्व अध्यक्ष सतीश जायसवाल, लखन लाल मांझी, पवन कुमार, आशा सोनी, इंदु देवी, वैशाली कुमारी, नैना, सुधा शिखर, विष्णु देवी, मधु खत्री, बसंती देवी, निधि कुमारी सहित काफी महिलाओं ने योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रतिमा देवी एवं एवं धन्यवाद ज्ञापन मंजू जयसवाल के द्वारा किया गया।

# चार दिवसीय टीएलएम निर्माण कार्यशाला का उद्घाटन

खबर मंत्र संवाददाता




लोहरदगा। निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य स्तर पर तीन दिवसीय निपुण समागम 2024 का आयोजन चार जुलाई तक किया जाना है।इस समागम का मुख्य उद्देश्य राज्य में बुनियादी शिक्षा एवं साक्षरता के प्रति शिक्षकों एवं समुदाय को जागरूक करते हुए जिसके सभी कक्षा 1 से पांच तक के विद्यार्थियों को निपुण बनाना है। बुधवार को डाएट चिरी में नीलम आईलिन टोप्पो, जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर चार दिवसीय टीएलएम निर्माण कार्यशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इसमें भाग लेनेवाले शिक्षकों के द्वारा इस प्रकार का टीएलएम निर्माण करें जिसमें पूर्व, प्राथमिक एवं प्राथमिक कक्षाओं में अध्ययनरत बच्चे सरलतम तरीके से बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को रोचकता के साथ सीख सकें। अभिषेक झा, अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा कार्यशाला की महत्ता बताते हुए कहा कि सभी प्रतिभागी शिक्षक अपने विद्यालय के बच्चों की स्तर को दृष्टिपथ रखते हुए सरल गतिविधि आधारित टीएलएम को निर्माण करें। अशोक कुमार पाण्डेय, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा कार्यशाला में 3 क्षेत्रों में टीएलएम निर्माण करने की बात कही। टीएलएम कार्यक्रम में मास्टर प्रशिक्षक के रूप में कबीरूद्दीन अंसारी, विजय बैठा, जुबैर अख्तर, धर्मवीर साहू, अशोक भगत द्वारा कार्यशाला संचालित किया गया।

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर युवा कांग्रेस के द्वारा पौधारोपण व रक्तदान किया गया



लोहरदगा। कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर युवा कांग्रेस लोहरदगा के द्वारा पौधारोपण और रक्तदान शिविर लगाकर 12 युवा साथियों के द्वारा 12 यूनिट रक्तदान किया गया। जिसमें मुख्य रूप से शाश्वत सिद्धार्थ भगत, सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर अमस अंसारी, नकीब अंसारी, जिला सचिव सुहैल अख्तर,जिला महासचिव इमरोज अंसारी, प्रत्यूष पांडे, दीपेश उरांव, वकील खान, विनोद भगत, जाहिद अंसारी, मोबिन अंसारी, सादाब रजा,आसिफ खान, फागु उराव असीस लकड़ा, मुराद अंसारी, मनिया कुरैशी, लछु उराव, इमरान अंसारी इत्यादि लोग मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# गुमला शहरी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का चलाया गया अभियान

**जुर्माना के रूप में 26,700 रूपये की हुई वसूली, ट्रेड लाइसेंस लेने का दुकानदारों को नप प्रशासक ने दिया निर्देश**

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। नगर परिषद गुमला क्षेत्र अंतर्गत पालकोट रोड में बुधवार को नगर परिषद प्रशासक दिलीप कुमार के नेतृत्व में बृहत पैमाने पर अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अतिक्रमण अभियान की शुरूआत नगर परिषद् क्षेत्र स्थित पुग्गु पुल के पास से की गई एवं अंत नगर परिषद कार्यालय के पास किया गया। अतिक्रमण के क्रम में कई दुकानदारों से जुर्माना स्वरुप भारी राशि की वसूली की गई। कुछ दुकानदारों के द्वारा जुर्माना की राशि देने से इनकार किया गया। जिस पर नगर परिषद की टीम द्वारा कड़ी रुख अपनाते हुए उनके सामानों को जब्त कर लिया गया। पालकोट रोड स्तिथ आदित्य विजन नामक प्रतिष्ठान से ट्रेड लाइसेंस की मांग करने पर उनके द्वारा बतलाया गया की वे बिना ट्रेड लाइसेंस के दुकान संचालित कर रहें है। जिस पर नगर परिषद के द्वारा नाराजगी व्यक्त किया गया एवं कड़ा रुख अपनाते हुए जुमार्ना स्वरूप 5000 की राशि अधिरोपित करते तत्काल देने हेतु दुकान के प्रबंधक को निर्देशित किया गया। प्रबंधक के द्वारा आनाकानी करते हुए उक्त राशि नहीं देने की बात की गई। इस पर बाध्य होकर नगर परिषद की टीम के द्वारा उक्त दुकान को सील करने हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जाने लगी। जिसके तुरंत बाद प्रतिष्ठान के प्रबंधक के द्वारा 5000 की दंड शुल्क राशि नगर परिषद की टीम को दी गई। इसी तरह सड़क के किनारे अनावश्यक रूप से डंप किया गया भवन निर्माण सामग्री के कई मालिकों से जुमार्ना स्वरूप मोटी राशि की वसूली की गई। अतिक्रमण के क्रम में प्रायः देखा गया कि काफी लोगों के द्वारा नालियों पर अपना ठोस निर्माण किया गया है। साथ ही कई दुकानदारो के द्वारा अपने दुकान का ठोस सामग्री कई दिनों तक बाहर रखा गया है। जिससे दुर्घटनाओं की आशंका सदैव बनी रहती है। ऐसे में संबंधित व्यक्ति को अपना निर्माण सामग्री एवं दुकान के ठोस सामग्रियों को दो दिनों के अंदर क्रमश तोड़ने एवम हटाने हेतु प्रशासक दिलीप कुमार के द्वारा निर्देशित करते हुए सख़्त चेतावनी दी गई है कि दो दिनों के अंदर यदि अवैध निर्माण एवं सामग्री को लोगों के द्वारा नहीं हटाया जाता है तो नगर परिषद वैसे निमार्णों को स्वयं तोड़ देगी एवं दुकान के बाहर रखी गई सभी प्रकार के सामग्रियों को जब्त कर लेगी। पूरे अतिक्रमण के क्रम में जुमार्ना स्वरूप 26,700 राशि की वसूली की गई। अभियान में प्रशासक दिलीप कुमार सहित नगर प्रबंधक हिमांशु कुमार मिश्र, सहायक अभियंता मनीष कुमार, कनीय अभियंता सुनील उरांव, रवि महतो, कर दरोगा एवं नगर परिषद की टीम शामिल था।

# 9वीं वर्ग में एडमिशन के नाम पर 200 की जगह वसूले जा रहे है 450 रूपया, परिजनों ने जताया विरोध

**अवैध उगाही का मामला**

खबर मंत्र संवाददाता




सूचना पट्ट में लगाया गया नोटिस।

कैरो। जिले का शिक्षा विभाग का कहानी निराली है। विभाग के आदेश को धत्ता बताकर कई विद्यालय अपने मनमानी में उतर आए है। विद्यालयों में पोशाक, डेस्क, बेंच के बाद एक नया मामला प्रकाश में आया है सरकारी विद्यालय में नामांकन राशि मे घोटाला को लेकर।

मामला प्रखण्ड क्षेत्र के प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय हनहट का। विद्यालय में इन दिनों चर्चा का विषय है कि नवीं कक्षा में एसटी एससी बच्चों को 280 रुपया और ओबीसी एवं सामान्य वर्ग के बच्चों को 480 रुपया देना होगा। बच्चों को नामांकन करवाने वाले परिजनों ने बताया कि प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय में नामांकन शुक्ल 280 और 480 रुपया देना हो रहा है। इस विषय में विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्णा उरांव का कहना है नियम पूर्वक से 30 रुपया ज्यादा ले रहे हैं ताकि बच्चों को पहचान पत्र दे सकें, नियम संगत एसटीएससी का 250 रुपया व ओबीसी और सामान्य जात्ति 450 रुपया लगता है। जबकि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अरविन्दा कुमारी ने कहा कि मेरी जानकारी में 9वीं कक्षा के नामांकन में एसटी, एससी को 130 रुपया लगना है जबकि ओबीसी और सामान्य जात्ति के बच्चों को 200 रुपया लगता है। अब सवाल उठता है कि आखिर प्रधानाचार्य सही है तो प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को अपने ही विभाग के बारे में पूरी जानकारी कैसे नही है, और अगर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सही बता रही है तो इस तरह की धांधली क्यों। सरकार द्वारा लाखों रुपये शिक्षक के बेतन और प्रबंधन में खर्च करने के बावजूद गरीब अभिभावकों से इस तरह का नामांकन के नाम पर अबैध वसूली होने पर अभिभावकों कहां जाएंगे।

# डीडीसी ने जागरूकता रथ को किया रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिला अंतर्गत मादक पदार्थों के दुरुपयोग को समाप्त करने हेतु जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह के द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया गया। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम उपस्थित रहें। इस जागरूकता रथ के माध्यम से जिला अंतर्गत ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रो में भ्रमण कर लोगो को मादक पदार्थों के दुरुपयोग, मादक पदार्थों के सेवन से स्वास्थ्य एवं परिवार पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव आदि के बारे में विस्तृत जानकारी साझा कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने बताया कि मादक पदार्थों के रोकथाम के लिए जिले में 19 से 26 जून तक जागरूकता अभियान चलाया जाना है। अभियान के तहत आज दो जागरूकता रथ को रवाना किया गया है। जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। जिसमें नुक्कड़ नाटक, रैली, कार्यशाला, संगोष्ठी, क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता, स्लोगन राइटिंग, स्पीच, प्रभात फेरी, चित्रांकन इत्यादि के माध्यम से मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु जागरूक किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा की इस अभियान के प्रभावी परिणाम के लिए मादक पदार्थों के खिलाफ सभी विभागों एवं एजेन्सियों को आपसी समन्वय बनाकर जागरूकता अभियान संचालित करने की आवश्यकता है। जिसके तहत जिला प्रशासन सहित गैर सरकारी संस्थानों, जेएसएलपीएस की महिला संगठनों, पंचायती राज संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थाओं को अपने-अपने स्तर से कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही जिला, प्रखंड तथा पंचायत स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगो को जागरूक करने हेतू कार्य योजना बनाई गई है जिसमे सभी की सहभागिता आवश्यक है। अभियान के सफल क्रियान्वयन में जिला प्रशासन का सहयोग करें ताकि युवा पीढ़ी को मादक पदार्थों के सेवन के दुष्परिणामों की प्रति जागरूक किया जा सके।



जागरूकता रथ को रवाना करते अधिकारी

## झारखंड ढाबा पर खड़ा ट्रक की चोरी

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के बसिया रेलवे ओवरब्रिज स्तिथ झारखंड ढाबा के पास खड़े 12 चक्का ट्रक जेएच 02 एडब्लू2424 की चोरी सोमवार देर रात अज्ञात चोरों ने कर लिया। इस सबंध में ट्रक मालिक तिलकधारी साव ग्राम नगड़ा थाना बालूमाथ निवासी ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर बताया की मैंने अपना ट्रक प्रदीप कुमार यादव पिता महावीर यादव ग्राम नगडा को चलाने के लिए 6 माह से ऑथराइजेशन पर दिया था। सोमवार की देर रात प्रदीप कुमार यादव का फोन आया कि ट्रक चोरी हो गया है।

## बीओडी सदस्यो का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



मौके पर मौजूद लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार में पलाश जेएसएलपीएस द्वारा गठित संकुल संगठन के बीओडी सदस्यों को संकुल संगठन के सामाजिक आर्थिक वित्तीय लेनदेन एवं सरकारी योजनाओं को सही तरीके से सफल संचालन के उद्देश्य से दी जा रही दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इसकी जानकारी देते हुए बीपीएम दीपक कुमार सिंह ने बताया कि बरियातू प्रखंड में दो संकुल संगठन टोंटी आजिविका महिला संकुल संगठन एवं बारियातू आजिविका महिला संकुल संगठन का निर्माण पूर्व में ही किया गया था। जिसका रजिस्ट्रेशन स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के द्वारा कराया गया है जिसके उपरांत संकुल संगठन को बेहतर एवं आसान तरीके से कार्य करने के लिए प्रत्येक संकुल में 21 सदस्यों का एक टीम गठित किया गया है। जिसका नाम बीओडी है।इस प्रशिक्षण में सदस्यों को रोकैट खेल के माध्यम से संकुल की संरचना, भूमिका एवं जिम्मेदारी के बारे प्रशिक्षण दिया गया। सहकारी समिति लिमिटेड के बारे विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराया गया। पंजीकृत संकुल का शासन प्रशासन के बारे विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराया गया एवं संकुल का वित्तीय प्रबंधन एवं नियंत्रण को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर प्रशिक्षक संजीता मुहकल,पुनम कुमारी, एडमिन नितेश पैत, सीसी उत्तम कुमार, अनिल उरांव, अखिलेश कुमार सिंह, सत्येन देवी, प्रमिला देवी, सुमित्रा देवी समेत बीओडी के दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

## उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत साईकिल वितरण आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** उपायुक्त लातेहार के आदेशानुसार उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत सत्र 23-24 का साइकिल वितरण कार्यक्रम गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में सत्र 2023-24 में अध्यनरत छात्र -छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में स्थानीय सांसद, विधायक, प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, प्रखंड बिससूत्री अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी मुखिया व पंचायत समिति सदस्य को आमंत्रित किया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने उक्त कार्यक्रम में स समय उपस्थित होने की अपील की है।

## मोटरसाइकिल में दुपट्टा फंस जाने के कारण महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ-चतरा मुख्य पथ पर बरनी पेट्रोल पंप के समीप मोटरसाइकिल में दुपट्टा फस जाने के कारण एक महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नुसरत खातून 26 वर्ष पति अख्तर अंसारी थाना बारियातु निवासी अपने पति के साथ बालूमाथ की ओर से अपने घर जा रही थी। इसी दौरान बरनी पंप के पास मोटरसाइकिल में दुपट्टा फस जाने के कारण वह औंधे मुंह गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

# विश्व एनीमिया दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन

## संवेदक को जल्द कार्य पूरा करने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं आदिम जनजाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय औराटांड़ में विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस के अवसर पर दिन बुधवार को लातेहार जिला के सिविल सर्जन डॉक्टर अवधेश कुमार सिंह,आईटीडीए डाइरेक्टर प्रवीण कुमार गगराई,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर दिव्य क्षितिज कुजूर,डीपीएम गौरव कुमार व आईडीएसपी डीडीएम वेद प्रकाश के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। वहीं कार्यक्रम के माध्यम से 4 वर्ष से अधिक उम्र के विद्यार्थियों का किट के माध्यम से स्वास्थ्य की जांच की गई। इस कार्यक्रम के बाद मनिका बाजारटांड़ स्थित निमार्णाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सिविल सर्जन डॉक्टर अवधेश कुमार सिंह व अन्यों ने निरीक्षण किया। वहीं निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन अवधेश कुमार सिंह ने निर्माण कार्य में लगे मजदूरों से बात करके बन रहे बिल्डिंग की गुणवत्ता के बारे में जानकारी लिया। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण करवा रहे संवेदक से बात करके निर्माण का कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की नए स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण होने से यहां के लोगों के लिए स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत होगी यहां के मरीजों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए सारी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। मौके पर डॉक्टर उमेश कुमार,एमपीडब्ल्यू राहुल कुमार,मुकेश रविदास,समेत कई लोग उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व अन्य



स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते अधिकारी



## बकरी चराने गई महिला पर युवक ने किया जानलेवा हमला, रिम्स रेफर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के टोटी ग्राम निवासी संजय राम के पत्नी सबिता देवी बकरी चराने गई थी। बकरी चराने के दौरान गाँव के मुकेश राम पिता संभु राम ने लाठी डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को परिजनों के सहयोग से ईलाज के लिए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहाँ स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घटना को लेकर बारियातू थाना मे आवेदन दी है। आवेदन के माध्यम से पीड़ित महिला ने बताया है की प्रति दिन की भांति हम बकरी चराने गए थे। पहले से ही आम पेंड़ के पास मुकेश हाथ मे डंडे लेकर छुपा हुआ था। मुझे देखते ही बाल पकड़ कर हमला करते हुए काफी मारपीट किया। जिससे बेहोश हो गए, मरा हुआ समझ कर मुकेश चला गया। देर होने के कारण मेरे बेटी संध्या मुझे खोजने गई तो बेहोशी हालत मे खून से लतपथ देखकर मेरे पति व पुत्री बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये जहाँ इलाज किया गया। शरीर के सभी हिस्सा मे गंभीर चोट लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया। वहीं थाना प्रभारी राजा दिलावर ने कहा की घटना को लेकर थाना मे आवेदन प्राप्त हुआ है। मामला दर्ज कर नियम संगत कार्रवाई किया जायेगा।



घायल महिला

## थानेदार के पहल टोटी बाजार मे गुम हुए मोबाइल को सौंपा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



थाना प्रभारी राजा दिलावर

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के टोटी पंचायत अंतर्गत इटके ग्राम निवासी बसंती कुमारी पति पंकज उराँव का टोटी बाजार मे सब्जी खरीदने के दौरान गुम हो गया था। काफी खोज बिन के बाद शिकायत बारियातू थाना मे दिनांक 18 मई को किया गया था। थाना प्रभारी राजा दिलावर के पहल पर आखिरकार गुम मोबाइल को खोज निकाल लिया गया। हालांकि मोबाइल को 19 जून को बसंती कुमारी को सौंपा दिया गया। ज्ञात हो की थाना प्रभारी राजा दिलावर के कार्य सकारात्मक कार्य को खूब सराहा जा रहा है। इसके पूर्व भी कई समस्याओं का समाधान वगैर परेशानी को आम जनो को कर देते हैं। मोबाइल मिलने के बाद थाना प्रभारी को धन्यवाद दिया।

## अभ्यास सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



शिविर में उपस्थित लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** मंडल कारा स्थित हॉल में आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक सह जिला समन्वयक मुकेश पाण्डेय एवं डॉ. उमेश कुमार के नेतृत्व में 100 से अधिक विचाराधीन कैदियों ने अंतर्राष्ट्रीय योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन में भाग लिया। शिविर में अंतर्राष्ट्रीय योगा प्रोटोकॉल के अभ्यास के तहत ताड़ासन, अर्धचक्रासन, अर्ध उष्ट्रआसन, पादहस्तासन, उत्तानमंडूकासन, वृक्षासन, त्रिकोणआसन, वज्रासन, अर्ध वक्रासन, भुजंगासन, शशांकासन, हलासन, सेतुबद्धआसन, शवासन, उत्तानपादासन, मकरासन आदि सहित कपालभांति, नाड़ी शोधन, भ्रामरी, शीतली आदि प्राणायामों एवं अंत में ध्यान का सिलसिलेवार अभ्यास कराया गया।

## मनिका प्रखंड में कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिवस



राहुल गांधी का जन्मदिन मनाते कांग्रेस के कार्यकर्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड में युवा कांग्रेस मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान के नेतृत्व में दिन बुधवार को कांग्रेस के कार्यकताओं के द्वारा राहुल गांधी का जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने राहुल गांधी के चित्र के समीप केक काटा और एक दूसरे को केक खिलाकर उनके जन्मदिन की बधाई दिया साथ ही सभी कार्यकताओं के बीच मिष्ठान वितरण कर राहुल गांधी के दीर्घ जीवन की कामना किया गया। मौके पर मिथिलेश पासवान ने कहा कि कांग्रेस के लोकप्रिय नेता राहुल गांधी का जन्म 19 जून 1970 में हुआ था आज हम लोग उनका 54 वां जन्मदिवस मना रहे हैं।

# उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का हुआ वितरण



साईकल वितरण करते अधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की योजना उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत बुधवार को बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कृत उच्च विद्यालय प्लस टू में कार्यक्रम का आयोजन कर आठवीं पास स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। इसके लिए बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के झाबर, बुनियादी विद्यालय बालूमाथ, शेरेगड़ा, आरा, चमातु, गनेशपुर, भैसादोंन, भगिया, मुरपा समेत कई विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बुलाया गया था। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव, प्रखंड शिक्षा प्रसाद पदाधिकारी निर्मला लता, प्रधानाचार्या रूबी बानो, बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम के द्वारा 250 छात्र-छात्रओ के बीच साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर जानकारी देते हुए जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि बालूमाथ में कुल 600छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया जाना है। जिसमें से 250 बच्चों के बीच आज सायकिल वितरण कर दिया गया। वहीं आयोजित कार्यक्रम में व्यवस्था का अभाव देखकर बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम भड़क उठे। उन्होंने विद्यालय और शिक्षा विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि कार्यक्रम को लेकर दूर-दराज 20 से 25 किलोमीटर दूर के छात्र-छात्राओं को बुलाया गया है। जिसके लिए ना तो टेंट की व्यवस्था की गई है और ना ही पानी की। जिस कारण बच्चे 42 डिग्री के इस चिल-चिल्लाती धूप में खड़े रहने को विवश है। अगर कोई घटना घट जाती है तो इसकी जवाब देही किसकी होगी। बाद में उन्होंने अपने निजी कोष से पानी की व्यवस्था कराया और इसकी शिकायत उपायुक्त से करने की बात कही।

## मनिका प्रखंड में 2054 छात्राओं के बीच किया गया साइकिल का वितरण

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के थाना के समीप स्थित बालिका मध्य विद्यालय परिसर में दिन बुधवार को साइकिल वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर प्रखंड क्षेत्र के विद्यालय से आठवीं कक्षा पास लगभग 2054 छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मनिका प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, पूर्वी जिला परिषद सदस्य संपतिया देवी, पश्चिमी जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव,प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, बीस सूत्री उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव, समेत कई लोग उपस्थित रहे। साथ ही सभी अतिथियों ने बारी-बारी से छात्राओं को साइकिल मुहैया करवाया। वहीं साइकिल मिलने से छात्राओं में काफी उत्साह का माहौल था। मौके पर रामजतन सिंह, तस्लीम अंसारी, विद्यालय के शिक्षक समेत कई लोग उपस्थित थे।



साइकिल वितरण समारोह में उपस्थित लोग

## कक्षा अष्टम के छात्र-छात्राओं को बीच साइकिल का वितरण

**लातेहार।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को कल्याण विभाग की ओर से प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण किया गया। साईकिल वितरण का शुभारंभ सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, बीडीओ मनोज तिवारी ने किया। साइकिल मिलने से बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई। बहुत सारे ऐसे बच्चे हैं जो दूर दराज से स्कूल पढ़ने आते हैं। वहीं गुणवत्तापूर्ण साइकिल नहीं मिलने से बच्चे नाराज दिखें। झारखंड साइकिल वितरण योजना के तहत कल्याण विभाग से मिले अपने साइकिल को लेकर साइकिल दुकान में जाकर फिर से बनवाते दिखे। वहीं छात्र-छात्राओं ने बताया कि साइकिल को बनवाने में 200 से लेकर 300 तक खर्च आ रहे हैं। गुणवत्ता पूर्ण तरीके से साइकिल मिलता तो हमें बनवाने के लिए पैसे नहीं लगाने पड़ते, जिन बच्चों के पास पैसा नहीं था। वह बच्चे पैदल ही साइकिल लेकर घर जा रहे थे।



साईकल वितरण करते अधिकारी

## अनियंत्रित कार पलटने से तीन घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय के समीप एक अनियंत्रित कार जेएच01ईएक्स5543 पलट गया। जिसमें सवार एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में खुशियाल साव 48वर्ष स्व विशुन साव एवं उसकी पत्नी सुनीता देवी 42 वर्ष बेटी रानी कुमारी 19वर्ष सभी ग्राम चमातु थाना बालूमाथ निवासी शामिल है। सभी अपने घर चमातु से बालूमाथ आ रहे थे। इसी दौरान प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय के समीप कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के मदद से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज हेतु सभी घायलों को रांची रिम्स रेफर कर दिया।



पलटा कार

## टेंपू और ट्रैक्टर की भिड़ंत मे एक रेफर, दो घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के गणपति पेट्रोल पंप के पास एनएच 39 पर मंगलवार की रात सतबरवा जा रहे टेंपो और सामने से आ रहे ट्रैक्टर मे हुई भिड़ंत मे तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगो की मदद से तीनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने एक की स्थिती गंभीर देखते हुए रिम्स रांची रेफर किया गया है। जबकि दो घायलों का प्राथमिक इलाज सदर अस्पताल मे लातेहार विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार की मौजूदगी मे किया गया। मौके पर कई लोग शामिल थे।

# नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है : पीएम मोदी

## नये परिसर का उद्घाटन कर बोले पीएम, पुस्तकें जल सकती हैं पर ज्ञान नहीं

एजेंसी



**पटना।** पीएम मोदी ने बुधवार को राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नये परिसर का उद्घाटन किया । उद्घाटन भाषण में मोदी ने कहा कि बिहार अपने गौरव को वापस लाने के लिए जिस तरह विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है, नालंदा का ये परिसर उसी की एक प्रेरणा है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा इस सत्य का उदघोष है कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जायें लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। इस मौके पर विदेश मंत्री एस जयशंकर और 17 देशों के राजदूत और बिहार के सीएम नीतीश कुमार, राज्यपाल विश्नाथ राजेंद्र अर्लेकर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और संसदीय कार्यमंत्री विजय चौधरी ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

इससे पहले सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि नालंदा विवि की पहचान ज्ञान के केंद्र के रूप में रही है। पुराने विश्वविद्यालय में करीब 10 हजार छात्र पढ़ते थे दो हजार शिक्षक पढ़ाते थे। देश ही नहीं दुनिया भर के लोग यहां आकर पढ़ाई करते थे। दुर्भाग्यवश विदेशी आक्रांताओं ने इसे नष्ट कर दिया। नीतीश ने कहा कि साल 2005 से हम लोगों को काम करने का मौका मिला और तब से हमने बिहार के विकास का काम शुरू किया। वर्ष 2006 में तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम बिहार आए थे। विधानमंडल में संबोधन के दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय को फिर से स्थापित करने की बात कही थी, जिसके बाद सरकार ने विश्वविद्यालय को फिर से स्थापित करने की पहल शुरू की। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार से हमने अनुरोध किया था लेकिन उस वक्त केंद्र में जो सरकार थी वह जल्दी कुछ सुन नहीं रही थी। इसके बाद राज्य सरकार ने इसको लेकर नया कानून बनाया। राज्य सरकार ने नालंदा विश्वविद्यालय के लिए 455 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया था। वर्ष 2008 में जब काम शुरू हुआ तो कलाम साहब उसे देखने के लिए फिर से आए थे। नीतीश ने कहा कि 2010 में हमारे अनुरोध पर नालंदा विश्वविद्यालय के लिए लोकसभा में बिल पारित किया गया। इसके बाद बिहार सरकार ने भूमि समेत अन्य चीजों को केंद्र सरकार को सौंप दिया था। 2014 से पढ़ाई शुरू हो गई। केंद्र में 2014 में एनडीए की सरकार बनी तो काम में और तेजी आई। वर्ष 2016 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने विश्वविद्यालय के भवनों का शिलान्यास किया था। इस मौके पर बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि नालंदा अपनी सांस्कृतिक और शैक्षिक धरोहर-विरासत है। अनेक वर्षों से इसपर ध्यान देने की आवश्यकता थी। इसको फिर एक बार उभार कर लाने की आवश्यकता थी। इसके प्रयास हमारे द्वारा किया जा रहा है।

### नालंदा विवि की कुछ खास बातें

- नया परिसर नालंदा के प्राचीन खंडहरों के पास है, जो नालंदा विवि अधिनियम 2010 द्वारा स्थापित एक विश्वविद्यालय है। अधिनियम ने 2007 में फिलीपींस में आयोजित दूसरे पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में किए गए विश्वविद्यालय की स्थापना के निर्णय को लागू किया।
- पांचवीं शताब्दी में स्थापित नालंदा विविअंतरराष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित करने वाला एक प्रसिद्ध शिक्षण केंद्र था। 12वीं शताब्दी में आक्रमणकारियों द्वारा इसे नष्ट करने से पहले यह 800 वर्षों तक फलता-फूलता रहा।
- समकालीन विवि ने 2014 में 14 छात्रों के प्रारंभिक समूह के साथ एक अस्थायी स्थल पर अपना संचालन शुरू किया और 2017 में निर्माण कार्य शुरू हुआ।
- भारत के अलावा कुल 17 देशों ने नालंदा विश्वविद्यालय को समर्थन देने के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। इन देशों में ब्रुनेई दारुस्सलाम, कंबोडिया, न्यूजीलैंड, पुर्तगाल, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भूटान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, लाओस, मॉरीशस, श्रीलंका, थाईलैंड, चीन, म्यांमार और वियतनाम शामिल हैं।
- विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय छात्रों को 137 छात्रवृत्तियां प्रदान करता है। इसमें छह स्कूल शामिल हैं- बौद्ध अध्ययन स्कूल, दर्शन और तुलनात्मक धर्म, ऐतिहासिक अध्ययन, पारिस्थितिकी और पर्यावरण अध्ययन और सतत विकास और प्रबंधन।
- शैक्षणिक वर्ष 2022-24, 2023-25 के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रमों और 2023-27 के लिए पीएचडी कार्यक्रम में नामांकित अंतरराष्ट्रीय छात्र अर्जेंटीना, बांग्लादेश, भूटान, कंबोडिया, घाना, इंडोनेशिया, केन्या, लाओस, लाइबेरिया, म्यांमार, मोजाम्बिक, नेपाल, नाइजीरिया, कांगो गणराज्य, दक्षिण सूडान, श्रीलंका, सर्बिया, सिएरा लियोन, थाईलैंड, तुर्की, युगांडा, यूएसए, वियतनाम और जिम्बाब्वे सहित विभिन्न देशों से आते हैं।
- परिसर में 40 कक्षाओं वाले दो शैक्षणिक ब्लॉक हैं, जिनकी संयुक्त बैठने की क्षमता लगभग 1,900 है। परिसर में दो सभागार भी हैं, जिनमें से प्रत्येक में 300 सीटें हैं। छात्रावास में 550 छात्र रह सकते हैं।

## स्पीड न्यूज

### दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का पूर्वाभ्यास शुरू



योग करते लोग।

**गढ़वा।** पतंजलि योग समिति गढ़वा के तत्वावधान में नगर भवन परिसर में बुधवार प्रातः 5:30 से 7:00 बजे तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल के अनुसार पूर्वाभ्यास प्रारंभ कर दिया गया। यह पूर्वाभ्यास गुरुवार की प्रातः में भी कराया जाएगा। ज्ञात हो कि 21 जून को दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस महोत्सव के रूप में संपूर्ण विश्व में मनाया जाने वाला है। इस योगाभ्यास में उद्घोषक की भूमिका का निर्वहन नीरज श्रीधर तथा योग शिक्षक की भूमिका सत्यनारायण दुबे, अंजलि शाश्वत, सुशील केशरी तथा बीसएसटी जिला प्रभारी नागेंद्र तिवारी निभायेंगे। इनके द्वारा मंच से प्रोटोकॉल के अंतर्गत आसन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। जिसका निरीक्षण पतंजलि योग समिति के राज्य सह प्रभारी रास बिहारी तिवारी के द्वारा किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दुनिया भर के लोगों को योग के प्रति जागरूकता लाना और योग के माध्यम से लोगों के शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा कर उनका सशक्तिकरण किया जाना है। मौके पर रामदास साहू, उपकार कुमार गुप्ता, श्रवण कुमार, गोपाल मिश्रा, मुरली मनोहर सिंह, राजेंद्र दुबे, सूर्यदेव दुबे, शिवनारायण यादव, उर्वशी शर्मा, संध्या केशरी, दिलीप शर्मा, अनुज केशरी, सुरेंद्र केशरी, विजय सोनी, गुप्तेश्वर सोनी, राम प्रवेश मेहता आदि लोग उपस्थित थे।

### सैकड़ों छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण



साइकिल के साथ छात्र छात्राएं।

**मझिआंव।** शिक्षा स्तर में बढ़ावा एवं सुधार लाने को लेकर सरकार के द्वारा अनेकों प्रयास किए जा रहे हैं। स्कूली छात्राओं को विद्यालय आने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसको लेकर कल्याण विभाग के द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित शिक्षा विभाग के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के स्कूलों में छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए शिक्षा विभाग के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विभा रानी कुजूर ने बताया कि पूरे प्रखंड क्षेत्र के आठवीं पास( अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं मुस्लिम समुदाय) के छात्र-छात्राओं के बीच 1200 साइकिल वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन फिलहाल 800 साइकिल उपलब्ध है। अभी तक एक सौ स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया जा चुका है। जिसमें उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय मझिआंव के आठवीं पास छात्र-छात्राओं, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बूढ़ी खाड़ के (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातीय, पिछड़ा वर्ग एवं मुस्लिम समुदाय के) छात्र-छात्राओं तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय अखौरी तहले के छात्रों के बीच साइकिल का वितरण किया जा चुका है। मौके पर जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## हत्या के शिकार मुखिया के परिजन से मिले मंत्री संतोष



**नवादा।** हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सरकार में मंत्री संतोष कुमार सुमन ने बुधवार को पकरिवरवां थाने के बुधौली के मुखिया पप्पू मकनझि के परिजन से मिल और उन्हें ढाढ़स बंधाया। उन्होंने परिजन को हत्याकांड में दोषियों पर कार्रवाई करने की बात कही। परिवार के लोगों ने पांचो अपराधियों के खिलाफ राष्ट्रीय अध्यक्ष को पूरी जानकारी दी। मंत्री ने पुलिस से मुलाकात कर पांचों गिरफ्तार अपराधियों से कड़ाई से पूछताछ करने की अपील की। 16 जून को पकरीबरावां प्रखंड के बुधौली गांव के मुखिया पप्पू मांझी को पांच अपराधियों ने सिर में गोली मार दी थी जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गयी थी। पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए जांच टीम का गठन कर हत्या करने वाले पांचो अपराधी को गिरफ्तार कर पुलिस ने इस मामले का उद्वेदन कर दिया। मंत्री संतोष मांझी ने कहा कि शीघ्र ही आईजी से मिलकर इस मामले की गहनता से जांच की मांग की जाएगी, ताकि इसमें शामिल और भी अपराधियों को गिरफ्तार किया जा सके।

## छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण



साइकिल वितरण करते।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रंका।** अनुमंडल मुख्यालय के राजकीयकृत उच्च विद्यालय परिसर में उन्नति का पहिया योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023 -24 में सरकारी विद्यालयों के कक्षा 8 में अध्यनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे, कल्याण पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी, सोनदाग पंचायत के मुखिया रीमा देवी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी सहित कई गणमान्यों ने साइकिल का वितरण किया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे ने कहा कि सरकार की मंशा है कि बच्चे कोसों दूर से विद्यालय में अध्ययन करने के लिए आते हैं, ऐसी स्थिति में दूरी के देखते हुए बहुत सारे छात्र विद्यालय तक नहीं पहुंच पाते हैं। इनके सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सरकार ने छात्र-छात्राओं को साइकिल प्रदान कर रही है ।ताकि बच्चों के पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। इस अवसर पर सोनदाग पंचायत के मुखिया रीमा देवी ने कहा कि पिछले कई वर्षों से बच्चों को साइकिल का पैसा उनके खाते में जाता था जिसके कारण बच्चों के माता-पिता बच्चों को साइकिल खरीद नहीं पाते थे और पैसे का उपयोग सही ढंग से नहीं हो पाता था। ऐसी स्थिति में छात्राएं साधन के अभाव में विद्यालय तक नहीं आ पाती थी। वह अब आसानी से विद्यालय तक पहुंच सकेंगे।

मौके पर संकुल साधन सेवी देवेंद्र नाथ उपाध्याय एवं सत्येंद्र कुमार कुशवाहा, विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय प्रसाद एवं नवीन कुमार तिवारी सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## लाभुकों ने डीलर पर लगाया राशन गबन करने का आरोप, किया हंगामा

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देते लाभुक।

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के खरसोता पंचायत स्थित बूढ़ीखांड़ गांव के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार राम लखन पहाड़िया पर लाभुकों ने दो से तीन माह का राशन गबन करने का आरोप लगाते हुए दुकान पर जमकर हंगामा किया। इधर इस संबंध में लाभुक सुनीता देवी, हंसराज चौधरी, करीमन चौधरी, जुड़ा देवी, पारसनाथ, रघुनंदन शाह, उदय प्रसाद, नंदू चौधरी, बुधन राम, शांति कुंवर, कविता देवी आदि लाभुकों ने बताया कि जन वितरण प्रणाली के दुकानदार राम लखन पहाड़िया हम सभी लाभूकों का 2 से 3 माह का राशन गबन कर दिया है। हम सभी को अपने भरोसे में लेकर मार्च 2024 से दो-चार दिन के अंदर अगला राशन दिया जाएगा बोलकर एडवांस पर्ची काटकर दे देता है। और जब लेने जाते हैं तो बोलता है कि अभी राशन का उठाव नहीं किए हैं अगले माह देंगे। अगले माह में राशन लेने जाने के बाद रोवाब वाले आवाज में धमकाते हुए कहता है कि ज्यादा हल्ला गुल्ला करोगे तो एक भी राशन नहीं दूंगा। और पौष मशीन से निकले पर्ची को छीन कर फाड़ देता है। साथ ही लाभुकों ने कहा कि इस दुकानदार के पास बूढ़ीखांड़ एवं खरसोता दो गांव के लाभुक है। बूढ़ीखांड़ गांव के लाभुकों को सही माप तौल के साथ समय पर राशन का वितरण कर देता है। लेकिन खरसोता गांव लगभग 400 लाभुकों के साथ सौतेला व्यवहार करते हुए जबरन परेशान करता है। विदित हो कि खरसोता गांव जन वितरण प्रणाली के दुकानदार जनेश्वर चौधरी को राशन गबन करने के आरोप में मई 2023 में निलंबित कर दिया गया था। उसके बाद खरसोता गांव के लगभग 400 लाभुकों को डीलर

राम लखन पहाड़िया के पास मर्ज कर दिया गया था। इस संबंध में बीडीओ सह प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी सतीश भगत ने कहा कि लाभुको के द्वारा आवेदन देने के बाद निश्चित रूप से डीलर के ऊपर कार्रवाई की जाएगी।

## साइकल सेल डे पर विद्यार्थियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच



जानकारी देते लोग।

**रमना।** बुधवार को राज्यकीय कृत उच्च विद्यालय रमना में साइकल सेल डे एनीमिया के रोकथाम और उपचार के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 75 विद्यार्थियों का साइकल सेल एनीमिया का जांच की गई। इस जांच में सभी का परिणाम नाकारात्मक पाया गया। इस जांच शिविर का संचालन आरबीएसके अनुमंडलीय अस्पताल नगर उंटारी उपाधीक्षक सुचित्रा कुमारी निर्देश किया गया। चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सक रामानुज प्रसाद ने सीएचओ अभिषेक सिंह तंवर, प्रियंकर प्रियम और एएनएम कल्पना कुमारी सिन्हा एवं बबीता कुमारी के साथ विद्यालय में उपस्थित कुल 75 विद्यार्थियों का साइकल सेल एनीमिया का जांच हुई जिसमें सभी विद्यार्थियों का जांच नेगेटिव आया। मौके पर चिकित्सक रामानुज प्रसाद ने बताया कि इस रोग के लक्षण बार बार बीमार होना, थकान, बुखार, जोड़ो में दर्द या सूजन तथा कमजोरी, रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाना, छाती में दर्द, सांस फूलना और पीठ में दर्द आदि का होना है। इस लक्ष्ण वालो को अधिक पानी का सेवन करना चाहिए और तेज धुप में नही निकलना चाहिए तथा चिकित्सक का परामर्श लेते रहे।

## हर घर नल जल योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितता

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देते ग्रामीण।

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत बनसानी पंचायत के जिरहुल्ला टोला में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल जल योजना निर्माण में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी एवं अनियमितता बरती गई है। उक्त योजना के संवेदक द्वारा तो बोरिंग कर जलमीनार तो खड़ा कर दिया गया है, लेकिन टोला के किसी घर में पाईप लाईन नहीं बिछाया गया है, जिस कारण उस टोले के लोगो के घरों में इस तपिश भरी प्रचंड गर्मी में जल की एक बूंद भी नसीब नहीं हो पा रही है। आलम यह है कि योजना के ठेकेदार द्वारा भोले भाले लोगो से उनके घरों में नल जल पहुंच जाने से संबंधित कागजात लेकर घरों में बिना कनेक्शन किए ही सरकारी राशि का दुरुपयोग कर लिया गया है। संवेदक द्वारा की गई भ्रष्टाचार को लेकर पंचायत के मुखिया पति राजेश्वर पासवान, उपमुखिया अवधेश यादव, ग्रामीण नीरज मेहता, आनंद मेहता, अजय मेहता, धर्मेंद्र ठाकुर, नीतीश, रविंद्र वैद्य, प्रणय मेहता, अखिलेश मेहता, राजकुमार ठाकुर, रामजन्म मेहता, जगत मेहता, मनोज मेहता, विशेश्वर यादव, अजीत यादव, सुरेश प्रजापति, रामकुमार मेहता आदि ने बताया कि जिरहुल्ला में नल जल योजना के तहत पांच जलमीनार लगा हुआ है, लेकिन ठेकेदार द्वारा सिर्फ जलमीनार खड़ा कर टोला के घरों में पाईप लाईन द्वारा बिना कनेक्शन किए ही छोड़ दिया गया है। ग्रामीणों की माने तो जलमीनार के लिए किया गया बोर भी मानक के अनुरूप नहीं कर कहीं 120 फीट तो कहीं 150 फीट ही कर उसमे सोलर जलमीनार फीट कर दिया गया है। इस संबंध में पंचायत के मुखिया लाईची देवी ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी नल जल योजना में संवेदक एवं पीएचडी विभाग की जेई द्वारा भारी भ्रष्टाचार किया गया है। ऐसे ही सरकारी राशि को लूटने नहीं देंगे। उन्होंने नल जल योजना में संवेदक द्वारा बरती गई, भ्रष्टाचार और अनियमितता की शिकायत गढ़वा उपायुक्त एवं संबंधित विभाग से करने की बात कही।

## खबर एक नजर में

### बालू लदे ट्रैक्टर जब्त



**डंडई।** डंडई थाना क्षेत्र के सोनेहारा गांव से डंडई पुलिस ने द बुधवार को बालू लदा एक ट्रैक्टर को जप्त किया है। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर सोनेहारा गाँव से गुजर रही थी। पेट्रोलिंग कर रही पुलिस ने ट्रैक्टर को जप्त कर थाने ले लाई। इसकी सूचना अंचलाधिकारी को दी गयी है। साथ ही उन्होंने बताया कि उक्त ट्रैक्टर के बारे में पूछताछ किये जाने पर ड्राइवर द्वारा बताया गया कि यह ट्रैक्टर भंडार निवासी सुदीप सिंह की है।

### राजद प्रत्याशी बीमा भारती ने किया नामांकन, रुपौली में त्रिकोणीय मुकाबला



**पूर्णिया।** पूर्णिया के रुपौली विधानसभा के लिए 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव के लिए राजद प्रत्याशी के तौर पर बीमा भारती ने बुधवार को अपना पर्चा दाखिल किया। बीमा भारती इससे पहले पांच बार रुपौली की विधायक रह चुकी हैं। विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद बीमा भारती ने राजद प्रत्याशी के तौर पर पूर्णिया से लोकसभा चुनाव लड़ा था। इस लोकसभा चुनाव में इन्हें शिकस्त मिली। इस बीच कयास लगाये जा रहे थे कि अवधेश मंडल चुनाव लड़ सकते हैं, परंतु बीमा भारती ने सामने आकर कहा कि मैं ही यहां से राजद के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ूंगी। उन्होंने दोपहर के लगभग ढाई बजे अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा रुपौली विधानसभा के लिए 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव के लिए मैंने राजद प्रत्याशी के तौर पर अपनी जनता के विश्वास पर नामांकन किया है। मैं पूरी ताकत के साथ एक बार फिर से मैं रुपौली विधानसभा से चुनाव जीतकर विधायक बनूंगी। यह तय है। रुपौली की जनता पहले की तरह ही अपना प्यार दे रही है। मैं लगातार इस क्षेत्र में काम किया है। इस बार चुनाव जीतने के बाद और भी मजबूती से अपने क्षेत्र की जनता के लिए विकास का काम करूंगी। रुपौली विधानसभा में अब तय हो गया है कि यहां काफी कड़ा मुकाबला होगा,क्योंकि निर्दलीय के रूप में यहां शंकर सिंह चुनाव लड़ रहे हैं तथा एनडीए के उम्मीदवार के रूप में कलाधर मंडल ने जदयू प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया है। बीमा भारती के भी नामांकन करने के बाद अब यह लड़ाई त्रिकोणीय हो गया है।

### रेल ट्रैक पर फंसा स्कूल बस, सामने से आ रही थी ट्रेन, टला बड़ा हादसा

**नवादा।** किउल-गया रेलखंड पर बुधवार को नवादा जिले के चातर हॉल्ट के पास मानव रहित क्रॉसिंग फाटक पर एक स्कूल बस फंस गई। उसी वक्त गया से किउल की ओर जा रही मेमू ट्रेन पहुंच गई। ग्रामीणों के प्रयास और ट्रेन चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। बस से कुछ ही दूरी पर ट्रेन रूक गई। घटना के वक्त में बस पर कोई भी छात्र सवार नहीं थे। बताया जाता है कि ज्ञान भारती स्कूल की बस चातर हॉल्ट के पास स्थित मानव रहित क्रॉसिंग से गुजर रही थी। रेल ट्रैक पार करने के दौरान बस का पिछला पहिया फंस गया। चालक के तमाम प्रसास के बाद भी बस रेल ट्रैक को पार नहीं कर पाया। इसी दौरान गया कि ओर से मेमू ट्रेन आ रही थी। आसपास रहे लोगों ने स्थिति को भांपकर ट्रेन के चालक को रोकने का इशारा किया। चालक ने भी सूझबूझ का परिचय देते हुए ट्रेन को रोक दिया। इस कारण बड़ा हादसा टल गया। बाद में ग्रामीणों ने धक्का देकर बस को रेल ट्रैक से पार किया। रेल ट्रैक से बस को हटाने में ट्रेन पर सवार यात्रियों ने भी सहयोग किया। बस हटने के बाद ट्रेन नवादा की ओर रवाना हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने मोबाइल में वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। बता दें कि किउल-गया रेलखंड के दोहरीकरण का काम चल रहा है। नवादा से तिलैया जंक्शन के बीच करीब 15 किलोमीटर का काम होना शेष रह गया है। इस रेलखंड पर कई मानव रहित समपार फाटक है। जिसको पार करने के दौरान छोटी-बड़ी वाहन फंसती रहती है और दुर्घटनाएं भी होती रहती है। चातर हॉल्ट के समीप कई वाक्या पूर्व में भी हो चुका है। फिर भी समस्या का स्थाई समाधान रेलवे द्वारा नहीं किया जा रहा है।

### चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत कर्मियों के परिजनों को दी गई अनुग्रह राशि

**पूर्वी चंपारण।** लोकसभा चुनाव 2024 में चुनाव ड्यूटी में तैनात उत्क्रमित मध्य विद्यालय अहिरटोली के प्रधानाध्यापक जुगल किशोर हाजरा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमावा, ढाका के सहायक शिक्षक कन्हैया प्रसाद केशव के आश्रितों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में अनुग्रह राशि का प्राधिकार पत्र प्रदान किया। मौके पर उपस्थित उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त गाईड लाईन के अनुसार एवं विभागीय स्वीकृति के आलोक में चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत कर्मियो को 15-15 लाख रुपए का अनुग्रह अनुदान प्रदान किया गया।

## पेज एक का शेष

### अमन साहू के ठिकानों पर एनआइए रेड

एनआइए रांची ब्रांच के अफसरों ने छह घंटे तक उसके बुढ़मू स्थित पैतृक घर के साथ-साथ बुकरू और हजारीबाग के गिद्दी थाना क्षेत्र में रेड मारा। टीम अमन साहू के पैतृक घर पर सुबह पांच बजे ही पुंच गयी थी। रांची के बुढ़मू और बुकरू में दो ठिकानों पर जांच की। हजारीबाग के गिद्दी थाना क्षेत्र में भी एजेंसी ने कार्रवाई की। रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के मतवे गांव में एनआईए की टीम ने उसके घर में कागजात खंगाले। छापामारी के दौरान हर जगह सुरक्षा कड़ी थी।

**लॉरेंस विश्नोई से भी है संपर्क :** जेल से ही आपराधिक गैंग चलानेवाले अमन साहू का पैतृक गांव मतवे है। उस पर कई गंभीर आरोप हैं। जेल से ही वह अपने गिरोह के साथियों व्यापारियों को धमकी दिलवाता है। जेल से वह अपने सल्तनत चला रहा है। हाल के दिनों में विभिन्न तरह की आपराधि गतिविधियों की वजह से वह एनआइए के रडार पर था। एटीएस की जांच में अमन साहू का संबंध कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से भी साबित हो चुका है। लॉरेंस बिश्नोई के साथ मिलकर अमन साहू गिरोह भारत के अलग-अलग शहरों में अपनी पकड़ बनाने की कोशिश कर रहा है। अमन साहू के गुर्गे झारखंड के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों बंगाल और छत्तीसगढ़ में भी सक्रिय हैं।

### धान समेत 14 फसलों का बढ़ा एमएसपी

**वाराणसी एयरपोर्ट :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कैबिनेट ने 2,870 करोड़ रुपए की लागत से लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, वाराणसी के विस्तार को मंजूरी दे दी है। प्रस्ताव में रनवे का विस्तार और एक नया टर्मिनल भवन बनाना शामिल है। इसे न्यूनतम ऊर्जा खपत के लिए हरित हवाई अड्डा बनाया जायेगा। भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण (एएआई) के प्रस्ताव का उद्देश्य हवाई अड्डे की यात्री संचालन क्षमता को मौजूदा 39 लाख यात्री प्रति वर्ष से बढ़ाकर 99 लाख यात्री यात्री प्रति वर्ष करना है।

### बारिश से मिली राहत

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार झारखंड में मानसून के प्रवेश के संकेत मिलने लगे हैं। कई हिस्सों में काले बादल छा गये हैं और प्री मानसून बारिश भी शुरू हो गयी है। इस वजह से राज्य के आधे से अधिक जिलों का तापमान 40 डिग्री सेसि से नीचे चला गया है। बुधवार को राजधानी रांची में मौसम का मिजाज बदला और झमाझम बारिश हुई। पिछले 24 घंटे में लातेहार में 24 मिमी, जबकि खूंटी में करीब 14 मिमी के आसपास बारिश हुई। धनबाद में करीब 65 मिमी की बारिश दर्ज की गयी है। राजधानी में भी बुधवार को कई स्थानों पर दो मिमी तक बारिश हुई। 25 जून तक राज्य के करीब-करीब सभी जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी।

स्पीड न्यूज

## असम में भूस्खलन से चार बच्चों सहित पांच लोगों की मौत

**करीमगंज (असम)।** करीमगंज जिले के बदरपुर थाना अंतर्गत एंगलरबाजार बेंडरगुल गांव में मंगलवार की मध्य रात भूस्खलन से एक ही परिवार की महिला और चार बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। घटना के वक्त अब्दुल करीम दूसरे कमरे में सो रहा था। तेज आवाज सुनकर उसकी नींद खुली और गांव के लोग एकत्र हो गए। इस बीच मस्जिद के इमाम ने माइक पर घटना की घोषणा की और सभी को मदद के लिए बुलाया। घटना की खबर मिलते ही बुधवार सुबह करीब दो बजे बदरपुर पुलिस आपदाग्रस्त गांव में पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। मलबे से अब्दुल करीम की पत्नी, तीन बेटियां और पुत्र के शवों को मिट्टी के ढेर से निकाला गया।

## मुंबई को दहलाने की धमकी, चौकसी बढ़ी

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई को दहलाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने संवेदनशील स्थानों पर चौकसी बढ़ा दी है। मुंबई नगर निगम मुख्यालय सहित महानगर के प्रमुख स्थलों में बम विस्फोट करने की धमकी दी गई। पिछले दो दिनों से एक ही ई-मेल से यह धमकी दी जा रही है। इस संबंध में आजाद मैदान पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया है और उसकी तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम दक्षिण मुंबई में स्थित मुंबई नगर निगम के मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी का ई-मेल संदेश भेजा गया। पुलिस ने मंगलवार देररात तक मुख्यालय का चप्पा-चप्पा छाना।

## बिहार का शूटर मोनू नेपाल में गिरफ्तार

**काठमांडू।** बिहार में कुख्यात बाबा गैंग का मोस्ट वांटेड शूटर मोनू जायसवाल नेपाल पुलिस के हत्थे चढ़ गया। शूटर जायसवाल को रौतहट पुलिस ने मंगलवार रात सीमावर्ती क्षेत्र से गिरफ्तार किया। नेपाल पुलिस को भी इसकी तलाश थी। रौतहट के डीएसपी एलिजा गिरी ने बताया कि मोनू जायसवाल को बिहार के बैरगनियां से नेपाल की सीमा में घुसते समय गिरफ्तार किया गया। जायसवाल बिहार के घोडासहन का रहने वाला है। चम्पारण और सीतामढ़ी जिले में उसके नाम का आतंक है।

## नमस्ते समिट इंडिया के कमान संभालेंगे सांपला

**नयी दिल्ली।** विश्व के कई देशों में भारत की उपस्थिति को लेकर नमस्ते समिट इंडिया ट्रस्ट एक अभियान की शुरूआत करने जा रहा है। इसकी कमान पूर्व केंद्रीयमंत्री एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष विजय सांपला संभालेंगे। सांपला पंजाब भाजपा के पूर्व अध्यक्ष भी रहे हैं। यह जानकारी समिट इंडिया के अध्यक्ष और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू ने विज्ञप्ति में दी। संगठन के महामंत्री महेश वर्मा ने कहा है कि इसकी शुरूआत नेपाल से नमस्ते नेपाल के आयोजन के साथ होगी। इसका मकसद दुनियाभर में रहने वाले भारत के लोगों के बीच भारतीय संस्कृति और सभ्यता को प्रमोट करना है।

## स्पाइस जेट की फ्लाइट में एक घंटे बंद रहा एसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली से दरभंगा जा रही स्पाइस जेट की फ्लाइट में करीब एक घंटे तक एसी बंद होने की वजह से यात्री बेहाल रहे। किसी तकनीकी खामी की वजह से एसी बंद हो गया था। फ्लाइट के अंदर का वीडियो सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि कैसे लोग अपने आपको भीषण गर्मी के कहर से बचाने के लिए जतन कर रहे हैं। कोई अपने कपड़े से ही खुद पर हवा के झोंके मार रहा है, तो कोई किताब से तो कोई मैगजीन से खुद को ठंडक पहुंचाने की कोशिश में लगा है। कई यात्री कर्मचारियों से यह पूछते भी दिख रहे हैं कि कब तक एसी चालू कर दिया जाएगा। लेकिन, कोई भी कर्मचारी इस पर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया।

# मक्का में पारा 51.8 डिग्री पहुंचा, अब तक 577 जायरीनों की मौत

## सऊदी अरब में भीषण गर्मी का कहर, दो हजार से अधिक बीमार

▶▶ जलवायु परिवर्तन : हर 10 साल में 0.4 डिग्री सेल्सियस बढ़ रहा है औसत तापमान



एजेंसी

**रियाद।** सऊदी अरब के मक्का में हज के लिए पहुंचे जायरीनों पर गर्मी कहर बरपा रही है। 12 जून से 19 जून तक चलने वाली हज यात्रा में अब तक 577 जायरीनों की मौत हो चुकी है। इसकी वजह सऊदी अरब में पड़ रही भीषण गर्मी बताई गई है। द गार्जियन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, मरने वाले जायरीनों में 323 मिस्र और 60 जॉर्डन के हैं। इसके अलावा ईरान, इंडोनेशिया और सेनेगल के जायरीनों की भी मौत हुई है। मिस्र के विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा था कि वे सऊदी के अधिकारियों के साथ मिलकर लापता लोगों को खोजने के लिए अभियान चला रहे हैं। सऊदी अरब ने कहा है कि गर्मी की वजह से बीमार करीब दो हजार तीर्थयात्रियों का इलाज किया जा रहा है। द गार्जियन के अनुसार, 17 जून को मक्का की ग्रैंड मस्जिद में तापमान 51.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सऊदी अरब के अधिकारियों के मुताबिक, मक्का में जलवायु परिवर्तन का गहरा असर हो रहा है। यहां हर 10 साल में औसत तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस बढ़ रहा है। इससे पहले पिछले साल हज पर गए 240 जायरीनों की मौत हुई थी। इनमें से ज्यादातर इंडोनेशिया के थे। सऊदी ने सभी यात्रियों को छाते इस्तेमाल करने की सलाह दी है। इसके अलावा उन्हें लगातार पानी पीने और धूप से बचने के लिए कहा जा रहा है। इस साल करीब 18 लाख तीर्थयात्री हज के लिए पहुंचे हैं। इनमें से 16 लाख लोग दूसरे देशों के हैं।

# अमेरिका में 45 डिग्री पहुंचा पारा

▶▶ भीषण गर्मी ने तोड़ा 67 सालों का रिकॉर्ड, करोड़ों लोगों के लिए स्वास्थ्य अलर्ट जारी



एजेंसी

**फीनिक्स।** भारत में पिछले दो महीने से भीषण गर्मी का असर अब सात समंदर पार भी होने लगा है। इसी कड़ी में बेहद ठंडा देश माना जाने वाला अमेरिका भी गर्मी की चपेट में हैं, वही हीट वेब का असर अमेरिका में होने के कारण मंगलवार को करोड़ों लोगों के लिए हेल्थ अलर्ट एडवाइजरी जारी किया गया है। फिनिक्स में पारा 45 डिग्री पहुंच गया है, वहीं गर्मी के मौसम के शुरूआती हफ्ते में ही शिकागो समेत कई शहरों में गर्मी के रिकॉर्ड बन रहे हैं। फीनिक्स में शनिवार को तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मध्य-पश्चिम के राज्यों में सोमवार को भीषण गर्मी पड़नी शुरू हो गई है, जिसे राष्ट्रीय मौसम सेवा ने खतरनाक और लंबी अवधि की गर्मी की लहर कहा है। इसके कम से कम शुक्रवार तक आयोवा से मेन तक फैलने की आशंका है। शिकागो ने सोमवार को 36.1 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ 1957 का रिकॉर्ड तोड़ दिया। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा है कि शिकागो में गर्म और उमस भरे मौसम के जारी रहने का अनुमान है, यह इस सप्ताह में 37.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। अमेरिका ने पिछले वर्ष भी 1936 के बाद रिकॉर्ड दो दिन तक असामान्य गर्म मौसम का सामना किया था। फीनिक्स में स्थिति सबसे खतरनाक रही थी, जहां गर्मी से संबंधित कारणों से 645 लोगों की मौत हो गई थी, जो एक रिकॉर्ड था। अधिकारियों ने लोगों को सतर्क रहने को कहा है।

## ओडिशा विधानसभा में नेता विपक्ष होंगे नवीन पटनायक



**नयी दिल्ली।** ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक नई विधानसभा में नेता विपक्ष होंगे। उन्हें बुधवार को विधायक दल की बैठक में नेता और विपक्ष का नेता चुना गया। वहीं प्रसन्ना आचार्य विधानसभा में पार्टी के उप नेता होंगे। विधायकों के साथ बैठक के बाद नवीन पटनायक ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नव निर्वाचित बीजू जनता दल के विधायकों की बैठक हुई है। इसमें उन्हें विपक्ष का नेता और विधानसभा में पार्टी का नेता चुना गया है। उन्होंने बताया कि एक नया पद होगा, जिसमें प्रसन्ना आचार्य विधानसभा में पार्टी के उप नेता होंगे। इसके अलावा प्रमिला मल्लिक मुख्य सचेतक और प्रताप केशरी देब उप मुख्य सचेतक बनाए गए हैं।

# 5 लाख आप्रवासियों को मिल सकती है अमेरिकी नागरिकता

## राष्ट्रपति चुनाव से पहले बाइडेन कर सकते है एलान

▶▶ ग्रीन कार्ड आवेदन करने के लिए तीन वर्ष का होगा समय



एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन चुनावी वर्ष में बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं, जिससे अमेरिका में बिना किसी वैध स्थिति के रह रहे लाखों आप्रवासियों को राहत मिलने के साथ अमेरिकी नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो सकता है। बाइडन के इस कदम को महीने की शुरूआत में सीमा पर उनके द्वारा अपनायी गई आक्रामक नीति को संतुलित करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस ने मंगलवार को घोषणा की कि बाइडन प्रशासन आने वाले महीनों में कानूनी स्थिति के बिना रह रहे अमेरिकी नागरिकों के कुछ जीवन साथियों को स्थायी निवास और अंततः नागरिकता के लिए आवेदन करने की अनुमति देगा। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, इस कदम से पांच लाख से अधिक आप्रवासी लाभान्वित हो सकते हैं। नागरिकता प्राप्त करने के लिए, एक आप्रवासी सोमवार को पूरी हुई अवधि तक कम से कम 10 वर्षों से अमेरिका में रह रहा हो तथा उसका किसी अमेरिकी नागरिक से विवाह होना चाहिए। यदि किसी अर्हता प्राप्त अप्रवासी का आवेदन स्वीकृत हो जाता है, तो उसके पास ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन करने के लिए तीन वर्ष का समय होगा, तथा उसे अस्थायी कार्य परमिट प्राप्त होगा और इस बीच उसे निर्वासन से सुरक्षा मिलेगी। नाम न बताने की शर्त पर प्रस्ताव के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देने वाले वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, लगभग 50,000 गैर-नागरिक बच्चे, जिनके माता-पिता में से एक अमेरिकी नागरिक हैं, भी संभावित रूप से इसी प्रक्रिया के लिए पात्र हो सकते हैं। इस बात की कोई आवश्यकता नहीं है कि दंपति को कितने समय तक विवाहित रहना चाहिए, और सोमवार के बाद कोई भी पात्र नहीं होगा। अधिकारियों के अनुसार, इसका मतलब यह है कि 17 जून 2024 के बाद किसी भी समय 10 साल की अवधि तक पहुंचने वाले आप्रवासी इस कार्यक्रम के लिए पात्र नहीं होंगे। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि उनका अनुमान है कि गर्मियों के अंत तक आवेदन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, तथा आवेदन शुल्क अभी निर्धारित नहीं किया गया है। इस कदम से उन लगभग 11 लाख लोगों में से कई लोग अंततः अमेरिकी नागरिक बन जाएंगे, जिन्होंने अमेरिकी नागरिकों से विवाह किया है।

## पूर्व सीएम बंसी लाल की बहू भाजपा में शामिल



**नयी दिल्ली।** हरियाणा कांग्रेस की पूर्व नेता किरण चौधरी और उनकी बेटी श्रुति चौधरी अपने समर्थकों के साथ बुधवार को नई दिल्ली में बीजेपी मुख्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में बीजेपी में शामिल हो गईं। किरण चौधरी हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री बंसी लाल की बहू और भिवानी जिले के तोशाम से मौजूदा विधायक हैं। उनकी बेटी श्रुति चौधरी भी कांग्रेस की हरियाणा इकाई की कार्यकारी अध्यक्ष थीं। किरण चौधरी और श्रुति चौधरी दोनों ने मंगलवार को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने इशारों में ये आरोप लगाया था कि हरियाणा में पार्टी की राज्य इकाई को व्यक्तिगत जागीर के रूप में चलाया जा रहा था।

# कांग्रेस का नीट के खिलाफ प्रदर्शन कल

कई शिकायतों को दूर करने की तत्काल जरूरत है : वेणुगोपाल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में कथित अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस छात्रों के लिए न्याय की मांग करते हुए शुक्रवार को सभी राज्य मुख्यालयों में विरोध प्रदर्शन करेगी।

सभी राज्य इकाई प्रमुखों, कांग्रेस विधायक दल के नेताओं, राज्य प्रभारियों, महासचिवों और अन्य शीर्ष पदाधिकारियों को लिखे पत्र में, कांग्रेस महासचिव, प्रभारी संगठन, केसी वेणुगोपाल ने कहा कि नीट-यूजी 2024 आचरण और परिणाम के आसपास की कई शिकायतों और चिंताओं को दूर करने की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, एनटीए ने 4 जून को एनईईटी-यूजी 2024 के परिणाम जारी किए थे। कुछ उम्मीदवारों के बढ़े हुए अंकों के बाद अनियमितताओं और पेपर लीक के आरोपों के कारण परिणाम खराब हो गए हैं। वेणुगोपाल ने कहा कि बढ़े हुए अंकों और अनियमितताओं को लेकर काफी चिंताएं हैं और कार्यप्रणाली का खुलासा किए बिना अनुग्रह अंक देना संदेह पैदा करता है। उन्होंने कहा कि परीक्षा कुछ परीक्षा केंद्रों में तकनीकी गड़बड़ियों, कदाचार और अनुचित साधनों से प्रभावित हुई है।

बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुई गिरफ्तारियों से संगठित भ्रष्टाचार स्पष्ट है, जिससे भाजपा शासित राज्यों में कदाचार के पैटर्न का पता चलता है। वेणुगोपाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी इन आरोपों की गंभीरता पर प्रकाश डाला है और लापरवाही के प्रति जीरो टॉलरेंस की मांग की है।

# प्रधानमंत्री आज जायेंगे कश्मीर कल योग दिवस में होंगे शामिल

▶▶ तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे



नयी दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में शामिल होने के लिए गुरुवार को जम्मू-कश्मीर की दो दिन की यात्रा पर जायेंगे, जहां वह तीन हजार करोड़ रुपए से भी अधिक लागत की 80 से भी अधिक विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार श्री मोदी गुरूवार शाम श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में ह्युवा सशक्तिकरण, जम्मू कश्मीर में बदलाव कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह जम्मू-कश्मीर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे तथा कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता सुधार परियोजना का भी शुभारंभ करेंगे। मोदी शुक्रवार सुबह श्रीनगर में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वह इस अवसर पर लोगों को संबोधित करेंगे और उसके बाद योग सत्र में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री केन्द्र शासित प्रदेश में 1500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 84 प्रमुख विकासात्मक परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इनमें सड़क बुनियादी ढांचे, जल आपूर्ति योजनाओं और उच्च शिक्षा में बुनियादी ढांचे आदि से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं।



राहुल गांधी ने 54वें जन्मदिन के अवसर पर दिल्ली में काटा केक। साथ में प्रियंका गांधी व अन्य।

## प्रियंका ने राहुल को पथप्रदर्शक बताते हुए जन्मदिन की दी बधाई

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने भाई एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को दार्शनिक तथा तर्कशील नेता बताते हुए उन्हें अपना मार्ग दर्शन बताया और शुभकामनाएं दी कि यह राजनीतिक के क्षितिज पर सितारे की तरह चमकते रहे। वाड्रा ने कहा कि मेरे प्यारे भाई को जन्मदिन की शुभकामनाएं, जिनकी जीवटता अद्वितीय है। दृष्टिकोण ऐसा है जो सबके पथ को रोशन करता है। मेरे हमेशा के दोस्त, मेरे सहयात्री, तर्कशील मार्गदर्शक, दार्शनिक और नेता। चमकते रहो, तुम्हें सबसे ज्यादा प्यार।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी राहुल को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि संविधान के मूल्यों के प्रति आपकी अटूट प्रतिबद्धता और लाखों अनसुनी आवाजों के प्रति आपकी सशक्त करुणा, ऐसे गुण हैं जो आपको सबसे अलग बनाते हैं। कांग्रेस का विविधता में एकता, सद्भाव और करुणा का लोकाचार आपके सभी कार्यों में दिखाई देता है।

## बारामूला में मुठभेड़ दो आतंकी ढेर, दो सुरक्षाकर्मी घायल

बारामूला। बारामूला जिले के सोपोर में बुधवार को हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं जबकि दो सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गए हैं। सोपोर के हादीपोरा के लाइसर इलाके में बुधवार सुबह आतंकियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिलने के बाद पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। दोपहर बाद क्षेत्र में छिपे आतंकियों ने सुरक्षाबलों को पास आते देखकर गोलीबारी की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो हुई। इस दौरान सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है। गोलीबारी के दौरान एक पुलिसकर्मी और एक सेना का जवान घायल हो गए हैं। घायल जवानों को अस्पताल ले जाया गया है, जहां डॉक्टरों ने कहा है कि उनकी हालत स्थिर है। क्षेत्र में अभियान फिलहाल जारी है।

# सोनाक्षी और जहीर की हल्दी सेरेमनी आज

▶▶ रस्म सोनाक्षी सिन्हा के बांद्रा स्थित घर पर होगी, समारोह में 50 लोग होंगे शामिल

▶▶ 23 जून को लेंगी सात फेरे



मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी शादी को लेकर सुर्खियों में हैं। सोनाक्षी जल्द ही अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ शादी के बंधन में बंध जाएंगी। शादी से पहले सोनाक्षी ने अपनी गर्ल गैंग के साथ बैचलरेट पार्टी रखी। सोनाक्षी ने कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। बताया जा रहा है कि ये तस्वीरें उनकी बैचलर पार्टी की हैं। इन तस्वीरों में सोनाक्षी सिन्हा बॉलीवुड एक्ट्रेस और सोनाक्षी की दोस्त हुमा कुरैशी और जहीर इकबाल की बहन सनम के साथ नजर आईं। सोनाक्षी सिन्हा के घर पर शादी समारोह की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की हल्दी सेरेमनी 20 जून को होगी। सोनाक्षी की हल्दी की रस्म उनके बांद्रा स्थित आवास पर होगी। यह घर सोनाक्षी ने हाल ही में खरीदा है। समारोह में करीबी दोस्त और परिवार के लोग शामिल होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, समारोह में 50 से भी कम लोग शामिल होंगे।

सोनाक्षी और जहीर की शादी में करीबी दोस्त और परिवार के लोग शामिल होंगे। सूत्रों ने बताया कि सोनाक्षी ने अपने हल्दी समारोह सजावट के बारे में योजनाकार के साथ कुछ विचार शेयर किए। सोनाक्षी की हल्दी सामान्य पीली और गुलाबी थीम पर आधारित नहीं होगी। सोनाक्षी मुख्यधारा की साज-सजावट से बचना चाहती हैं। तो एक बार फिर से सोनाक्षी हमेशा की तरह कुछ क्रेजी करती नजर आएंगी। फैंस उनकी तस्वीरों के लिए बेताब रहते हैं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल 23 जून को शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। शादी से पहले कई बार ऐसी खबरें आई थीं कि सोनाक्षी का परिवार उनकी शादी से खुश नहीं है। शादी के दिन सोनाक्षी और जहीर इकबाल मुंबई में शिल्पा शेट्टी के रेस्टोरेंट में पार्टी देंगे। इस पार्टी में बॉलीवुड के कई बड़े चेहरे शामिल होंगे। सोनाक्षी की पार्टी में रैपर हनी सिंह, बॉलीवुड एक्ट्रेस पूनम ढिल्लन, संजय लीला भंसाली आदि मौजूद रहेंगे।

## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को शराब घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ा दी। जज न्याय बिंदु ने यह आदेश पारित किया। विशेष जज कावेरी बावेजा ने हाल ही में केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। केजरीवाल ने मेडिकल ग्राउंड पर सात दिन की अंतरिम जमानत मांगी थी। जज बिंदु की कोर्ट में केजरीवाल की उस अर्जी पर भी सुनवाई हो रही है, जिसमें उन्होंने जेल अधिकारियों से उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मेडिकल जांच में शामिल होने की अनुमति मांगी थी। इससे पहले, उनकी अंतरिम जमानत खारिज करते हुए अदालत ने संकेत दिया था कि सीएम केजरीवाल के लिए मेडिकल जांच के निर्देश जारी किए गए थे।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !